दैनिक **नव प्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 21 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 172 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की खुद की कुर्सी खतरे में है। उनके देश में ही उनका विरोध तेज हो गया है। जी-20 के शिखर सम्मेलन में भी उन्हें विश्व के नेताओं ने कोई भाव नहीं दिया था। भारत ने दो टूक शब्दों में उन्हें चेतावनी दी थी। अब कनाडा के प्रधानमंत्री ने एक हत्या की साजिश में भारत के राजनयीक का हाथ होने का झूठा आरोप लगाकार उन्हें निष्काषित कर अपनी खीज निकाली है। भारत ने भी उनके राजनयीक को हकाल कर ईंट का जवाब पत्थर से दिया है। बेहतर होता कि पाकिस्तान के अंजाम से कनाडा सबक लेता।

लोस में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा

सोनिया बोलीं- सबसे पहले बिल राजीव लेकर आए

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के विशेष सत्र का बुधवार को तीसरा दिन था। लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पर सुबह 11 बजे से डिबेट देर शाम तक चली। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सदन को बिल के बारे में बताया। उनके बाद कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने 10 मिनट तक अपनी बात कही। सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बिल को तुरंत अमल में लाएं, सपा-एनसीपी की ओबीसी महिलाओं को भी आरक्षण की मांग सोनिया ने कहा, 'कांग्रेस की मांग है कि बिल को फौरन अमल में लाया जाए। सरकार को इसे परिसीमन तक नहीं रोकना चाहिए। इससे पहले जातिगत जनगणना कराकर इस बिल में एसटी-एससी और ओबीसी महिलाओं के लिए

आरक्षण की व्यवस्था की जाए।'

मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग : चर्चा के दौरान टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने मुस्लिम महिलाओं को भी आरक्षण देने की मांग की। इस पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महुआ मोइत्रा का नाम लिए बगैर कहा- मुस्लिम आरक्षण मांगने वालों को मैं बताना चाहती हूं कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण वर्जित है। जिस प्रकार से विपक्ष भ्रमित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल बोले- बिल में ओबीसी आरक्षण होना चाहिए

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं महिला आरक्षण बिल के समर्थन में हूं, लेकिन ये अधूरा है। जब सांसदों को पुरानी संसद से नई संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था। हमारे इंस्टीट्यूशंस में ओबीसी की भागीदारी कितनी है, मैंने इसकी रिसर्च की। सरकार चलाने वाले जो 90 सेक्रेटरी हैं, उनमें से तीन सिर्फ 3 ही ओबीसी से हैं। इसे जल्दी से जल्दी बदलिए। ये ओबीसी समाज का अपमान हैं। राहुल के बोलने के दौरान सांसदों ने हंगामा किया तो वे बोले- डरो नहीं। देश की आजादी की लड़ाई महिलाओं ने भी लड़ी थी। महिला आरक्षण बिल पर बिल्कुल भी देरी नहीं करना चाहिए और इसे आज से ही लागू कर देना चाहिए।

देश में बाढ़ आ रही, स्पेशल सेशन क्यों बुलाया

एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व भाजपा प्रमुख ने मुझसे टीवी पर कहा था कि सुप्रिया सुले तुम घर जाओ, खाना बनाओ। देश कोई और चला लेगा। भाजपा इस पर जवाब दे। उन्होंने कहा कि जनगणना और परिसीमन होने तक महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जा सकता। फिर इसके लिए स्पेशल सेशन क्यों बुलाया गया। इसे विंटर सेशन में भी पास कर सकते थे। देश के कई हिस्सों में बाढ़ आ रही है, इस समय सेशन बुलाने की क्या जरूरत है।

बृजभूषण सिंह पर एक्शन क्यों नहीं

टीएमसी सांसद काकोली घोष ने कहा, 'देश में सिर्फ पश्चिम बंगाल में महिला सीएम है, भाजपा की 16 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य में महिला सीएम नहीं है। देश के लिए मेडल जीतने वाली महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट किया गया। आरोपी बृजभूषण सिंह आज संसद में बैठे हैं। भाजपा उनके खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लेती।' उधर, जेडीयू के सांसद ललन सिंह ने कहा कि ये 2024 का चुनावी जुमला है। इंडिया गठबंधन से सरकार घबरा गई और ये बिल लेकर आई। इनकी मंशा सही होती तो 2021 में जनगणना शुरू करवा दी होती। इससे अब तक जनगणना पूरी हो जाती और महिला आरक्षण 2024 से पहले लागू हो जाता।

आज भिलाई में प्रियंका, महिला सम्मेलन को करेंगी संबोधित

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय नेताओं का लगातार दौरा चल रहा है। इसी सिलसिले में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज 21 सितंबर गुरुवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर भिलाई आ रही हैं। वे जयंती स्टेडियम में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन को संबोधित करेंगी। इस सम्मेलन में करीब 1,50,000 से ज्यादा महिलाओं के शामिल होने की

संभावना है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी होने से पहले ही प्रियंका गांधी भिलाई के सम्मेलन में महिला मतदाताओं के लिए कोई बड़ा ऐलान कर सकती हैं। महिला समृद्ध सम्मेलन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। प्रियंका गांधी के दौरे को इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि भाजपा लगातार सरकार को शराबबंदी और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध को लेकर घेरने में लगी है। ऐसे में भिलाई में प्रियंका गांधी की रैली से महिला मतदाताओं के बीच कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की जाएगी।

एनसीपी के दोनों गुट बोले- पार्टी में कोई फूट नहीं

मुंबई (एजेंसी)। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नाम और सिंबल को लेकर विवाद के बीच शरद पवार और अजित पवार गुट ने एक बार फिर दावा किया है कि उनकी पार्टी के अंदर कोई फूट नहीं है। शरद गुट के एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने मंगलवार 19 सितंबर को कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से हमारे केस को विवाद की तरह देखना गलत है। उन्होंने आयोग पर शरद को समय ना देने का भी आरोप लगाया। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, महाराष्ट्र कैबिनेट में मंत्री और अजीत गुट के सीनियर नेता छगन भुजबल ने जयंत पाटिल के बयान पर कहा- अच्छी बात है। हम भी कहते हैं कि हमारी पार्टी में कोई फूट नहीं है। छगन भुजबल ने दावा किया कि पार्टी में कुछ बदलाव हुए हैं, जैसे राष्ट्रीय अध्यक्ष का बदलाव। अब अजित पवार पार्टी के अध्यक्ष हैं और हमने चुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नरसिम्हा राव मामले की जांच के लिए 7 जजों की बेंच होगी गठित

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट पीवी नरसिम्हा राव मामले में 1998 के फैसले की दोबारा जांच करने के लिए तैयार हो गया है। मामले की नए सिरे से जांच के लिए कोर्ट 7 जजों की बेंच का गठन करेगा। इसमें जांच की जाएगी कि क्या कोई सांसद या विधायक सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए क्रिमिनल केस में छूट का दावा कर सकता है। साल 2019 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामला बड़ी बेंच के पास भेज दिया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्य सीता सोरेन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में एक विशेष उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। इसके बाद सीबीआई ने एक चार्जशीट दाखिल की थी। जिसे चुनौती देते हुए सीता सोरेन ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने तर्क दिया- मुझे संविधान 1950 के अनुच्छेद 194 (2) के तहत छूट मिली है, जो इस बात पर विचार करता है 'किसी राज्य के विधानमंडल का कोई भी सदस्य विधानमंडल में कही गई किसी बात या दिए गए किसी वोट के संबंध में किसी भी अदालत में किसी भी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

कनाडा में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

ओटावा (एजेंसी)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा ने मंगलवार को अपने नागरिकों को भारत के कुछ खास हिस्सों में न जाने के लिए एडवाइजरी जारी की। बुधवार को भारत ने भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी कर दी। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर लगाते हुए हमारे एक डिप्लोमैट को निकाल दिया। जवाब में भारत ने भी कनाडा के एक डिप्लोमैट को एक्सपेल कर दिया। मंगलवार को कनाडा की तरफ से जारी एडवाइजरी के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने भी कनाडा में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की। कहा- कनाडा में जारी भारत विरोधी एक्टिविटीज के मद्देनजर वहां रहने वाले या वहां की यात्रा पर जाने वाले नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वो बहुत सतर्कता बरतें। हालिया वक्त में देखा गया है कि कनाडा में मौजूद इंडियन डिप्लोमैट्स और इंडियन कम्युनिटी के एक खास तबके को धमकियां दी जा रही हैं। ये वो लोग हैं जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। एडवाइजरी के मुताबिक- इन हालात को देखते हुए हम अपने नागरिकों को सलाह देते हैं कि वो उन इलाकों में जाने से बचें भारत विरोधी गतिविधियां हुई हैं। हमारा हाईकमीशन और कॉन्स्युलेट्स जनरल कैनेडियन अथॉरिटीज के संपर्क में हैं ताकि इंडियन कम्युनिटी की सुरक्षा तय की जाए। कनाडा में बिगड़ते हुए सुरक्षा हालात के मद्देनजर वहां मौजूद इंडियन स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। इंडियन कम्युनिटी और स्टूडेंट्स हाईकमीशन और कॉन्स्युलेट्स की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मंगलवार रात को कनाडा के सबसे बड़े अखबार 'टोरंटो स्टार' ने ट्रूडो का बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि कनाडा की सरकार भारत के साथ तनाव नहीं बढ़ाना चाहती, लेकिन भारत को इन मुद्दों को गंभीरता से लेना होगा। कनाडा के साथ निज्जर की हत्या के बाद बढ़े तनाव के बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों के बीच पार्लियामेंट हाउस में मीटिंग चल रही है।

पूर्व सीएम हुड्डा ने दी कांग्रेस छोड़ने की धमकी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल से कांग्रेस के गठबंधन की चर्चाओं पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भड़क गए हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो उन्होंने इसको लेकर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के सामने नाराजगी जताई है। हुड्डा ने पार्टी छोड़ने की धमकी दी है। पूर्व सीएम अपने बेटे और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर हुड्डा खेमा इस बारे में कुछ भी कहने से बच रहा है। इनेलो ने

हरियाणा में होने वाली 25 सितंबर को सम्मान दिवस रैली का न्योता सोनिया गांधी को भेजा है। हुड्डा ने संकेत दिए हैं कि वह इस रैली में शामिल नहीं होंगे। हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन की हिस्सा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में घमासान तय है। 25 सितंबर को पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के जयंती समारोह में कैथल में यदि इंडियन नेशनल लोकदल भी इंडिया का हिस्सा बन जाता है तो यह घमासान और ज्यादा बढ़ जाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर ताल ठोक चुकी कांग्रेस को लग रहा है कि इस बार वह सबसे मजबूत स्थिति में है। ऐसे में कांग्रेस अपने सहयोगी दल आईएनएलडी और संभावित सहयोगी दल आप के लिए उनकी पसंद की लोकसभा सीटों को छोड़ देगी, इसकी संभावना बहुत कम नजर आ रही है। सीटों के बंटवारे पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल व इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के बीच विवाद होना तय माना जा रहा है। इनेलो के अभय सिंह चौटाला यह स्पष्ट संकेत दे चुके हैं।

सांसदों को बांटी गई संविधान की कॉपी पर बवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद में जारी स्पेशल सेशन के बीच नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नई संसद के उद्घाटन के दौरान सांसदों को संविधान की जो कॉपी बांटी गई है, उसमें छपी प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटा दिए गए हैं। इसके जवाब में सरकार ने कहा है कि संविधान की कॉपी में मूल संविधान की प्रस्तावना शामिल की गई है। जिसमें 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द नहीं थे। दरअसल, संविधान की प्रस्तावना में ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए शामिल किए गए थे। इस विवाद का कानूनी पहलू भी है। सुप्रीम कोर्ट अपने एक फैसले में संविधान की प्रस्तावना को संविधान का हिस्सा मान चुका है। ऐसे में अगर इसमें से कोई भी शब्द हटाना या शामिल करना है तो एक अन्य संविधान संशोधन की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया है कि 'हम जानते हैं ये शब्द 1976 में एक संशोधन के बाद जोड़े गए थे, लेकिन अगर आज कोई हमें संविधान देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता की बात है।'

एचडीएफसी बैंक की चार फीसदी गिरावट से शेयर बाजार में कोहराम

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर चल रही बैठक का निर्णय आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफ सी बैंक समेत 23 कंपनियों में चार प्रतिशत तक की गिरावट से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 796 अंक अर्थात 1.18 प्रतिशत का गोता लगाकर 67 हजार अंक के

मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 66800.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 231.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत लुढ़ककर 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 19901.40 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर 32,313.01 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत टूटकर 37,410.50 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3803 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2110 में बिकवाली जबकि 1550 में लिवाली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1984 सिख दंगा मामले में कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। 1984 सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 लोगों की हत्या मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुल्तानपुरी इलाके में 1984 के सिख दंगों के दौरान 3 लोगों की हत्या हुई थी। सुल्तानपुरी दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे। जुलाई 2010 में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सज्जन कुमार, ब्रह्मानंद, पेरु, कुशल सिंह और वेद प्रकाश

के खिलाफ 3 लोगों की हत्या के मामले में आरोप तय किया था। अब करीब 13 साल बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार सहित अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है। सिख दंगों से जुड़े जनकपुरी और विकासपुरी में सिखों की हत्या के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे। हालांकि अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ लगाई गई हत्या की धारा 302 हटा दी थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर 2018 को सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दरअसल, 1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद दिल्ली में पांच सिखों की हत्या और गुरुद्वारा जला दिया गया था। इसी केस में सज्जन कुमार को दोषी पाया गया और उन्हें सजा सुनाई गई।

गरमा-गरम

कामयाबी... झारखंड-बिहार के 10 डकैतों ने दिया वारदात को अंजाम

रायगढ़ में डकैती, झारखंड बॉर्डर में क्रेटा, ट्रक और नकदी के साथ 5 गिरफ्तार

अंबिकापुर/रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक्सिस बैंक में मंगलवार की सुबह हुए 5 करोड़ 62 लाख रुपए कैश व ज्वेलरी की डकैती मामले में बलरामपुर जिले की रामानुजगंज पुलिस ने 5 डकैतों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने 5 अन्य साथियों के नाम भी बताए। पुलिस ने इनके पास से 4 करोड़ 18 लाख 46 हजार रुपए तथा 1 करोड 43 लाख रुपए की ज्वेलरी बरामद किया है। बैंक में डकैती की वारदात को अंजाम देने के बाद पकड़े गए पांच आरोपियों में से 2 क्रेटा कार में तथा 3 आरोपी ट्रक में सवार होकर झारखंड जा रहे थे। आरोपियों ने 10 अलग-अलग बैग में डकैती की रकम व ज्वेलरी को ट्रक में छिपाया था। इसी बीच बुधवार की अलसुबह चेकिंग के दौरान वे छत्तीसगढ़-झारखंड बॉर्डर पर स्थित रामानुजगंज बैरियर पर पकड़ लिए गए। गौरतलब है कि रायगढ़ जिले के घरघोड़ा मार्ग में स्थित एक्सिस बैंक के कर्मचारी प्रतिदिन की भांति मंगलवार की सुबह भी बैंक पहुंचे थे। सुबह

करीब पौने 9 बजे 6 से 7 नकाबपोश युवक बाइक से पहुंचे और एक-एक कर बैंक के अंदर घुसे। कुछ समय में ही हथियारों से लैस इन डकैतों ने सबसे पहले बैंक के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ये हैं एक्सिस बैंक में डकैती के 10 आरोपी

झारखंड के धनबाद स्थित ग्राम खरखरी मधुबन निवासी निशांत कुमार उर्फ कुमार महतो 32 वर्ष, बिहार के गया जिला अंतर्गत ग्राम बार, नकनुप्पा शेरघाटी निवासी राकेश गुप्ता पिता गणेश साव 21 वर्ष, शेरघाटी के ग्राम भरारी निवासी क्रेटा वाहन मालिक अमरजीत कुमार दास 26 वर्ष, गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र निवासी विष्णु पासवान 45 वर्ष, ग्राम बेलागंज निवासी पवन कुमार 26 वर्ष, गया के थाना चंदौली अंतर्गत ग्राम बंगाली बिगहा निवासी अमित रविदास 40 वर्ष, झारखंड के रांची निवासी निलेश रविदास 26 वर्ष, सुनील पासवान 35 वर्ष व राहुल दास 28 वर्ष तथा बिहार के गया जिला अंतर्गत ग्राम कनौदी थाना गुरुवा निवासी उपेंद्र सिंह पिता सुंद्रिका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे दिया वारदात को अंजाम

बैंक डकैती को कुल 10 डकैतों द्वारा अंजाम दिया गया। ये सभी झारखंड के रांची व बिहार के गया जिले के निवासी हैं। बैंक डकैती की वारदात को अंजाम देने आरोपी क्रेटा कार मालिक अमरजीत कुमार दास अपनी कार क्रमांक जेएच 01 एफ ई-8641 में गिरोह के अन्य सदस्यों राकेश, निशांत उर्फ पंकज और सुनील पासवान के साथ 17 सितंबर को गया जिले के शेरघाटी से निकलकर 18 सितंबर की सुबह रायगढ़ के जिंदल पहुंचे। यहां ट्रक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चीली में भूकंप के झटके

सेंटियागो(वार्ता)। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के पश्चिमी इलाके में बुधवार को मध्यम स्तर के भूकम के झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। जीएफ्जेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार मंगलवार बुधवार रात के दरमियान आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.0 मापी गयी। इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। भूकंप का केंद्र 36.75 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 97.06 डिग्री पश्चिम देशांतर पर जमीन की सतह से 10 किमी की गहराई में स्थित था।

चन्द्रयान 3: फिर जागने वाले हैं विक्रम और रोवर प्रज्ञान

चांद के दक्षिणी ध्रुव पर हो रही सुबह

नई दिल्ली (ए)। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक बार फिर सुबह होने वाली है। इसके साथ ही लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान के जागने की उम्मीदें भी जाग गई हैं। 22 सितंबर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सूर्य की किरणें पहुंच जाएंगी। इसके बाद इसरो एक बार फिर कोशिश करेगा कि लैंडर विक्रम और रोवर विक्रम काम करने लगें। बता दें कि इस वक्त दोनों ही स्लीप मोड में हैं। चंद्रयान- 3 लॉन्च करने से पहले वैसे तो इसरो ने इन दोनों को 14 दिन का ही काम सौंपा था लेकिन वहां पहुंचने के बाद कहा गया कि रात खत्म करने के बाद ये दोनों फिर से काम शुरू कर सकते हैं।

अगर दृस्त्रह लैंडर और रोवर को जगाने में कामयाब होते हैं तो यह दोहरी सफलता के तौर पर होगा। एक तरह से इसरो को बोनस मिल जाएगा। लैंडर विक्रम ने 23 अगस्त को चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके बाद रोवर प्रज्ञान बाहर आया और 12 दिनों तक उसने इसरो को बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इसके बाद रोवर स्लीपिंग मोड में चला गया। बता दें कि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर दिन और रात होते हैं।

बता दें कि पर्याप्त ऊर्जा पाने के लिए लैंडर और रोवर का एलिवेशन सूर्य के 6 से 9 डिग्री में रहना जरूरी है। इसीलिए रात होने से एक दिन पहले रोवर प्रज्ञान आराम करने लगा था। रात के वक्त चांद के दक्षिणी ध्रुव पर तापमान भी माइनस 240 डिग्री तक चला जाता है। ऐसे में चांद की सतह पर सर्वाइव करना कोई आसान काम नहीं है। वहीं चांद पर अकसर भूकंप भी आया करते हैं। चंद्रयान 3 में लीथियम ऑयन बैट्री का इस्तेमाल किया गया है जो कि कम तापमान में भी खराब नहीं होती है और ऊर्जा बचाकर रखती है।

अब लैंडर और रोवर का जागना इसी पर निर्भर करता है कि क्या इस रात के बाद भी उन्होंने अपनी बैट्री बचाकर रखी है। बता दें कि सोने से पहले रोवर प्रज्ञान ने चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी को लेकर बड़ी बात का पता लगाया था। यहां रोवर को ऑक्सीजन और सल्फर जैसे तत्व मिले थे।

अमानवीय व्यवहार पर नेता के खिलाफ प्राथमिकी

अनूपपुर (वार्ता)। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में एक भाजपा नेता के द्वारा एक व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोलवाली पुलिस ने अनूपपुर मण्डल युवा मोर्चे के अध्यक्ष जयगणेश दीक्षित के द्वारा एक बुजुर्ग आदिवासी व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार करने के मामले में वीडियो वायरल होने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है। उधर भाजपा में जयगणेश दीक्षित को पार्टी से निकाल दिया है। गत दिवस जमुड़ी में एक सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत हुई थी, जिसके साथी बुजुर्ग आदिवासी को किसी बात से नाराज जयगणेश दीक्षित ने अमानवीय व्यवहार किया।

राजस्थान में चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

मोदी, खड़गे एवं राहुल की होगी जनसभाएं

जयपुर(वार्ता)। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के सक्रिय होने से चुनावी सरगर्मियां तेज होने लगी है और अगले चार-पांच दिन में राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की जनसभाएं होने वाली हैं वहीं जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) की सीकर में बड़ी रैली होगी जबकि आम आदमी पार्टी एवं अन्य दल भी अभियान एवं यात्रा के माध्यम से जनता का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास करेंगे।

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रदेश में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाल रही है और गत दो से पांच सितंबर तक लगातार चारों दिशाओं में अलग अलग स्थानों से चार परिवर्तन यात्राओं को रवाना किया गया और अब इनका समापन 19 से 22 सितंबर के बीच हो रहा है। इन चारों यात्राओं के समापन पर मुख?य कार्यक्रम 25 सितंबर को जयपुर में रखा गया जिसमें श्री मोदी शरीक होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी के अनुसार इस अवसर पर श्री मोदी की जयपुर के सूरजपुरा (वाटिका) में जनसभा होगी जहां भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर बूथ अध्यक्ष तक के कार्यकर्ता भाग लेंगे और एक विशाल जनसभा होगी जिसमें पार्टी के सभी नेता मौजूद रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि चुनाव के मद्देनजर श्री मोदी का ध्यान राजस्थान पर पिछले कई महीनों से है और वे पिछले करीब एक साल में गत वर्ष सितंबर से अब तक प्रदेश के आठ दौरे कर चुके हैं। उन्होंने इस दौरान सिरोही जिले के आबू रोड, बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा, दौसा, नाथद्वारा और आबू रोड, अजमेर, बीकानेर एवं सीकर में जनसभाएं की हैं।

इसी तरह कांग्रेस के कई शीर्ष नेता भी कई बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं और 23 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस के नवीन भवन के शिलान्यास के अवसर पर श्री खड़गे और श्री राहुल गांधी का दौरा फिर से हैं और वे इस दौरान नए भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे कांग्रेस के जिला, मंडल, ब्लॉक और बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन के जरिए भी कांग्रेस के बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे और चुनाव के मद्देनजर एक संदेश देने का प्रयास होगा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में जिस तरह की ऐतिहासिक योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण के कार्य किए गए हैं, उन्हें जनता समझे और कांग्रेस की सरकार को रिपीट करने में भागीदार बन सके।

कांग्रेस इस चुनाव में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को भी बड़ा मुद्दा बनाने जा रही है और ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग को लेकर वह जनआशीर्वाद यात्रा निकालेंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुसार कांग्रेस 25 से 29 सितंबर तक यह यात्रा निकालकर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जायेगी। यह यात्रा पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की 86 विधानसभा में होकर गुजरेगी। जिसकी तैयारियां की जा रही है।

राजस्थान में प्रमुख राजनीतक दल कांग्रेस और भाजपा के अलावा अन्य कई दल भी सक्रिय है जिनमें राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा), जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) आम आदमी पार्टी (आप) आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), बहुजन समाज पार्टी, शिव सेना आदि शामिल हैं। इनमें जेजेपी भी इस बार चुनाव को लेकर प्रदेश में काफी सक्रिय हो रही है और वह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 110वीं जयंती पर सीकर में 25 सितंबर को एक बड़ी रैली का आयोजन करेगी। जेजेपी के नेता एवं हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दावा किया है कि उनकी पार्टी की किसान विजय सम्मान दिवस रैली होगी जो राजस्थान के बदलाव के लिए इतिहास रचेगी। उन्होंने बताया कि रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता निरंतर क्षेत्र में भाग दौड़ कर रहे है और घर घर जाकर लोगों को इसके लिए निमंत्रण दे रहे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें भागीदार बन सके। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी राजस्थान में 25-30 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

रेलवे ने 7 साल में 2800 करोड़ से अधिक अतिरिक्त राजस्व वसूला

पिछले साल बंपर हुई कमाई

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने पिछले सात सालों में यात्रियों से 2,800 करोड़ से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। एक आरटीआई के जरिए यह जानकारी मिली है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (सीआरआईएस) के जवाब से पता चलता है कि संशोधित मानदंडों के कारण अकेले 2022-23 के वित्तीय वर्ष में ? 560 करोड़ की कमाई हुई, जिससे यह रेलवे का सबसे अधिक लाभदायक वर्ष बन गया। रेलवे ने अधिक राजस्व के पीछे की बड़ी वजह बच्चों के किराए में बढ़ोत्तरी बताई है।

दरअसल, 31 मार्च 2016 को, मंत्रालय ने घोषणा की थी कि रेलवे 5 वर्ष और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पूर्ण वयस्क किराया वसूल करेगा, ऐसा तब यदि वे आरक्षित कोच में अलग-अलग बर्थ या सीटों का विकल्प चुनते हैं। संशोधित मानदंड 21 अप्रैल, 2016 से लागू किया गया था। इससे पहले रेलवे 5 से 12 साल के बच्चों को अलग से बर्थ देता था और यात्रा किराया सिर्फ आधा लेता था। हालांकि उक्त आयु वर्ग के बच्चों को संशोधित मानदंड में आधे किराए पर यात्रा करने की अनुमति दी गई है, लेकिन उन्हें अलग से बर्थ या सीटें नहीं मिलती हैं और उन्हें उस वयस्क की सीट पर बिठाना पड़ता है जिसके साथ वे यात्रा कर रहे हैं।

आरक्षण नहीं बल्कि प्रलोभन देने वाला है बिल: मायावती

लखनऊ (वार्ता)। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि यह बिल महिलाओं को आरक्षण देने के इरादे से नहीं लाया गया है बल्कि आगामी चुनाव से पहले महिलाओं को प्रलोभन देने के लिए लाया गया है।

सुश्री मायावती ने बुधवार को एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के पक्ष में उनकी पार्टी शुरु से है और महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने वाले इस बिल के तत्काल प्रभाव से लागू करने की वकालत करती है मगर सरकार का यह कहना है कि बिल के पारित होने के बाद इसे तुरंत लागू नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस बिल के मुताबिक आने वाले 15-16 सालों में देश में महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया जाएगा। इस बिल के पास होने के बाद इसे तुरंत लागू नहीं किया जा सकेगा। सबसे पहले देश में जनगणना कराई जाएगी और इसके बाद सीटों का परिसीमन किया जाएगा।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जनगणना में काफी समय लगता है। इसके बाद ही यह बिल लागू होगा। इससे साफ है कि यह बिल महिलाओं को आरक्षण देने के इरादे से नहीं लाया गया है बल्कि आगामी चुनाव से पहले महिलाओं को प्रलोभन देने के लिए लाया गया है।

नयी संसद में 'महाझूठ' से भाजपा सरकार ने शुरु की पारी: अखिलेश

लखनऊ (वार्ता)। महिला आरक्षण विधेयक को आधा अधूरा करार देते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नये संसद भवन में अपनी पारी 'महाझूठ' से शुरू की है।

श्री यादव ने ट्वीट किया ÷ नयी संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू करी है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएँगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या ज़रूरत थी। भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है न जातिगत गणना के, इनके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं है। उन्होने कहा ये आधा-अधूरा बिल 'महिला आरक्षण' जैसे गंभीर विषय का उपहास है, इसका जवाब महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा के विरूद्ध वोट डालकर देंगी। उधर पार्टी महासचिव प्रो रामगोपाल यादव और शिवपाल सिंह यादव ने भी बिल के लागू करने के मसौदे पर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुये जातिगत गणना के आधार पर दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की है। प्रो यादव ने कहा समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण में सदैव ओबीसी, दलित, आदिवासी और मायनॉरिटी की महिलाओं के लिए आबादी के अनुपात में आरक्षण की माँग की है।

सिक्किम के राज्यपाल श्री आचार्य सपरिवार शांतिकुंज पहुंचे

हरिद्वार/नवप्रदेश। सिक्किम के राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कुमुद देवी व अन्य परिवारिजन के साथ देवसंस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे। माननीय राज्यपाल के आगमन पर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या जी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया।

माननीय राज्यपाल श्री आचार्य जी ने देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए चलाय जा रहे विभिन्न रचनात्मक एवं सुधारात्मक गतिविधियों का अध्ययन किया। वे देसंविवि में स्थापित भारत के प्रथम बाल्टिक सेंटर पहुंचे और बाल्टिक देशों में भारतीय संस्कृति के विस्तार के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों से अवगत हुए। माननीय राज्यपाल श्री आचार्य जी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित नियमों पर संचालित देवसंस्कृति विवि की सराहना की और कहा कि सच्चे अर्थो में देवसंस्कृति विवि युवाओं में जीवन मूल्यों के विकास के संकल्पित संस्थान है। शांतिकुंज में 1987 में एक मासीय युगशिल्पी का प्रशिक्षण लेने वाले श्री आचार्य जी ने बताया कि गायत्री परिवार के कार्यो को बहुत ही निकट जानता हूँ। पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों ने मुझे आगे बढ़ने में मदद की है।

पश्चात वे सपिरवार शांतिकुंज पहुंचे और अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय श्रद्धेय डॉ. प्रणव पण्ड्या व श्रद्धेया शैलदीदी से भेंट की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या एवं श्रद्धेया शैलदीदी ने राज्यपाल जी को गायत्री माता चित्र एवं युगसाहित्य भेंट की। सन् 1926 से सतत प्रज्वलित सिद्ध अखण्ड दीप का दर्शन कर राष्ट्र की उन्नति की कामना की। फिर वे युगऋषिद्वय की पावन समाधि में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर मानवता की रक्षा हेतु प्रार्थना की।

जब सियाचिन जा सकती हैं महिलाएं, तो नर्स क्यों नहीं बन सकते पुरुष : हाईकोर्ट

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता की वकालत करते हुए कहा कि जब एक महिला अधिकारी को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है तो एक पुरुष को सेना में नर्स के रूप में भी नियुक्त किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा एवं न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ सैन्य प्रतिष्ठानों में केवल महिला नर्सों को रखने की कथित असंवैधानिक प्रथा के बारे में एक याचिका पर सुनवाई कर रही है।

केन्द्र का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सेना में प्रथाएं लंबे समय से चली आ रही परंपराओं पर आधारित हैं। हालांकि, पीठ ने कहा कि सरकार अभी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए एक कानून लेकर आई है।

एक तरफ आप महिलाओं को सशक्त बनाने की बात कर रहे है और वहीं दूसरी तरफ आप कह रहे हैं कि पुरुष नर्स के रूप में शामिल नहीं हो सकते। यदि एक महिला (अधिकारी) को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है तो एक पुरुष आर एंड आर (अस्पताल) में काम कर सकता है। पीठ ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय ने महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल होने की अनुमति दी है।

दिल्ली के पत्थरबाज पड़ोसी करेंगे पुलिस थानों की सफाई, हाईकोर्ट ने दिया रोचक आदेश

नई दिल्ली (ए.)। पत्थरबाज पड़ोसियों से जुड़े एक मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने खास निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों को दिल्ली पुलिस के थानों की सफाई करने के लिए कहा है। इतना ही नहीं इन पक्षों को जांच अधिकारी के संतुष्ट होने तक पुलिस थानों की सफाई करनी होगी। साथ ही अदालत ने इस मामले में दो दर्ज दो FIR यानी फर्स्ट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है।

कोर्ट ने क्या किया

मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस सौरभ बनर्जी ने इस बात को माना किया कि दोनों दलों ने समझौता कर लिया है। कोर्ट ने याचिकाओं को स्वीकार किया और FIRs खारिज करने के आदेश भी दिए। साथ ही कोर्ट ने इस मामले में शामिल 24 लोगों को तीन पुलिस थानों में तीन दिनों तक सफाई करने के आदेश दिए हैं।

क्या था मामला : दोनों पक्ष पड़ोसी थे, जिन्होंने कथित तौर पर एक झगड़े के दौरान एक-दूसरे पर पत्थर फेंके थे। साथ ही इस मामले में दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ जुलाई 2023 में दिल्ली के मेहरौली स्थित पुलिस स्टेशन में FIR भी दर्ज कराई थीं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता यानी IPC की धारा 308 के तहत मामला दर्ज किया था।

क्या होंगी शर्तें?- कोर्ट ने 24 लोगों को 6-6 लोगों को चार समूह बनाने के लिए कहा है। इन्हें सोमवार, गुरुवार और रविवार को सफाई कार्य करना होगा। साथ ही कोर्ट ने इन थानों में मेहरौली, फतेहपुर बेरी, मैदान गढ़ी और नेब सराय को शामिल किया है। खास बात है कि कोर्ट ने इन लोगों को अपने हिसाब से समूह तैयार करने और सफाई के लिए थानों के चुनाव की आजादी दी है।

शांतिकुंज में पांच दिवसीय समर्थ सक्रिय कार्यकर्ता शिविर का समापन

- **श्रद्धा एवं सक्रियता के संकल्प के साथ परिजनों को दी विदाई, निकाली गयी भव्य शोभायात्रा**

हरिद्वार/नवप्रदेश। शांतिकुंज में चल रहे पाँच दिवसीय समर्थ सक्रिय कार्यकर्ता शिविर का आज शोभायात्रा के साथ समापन हो गया। समापन समारोह में लाल मशाल के साथ परिजनों को श्रद्धा एवं सक्रियता को बढ़ाने के संकल्प के साथ विदाई दी गयी। शिविर में उत्तराखण्ड, उप्र, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा के चयनित सक्रिय कार्यकर्त्ताओं ने शामिल रहे।

इससे पूर्व समापन समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कार्यकर्त्ता श्री शिवप्रसाद मिश्र ने युग निर्माण मिशन के अपने पाँच दशक के अधिक समय के अनुभवों का साझा करते हुए कहा कि भगवान के प्रति श्रद्धा, निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य करेंगे, तो वे हमें पग पग पर सहयोग, संरक्षण व मार्गदर्शन देने के लिए तैयार रहते हैं। मीरा, प्रह्लाद आदि ने अपनी श्रद्धा, निष्ठा से प्रतिकुल परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाने के लिए भगवान को विवश कर दिया था। युगऋषिद्वय भी अपने सृजन सैनिकों के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। आप तो करके देखिए।

शिविर समन्वयक ने बताया कि पाँच दिन चले इस राष्ट्रीय शिविर में कुल बारह सत्र हुए और इसमें इतने ही विषयों पर डॉ ओपी शर्मा, डॉ गायत्री शर्मा, श्री केपी दुबे, प्रो. प्रमोद भटनागर, श्री श्यामबिहारी दुबे, श्री योगेन्द्र गिरी आदि विषय विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी। समापन से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। पश्चात युगऋषिद्वय की पावन समाधि में महाआरती हुई और श्रद्धा व सक्रियता के साथ जन जन में सकारात्मक बदलाव एवं व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

लघु वनोपजों संग्रहण में 'छग' की लंबी छलांग, देश में 3 चौथाई हिस्सेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रोजगार, स्व-रोजगार, स्थानीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और उद्यमिता विकास को लेकर अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। विगत साढ़े चार वर्षों में ग्रामीण तबकों और सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक इन योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले वनवासी एवं आदिवासियों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में देश का 74 प्रतिशत लघु वनोपज संग्रहित होता है। छत्तीसगढ़ में संग्राहकों के हित में लघु वनोपजों की संख्या में वृद्धि करते हुए 7 से बढ़ाकर वर्तमान में

67 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इसके परिणाम स्वरूप विगत साढ़े चार सालों में संग्राहकों की संख्या में भी 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है, वर्ष 2018-19 में संग्राहकों की संख्या 1.5 लाख थी, जो आज बढ़कर 6 लाख हो गई है। वर्ष 2021-22 में कुल 42 हजार मीट्रिक टन लघु वनोपजों की खरीदी की गई है, जबकि यह मात्रा वर्ष 2018-19 में 540 मीट्रिक टन थी। इस तारतम्य में प्रबंध संचालक राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए मिलेट मिशन भी चलाया जा रहा है। इसके तहत समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ पूरे देश का सबसे बड़ा वनोपज संग्राहक राज्य है। पिछले साढ़े चार वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं के परिणाम स्वरुप लगभग 13 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं 06 लाख वनोपज संग्राहकों को अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। संग्राहकों के हित में तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 2 हजार 500 रूपए से बढ़ाकर 4 हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है, वहीं संग्राहकों को विगत चार वर्षों के दौरान 2146.75 करोड़ रूपए तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान किया गया है। संग्राहक परिवारों के हित में शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत् अब तक 4692 हितग्राहियों को 71.02 करोड़ रूपए की सहायता प्रदान की गई है। वन अधिकारों के क्रियान्वयन में भी छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी राज्य है। छत्तीसगढ़ सरकार ने लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा दिया है और लाख उत्पादक कृषकों को अल्पकालीन ऋण प्रदान करने की योजना भी लागू की है, जिसके प्रभाव स्वरूप आज लाख उत्पादक किसान भी आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।

आज भिलाई में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन

- **छत्तीसगढ़ में महिला स्वावलंबन का ऐतिहासिक दिन: राज्य सरकार द्वारा महिला समूहों और महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए एक दिन में सर्वाधिक ऋण राशि का अंतरण**

रायपुर/भिलाई/नवप्रदेश। प्रदेश के भिलाई नगर में 21 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन, छत्तीसगढ़ की महिलाओं और महिला समूहों के स्वावलंबन का ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। इस अवसर पर 1010 महिला समूहों को महिला कोष की ऋण योजना से और 285 महिलाओं को सक्षम योजना से 12 करोड़ 01 लाख रूपए का ऋण आरटीजीएस के माध्यम से सीधे खाते में अंतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा कार्यक्रम में महिला समूहों और महिलाओं को चेक वितरण के पश्चात सभी जिलों में राशि अंतरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2003 में महिला कोष का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य बनने के बाद महिला कोष के माध्यम से एक ही दिन में जारी यह सबसे बड़ी ऋण राशि है, जो कि जारी पिछली वार्षिक राशियों से भी अधिक है। अंतरित की जाने वाली राशि में प्रमुख रूप से दुर्ग जिले में 2.91 करोड़, रायपुर जिले में 1.54 करोड़ व महासमुंद जिले में 95 लाख से अधिक की राशि तथा इसी प्रकार अन्य जिलों के हितग्राहियों को राशि दी जाएगी। इस राशि का उपयोग कर महिला समूह और हितग्राही किराना दुकान, फल, सब्जी, खेती-किसानी, ब्यूटीशियन,चना-मुर्रा उत्पादन, होटल व्यवसाय, बड़ी-पापड़ निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, मशरूम उत्पादन जैसे कई काम शुरू कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए बढ़ाया 10 गुना बजट - महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के अनुरोध पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के आर्थिक विकास को प्राथमिकता में रखते हुए महिला कोष का बजट इस वित्तीय वर्ष में बढ़ाकर 25 करोड़ रूपए कर दिया है। साथ ही नवीन कौशल्या समृद्धि योजना के लिए भी 25 करोड़ का आबंटन दिया गया है। महिलाओं की समृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ गठन के पश्चात पहली बार एक वित्तीय वर्ष में बजट 10 गुना बढ़ाकर 50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

ऋण मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर - कोष द्वारा ऋण योजना व सक्षम योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

स्वावलंबन की राह : महिला समूह तैयार कर रही हैं सेनेटरी पैड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए चौतरफा प्रयास किए जा रहे है। राज्य के गौठानों में आर्थिक क्रियाकलाप से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के ग्राम कुमेकेला में भी महिलाओं को स्व-रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एनआर.एल.एम. बिहान द्वारा सेनेटरी पैड तैयार करने का काम से जोड़ा गया है। इससे समूह को अच्छी आमदनी मिल रही है। समूह की महिलाएं आस-पास के गांवों में जाकर महिलाओं को शारीरिक स्वच्छता सेनेटरी पैड उपयोग की समझाईश भी दे रही है।

जशपुर जिले पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम कुमेकेला में मॉ दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं प्रशिक्षण लेकर सेनेटरी पैड निर्माण शुरू किया गया है। इस पंचायत में 26 समूह गठित किए जा चुके हैं। मां दुर्गा स्व-सहायता समूह की सभी महिलाओं सप्ताहिक बैठक कर बचत जमा करते हैं और बिहान योजना के तहत 15 हजार रुपए चक्रीय निधि की राशि भी प्राप्त कर चुकी हैं। महिलाएं बैंक लोन लेकर सेनेटरी पैड का निर्माण कर वितरण करने का काम करती हैं जिसमें कि गांव की महिलाओं को जागरूक कर सेनेटरी पैड उपयोग करने के लिए प्रेरित करती हैं। समूह की महिलाओं को सेनेटरी पैड से 20 हजार रूपये की आमदनी हो चुकी है।

रायपुर में 45वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के नवजीवन सोसायटी पचपेड़ी नाका रायपुर में 45 वां निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र शुरू किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विकास उपाध्याय ने योग आयोग को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी वार्डो में निःशुल्क योगाभ्यास केंद्र शुरू हो चुके हैं। इन केन्द्रों के माध्यम से अधिक से अधिक नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की दिशा में काम किया जा रहा है। सेतुबंध आसन के सामूहिक योगाभ्यास के लिए गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किये जाने पर भी उन्होंने छत्तीसगढ़ योग आयोग को बधाई दी। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जन-जन को स्वस्थ एवं निरोगी रखने के उद्देश्य से योग आयोग द्वारा नगर निगम अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख सार्वजनिक उद्यानो में निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र प्रारंभ किया जा चुका है। यहां आम नागरिक योग के माध्यम से स्वास्थ लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर योग आयोग के अधिकारी, योग प्रशिक्षक सहित बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित थे।

आरडीए ने सरचार्ज में छूट 15 दिनों के लिए और बढ़ाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण ने आवंटितियों की मांग पर बकाया राशि में सरचार्ज की छूट को 30 सितंबर 2023 तक के लिए फिर से बढ़ा दिया है। पहले यह छूट 15 सितंबर तक थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश साहू ने आवंटितियों की सुविधा एवं सहूलियत के लिए उनकी मांग पर छूट का लाभ 15 दिनों के फिर से बढ़ा दिया है। प्राधिकरण व्दारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से सरचार्ज राशि में छूट की घोषणा की थी। इसके अनुसार कौशल्या

माता विहार (कमल विहार) और इन्दप्रस्थ रायपुरा के प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित फ्लैट्स सहित पुरानी योजनाओं में आवंटिति बकाया राशि में एक मुश्त राशि का भुगतान पर सरजार्ज राशि में छूट का लाभ ले सकेते हैं। इसमें आवासीय योजना और व्यावसायिक संपत्तियों में सरचार्ज राशि में क्रमशः 50 व 30 प्रतिशत की छूट दी गई है। उल्लेखनीय है कि कई आंवटिती इस छूट का लाभ उठा कर काफी बड़ी राशि की बचत कर रहे हैं।

सिंहदेव ने हमर क्लीनिक और ओपन जिम का किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सरगुजा जिले के अम्बिकापुर निगम क्षेत्र के नमनाकलां वार्ड में हमर क्लीनिक का लोकार्पण किया। उन्होंने इस मौके पर पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर के उद्यान में ओपन जिम का भी लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खुले क्षेत्र में हरियाली का विकास होते देख प्रसन्नता हो रही है। इस उद्यान को इस प्रकार से विकसित किया गया है, ताकि लोग इस उद्यान को देख इसी प्रकार के नए उद्यान के निर्माण के लिये प्रेरित हो सके। श्री सिंहदेव ने नगरवासियों से कहा कि उद्यान के विकास के लिए हर

संभव मदद की जाएगी। गौरतलब है कि हमर क्लीनिक के विस्तारित भवन के एक हिस्से में होम्योपैथी और एक हिस्से में एलोपैथिक पद्धति से इलाज होगा। इस क्लीनिक में दोनों पद्धतियों से इलाज के लिए चिकित्सक सहित 8 स्टॉफ की नियुक्ति हुई है। ऐलोपैथिक पद्वति से इलाज प्राप्त करने वाले मरीजों के लिए 40 प्रकार की जांच इस क्लीनिक में होगी। साथ ही 100 से अधिक प्रकार की दवाइयां भी मुफ्त दी जाएगी। इस दौरान औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी और पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य तथा नगरवासी उपस्थित थे।

मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में आज सुबह सुरक्षाबल के जवानों और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में स्थित नहाड़ी, छोटे हिड़मा और डूंगीनपारा के जंगल में बड़े नक्सली लीडरों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद डीआरजी और बस्तर फ इटर्स की एक संयुक्त टीम को मौके पर सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान आज सुरक्षाबल के जवान नहाड़ी के जंगल में पहुंच गए। इसके बाद जवानों ने ईलाके की घेराबंदी करना शुरू किया। इसी दौरान नक्सलियों की नजर जवानों पर पड़ गई। इसके बाद नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध फ ायरिंग करना शुरू कर दिया। हमला होते देख जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। सुंदरराज पी ने बताया कि इस सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान घटनास्थल से दो महिला नक्सलियों के शव के साथ एक इंसास और एक 12 बोर रायफल बरामद किया है।

छत्तीसगढ़ में तीन दिनों तक बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बुधवार से मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक ओडिशा तट पर एक निम्न दाब का क्षेत्र है और वहां चक्रवाती सिस्टम भी है। इसके असर से राज्य में आज से मानसूनी गतिविधियां शुरू होंगी। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तटीय पश्चिम बंगाल-उड़ीसा तट के ऊपर है। इसके साथ ही उपरी हवा का चक्रवात 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर ओडिशा और दक्षिण झारखंड की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। मौसम विभा द्वारा सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, पेण्ड्रा, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर में बारिश की संभावना जताई गई है।

सड़कों की गुणवत्ता जांचने आएंगे समीक्षक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सितम्बर 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार सितम्बर 2023 में बृजश प्रसाद (मों नं-+91-9430683492, +91-9836321355) सुकमा एवं दंतेवाड़ा जिले और एबदुल माजीद शबनम (मों. नं-+91-9419130403, +91-7006290384) नारायणपुर एवं बीजापुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता निरीक्षण करेंगे।

सीजीपीएससी प्रकरण की जांच कर कोर्ट में जवाब पेश करेगी सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। सीजी पीएससी चयन से संबंधित याचिका की सुनवाई उच्च न्यायालय के समक्ष की गई, महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिसमें राज्य सरकार के द्वारा न्यायालय के समक्ष यह वक्तव्य दिया गया कि हम उक्त प्रकरण की स्वयं जांच कर माननीय न्यायालय के समक्ष जवाब पेश करेंगे एवं जब तक मामले के अगली सुनवाई नही हो जाती तब तक इस विषय को बढ़ावा न देकर जिन व्यक्तियों पर आक्षेप लगा है और उनकी नियुक्ति नही हुई है, उसको आगे अंतिम रूप नही दिया जायेगा एवं जिनकी नियुक्तियां हो चुकी है वह यथा स्थिति न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी। न्यायालय ने उक्त वक्तव्य को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद रखी है एवं राज्य सरकार तथा पीएससी को निर्देशित किया है कि वे जो सूचीं याचिकाकर्ता के द्वारा पेश की गई है उसके तथ्यों की सत्यता के संबंध में भी जांच कर ले तथा याचिकाकर्ता को निर्देशित किया गया है कि वह चयनित व्यक्तियों को पक्षकार बनाये और अपनी याचिका में निर्धारित संशोधन कर पेश करें। न्यायालय के द्वारा याचिकाकर्ता को भी सचेत किया गया है कि अगर याचिकाकर्ता की जानकारी गलत पाई गयी तो उसके विरुद्ध भी न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी।

संपादकीय

कनाडा को भारत का जवाब

कनाडा में एक खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह की हत्या के मामले में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत की भूमिका पर सवालियां निशान लगाते हुए कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयीक को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टीन ट्रूडो ने वहां की संसद में बयान दिया है कि इस हत्याकांड के पीछे भारत का हाथ हो सकता है। इसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के राजनीयिक को निष्काषित करके कनाडा को करारा जवाब दिया है। भारत के इस कड़े रूख को देखकर अब जस्टिन ट्रूडो सफाई दे रहे हैं और उन्होंने कहा कि वे भारत को उकसाने वाली कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। वे तो भारत के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं। लेकिन जस्टिन ट्रूडो की यह सफाई काफी नहीं है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि कनाडा की सरकार भारत विरोधियों को पनाह देती है। यह भी कोई आज की बात नहीं है। बल्कि सातवे दशक में जब जस्टिन ट्रूडो के पिता कनाडा के प्रधानमंत्री थे तब भी कनाडा में खालीस्तान समर्थको को प्रशय दिया जाता था। उस समय तात्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने कनाडा को चेतावनी दी थी और कहा था कि वह भारत विरोध गतिविधियों को बढ़ावा ना दे लेकिन कनाडा ने खालीस्तानियों का समर्थन बदस्तुर जारी रखा और अब तो प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालीस्तानियों के हिमायती बन गए है। उन्होंने नई दिल्ली में सम्पन्न हुए जी-20 भारत के साथ संबंध सुधारने की कोशिश की थी लेकिन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके साथ उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता का प्रस्ताव ठूकरा कर उन्हें कड़ा संदेश दे दिया था। भारत ने दुनिया के अनेक देशों के साथ यहां तक की बांग्लादेश के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता की लेकिन कनाडा को उन्होंने कोई भाव नहीं दिया।

भारत के इस रूख को देखकर अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से दूरी बना ली थी। जी-20 शिखर सम्मेलन में जस्टिन ट्रूडो की भारत सहित विश्व के अन्य देशों ने भी जो उपेक्षा की थी उसकी खबरे कनाडा में भी जमकर छपि और वहां की मीडिया ने जस्टिन ट्रूडो को आड़े हाथों लिया था। इसी की खीज मिटाने के लिए जस्टिन ट्रूडो ने एक हत्या के मामले में भारतीय राजनयीक को लपेटने की कोशिश की है और उन्हें कनाडा से निष्काषित कर दिया है। भारत ने कनाडा के इस आरोप का पूरजोर शब्दों में खंडन किया है और जवाबी कार्रवाई के रूप में कनाडा के राजनयीक को भी निष्काषित कर दिया है। इस मुद्दे पर अब जस्टिन ट्रूडो अब विश्व मंच पर अलग-थलग पड़ रहे हैं। यही वजह है कि अब उनके सुर बदल रहे है। लेकिन भारत अभी भी अपने कठोर रूख पर कायम है और उसे इस पर कायम रहना भी चाहिए। भारत विरोधी ताकतों को प्रश्रय देने में पाकिस्तान सबसे आगे रहा है और आज उसका अंजाम किसी से छिपा नहीं है। यहीं काम कनाडा भी करता रहा है और अब उसका भी हिसाब होने जा रहा है। बेहतर होता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत से पंगा लेने के पहले पाकिस्तान के हश्र को देख लेते। उन्होंने जी-7 की बैठक के दौरान भी यह मुद्दा उठाया था लेकिन उसमें भी अमेरिका ब्रिटेन जर्मनी, फ्रांस, इटली जैसे देशों ने उनका साथ नहीं दिया था। तभी जस्टिन ट्रूडो को इस बात का अंदाजा हो जाना चाहिए था कि आज भारत विश्व में कितनी बड़ी बन चुका है और उसके खिलाफ जाने का जोखिम बड़े-बड़े राष्ट्र भी नहीं ले सकते। ऐसे में जस्टिन ट्रूडो ने भारत के साथ विवाद बढ़ाकर आ बैल मुझे मार वाली कहावत को ही चरितार्थ किया है।

जी-20 में महिलाओं को सशक्त बनाने पर 'सर्वसम्मति'

श्री इंदीवर पांडे

वैश्विक राजनीतिकएवं कूटनीतिक परिदृश्य में कुछक्षण ऐसे भी आते हैं, जो आशा और उन्नति की किरण साबित होते हैं। जी-20 नेताओं का वर्ष 2023 का नई दिल्ली घोषणापत्रभी ऐसी ही एक युगांतकारी घटना है, जो दुनिया भर में महिला-पुरुष समानता तथा लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। भारत की अध्यक्षता मेंजी-20 के नेताओं नेजी-20 महिला मंत्रिस्तरीय सम्मेलनका समर्थन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित एक कार्य समूह के गठन पर सहमति प्रकट की। यह उपलब्धि महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वीकार करने और वैश्विक स्तर पर महिला-पुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्यान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वनित करती है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अमृतकाल' के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में 'नारी शक्ति' को सराहा जाता है। इस विजन के आधार परभारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह,अपना ध्यान 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' पर केंद्रित किया।

महिला-पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आए हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है और उन्हें इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है। अपने2023 के घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्रीय विषय के रूप में शामिल करने का जी-20 का सर्वसम्मत निर्णय दुनिया भर के नेताओं, सरकारों, सिविल सोसाइटी और हितधारकों के अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दुनिया भर में महिलाओं के समक्ष आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए जी-20 और अतिथि देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं के अलावा महिला पथप्रदर्शकों, उद्यमियों, नवोन्मेषियों, वैज्ञानिकों, जमीनी स्तर की महिला नेताओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया। मंत्रालय द्वारा निर्धारित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें शिक्षाः महिला सशक्तिकरण के प्रति आमूल-चूल बदलाव लाने वालामार्ग, महिला उद्यमिताः इक्विटी और अर्थव्यवस्था के लिए लाभपूर्ण स्थिति, जमीनी स्तर सहित सभी स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारियां करना तथा जलवायु अनुकूलन कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में महिलाएं और लड़कियां-शामिल हैं। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। इन क्षेत्रों पर जी-20 एम्पॉवर पहल और डब्ल्यू-20 सहभागिता समूह द्वारा चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों नेमहिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्हें महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया गया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणापत्र में पुख्ता स्थान दिया गया। यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है! अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा।विकासशील देशों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुद्दे प्रायः विकसित देशों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित नहीं होते। प्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि जी-20 विमर्श में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और उद्यमिता के निष्कर्षों को जमीनी स्तर की महिला सामुदायिक नेताओं को शामिल किए बिना पूरा नहीं किया जा सकता। 'सर्वोत्तम कार्यप्रणाली प्लेबुक' (या बेस्ट प्रैक्टिसेज प्लेबुक)की विरासत में 'स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमियों और नेताओं का समर्थन' नामक एक नया फोकस क्षेत्र जोड़कर इसे समर्थन दिया गया।

इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा। डिजिटल जेंडर डिवाइड को पाटने की प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रतिबद्धता ने 2 से 4 अगस्त, 2023 तक आयोजित एमसीडब्ल्यूई के दौरान महिलाओं के डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अभूतपूर्व 'टेक इक्विटी' प्लेटफॉर्म के शुभारंभ में योगदान दिया। इसके अलावा, इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कौशल मंच की पहुंच का विस्तार करने के वास्ते एमसीडब्ल्यूई में जी-20 देशों के साथ साझेदारियां स्थापित की गई। यह प्लेटफॉर्म 120 से अधिक भाषाओं में उपलब्धहै और जी-20 देशों की लड़कियां और महिलाएं अपने करियर में उन्नति के क्रम में तेजी लाने के लिए डिजिटल स्किलिंग और अपस्किलिंग पाठ्यक्रमों में अब अपना पंजीकरण करा सकती हैं। एक अन्य ठोस परिणाम मेंटरशिप प्लेटफॉर्म रहा। इसे एक वैश्विक नखलिस्तान माना जा सकता है, जहां जी-20 देशों की महिला परामर्शदाता अपने अनुभवों और विशेषज्ञता को प्रशिक्षुओं के साथ साझा करती हैं, ताकि समस्त महिलाओं के सशक्तिकरण के सामूहिक विजन को साकार किया जा सके। प्रेरक कहानियां वास्तविक जीवन के उदाहरणों के जरिए सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हुए शक्तिशाली रोल मॉडल का काम करती हैं। पहली बार, भारत की अध्यक्षता मेंजी-20एम्पॉवर वेबसाइट 9 देशों की 73 प्रेरक कहानियों के लिए एक ऐसा मंच बन गई, जिसने जी-20 देशों में कामयाबी का परचम लहराने वाली महिलाओं की शानदार यात्राओं को वृत्तचित्रित किया। **(लेखकः श्री इंदीवर पांडे, सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय)**

महिला आरक्षण : किसका सपना पूरा होगा?

अरूण दीक्षित

महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान में 128 वाँ संशोधन किया जा रहा है।अनुच्छेद 368 के मुताबिक संसद में पारित हो जाने के बाद भी संविधान संशोधन के लिए देश के आधे राज्यों की सहमति आवश्यक है।आज जो स्थिति है उसके हिसाब से राज्यों का जरूरी समर्थन आसानी से मिल जायेगा। लेकिन इस काम में समय लगेगा।अगर सरकार चाहती तो यह काम तत्काल कर सकती थी।अगर ऐसा होता तो 2024 में लोकसभा में 181 महिला सांसद दिखाई देतीं! साथ ही यदि सरकार चाहे तो वह अब भी यह कानून तो बना ही सकती है कि सभी राजनीतिक दल 33 प्रतिशत टिकट महिलाओं को देंगे।इसमें न किसी परिसीमन की जरूरत होती और न ही संसद में संशोधन विधेयक पारित कराने की। अब होगा यह कि संसद में विधेयक पारित हो जाने के बाद भी महिलाओं को आरक्षण के लिए सालों तक इंतजार करना होगा।जनगणना और परिसीमन का काम कब तक हो पाएगा, यह आज बताने की स्थिति में खुद मोदी भी नहीं हैं। हां एक बात जरूर है - मंगलवार से ही मोदी की महिला मसीहा के रूप में प्राणप्रतिष्ठा शुरू हो गई है। संघ और बीजेपी के साथ साथ गोदी मीडिया भी इस काम में जुट गया है। मोदी तो हर मंच पर सीना ठोंक कर और ताली बजाकर इसका श्रेय लेंगे ही। सबसे पहले 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में इस आरक्षण को भुनाया जायेगा।आमतौर पर महिलाएं भावुक होती हैं।5 किलो अनाज मुफ्त में पाने वाली गरीब महिलाएं हों या लाडली लक्ष्मी के रूप में 1250 रुपए हर महीने पाने वाली।राजनीति में भाग्य आजमाने वाली हों या सरकारी नौकरी करने वाली।सभी को 33 प्रतिशत खाली सीटें दिखाई जाएंगी।उन्हें भावनाओं में बहाने के लिए लच्छेदार भाषण तो भगवान के नाम पर शुरू हो ही गए हैं।

एक बार फिर महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पेश हुआ है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो 1996 से लेकर अब तक की यह छठी कोशिश है।लेकिन यह पहली बार है जब किसी प्रधानमंत्री ने इतने विश्वास के साथ अचानक इसे पेश किया है।इस विश्वास की मूल वजह संसद सदस्यों का वह आंकड़ा है जो यह बता रहा है कि भले ही इस विधेयक पर विचार विमर्श नही किया गया है लेकिन संख्या बल इसे पारित करा सकता है। शायद यही वजह है कि अतिआत्मविश्वास से लबरेज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में यह कहते सुने गए कि - यह सपना अधूरा था!ईश्वर ने इसके लिए मुझे चुना!अब यह तो ईश्वर ही जानते होंगे कि उन्होंने मोदी को चुना है या फिर मोदी ने विधान सभा और लोकसभा चुनाओं को ध्यान में रख कर इस विधेयक को संसद में लाने के लिए यह समय चुना है।क्योंकि यह साफ है कि अभी संसद में पारित हो जाने के बाद भी यह विधेयक लागू नही हो पाएगा।अगर सब कुछ ठीक रहा तो 2029 में इसका असर दिखाई देगा।अभी यह सिर्फ चुनावी सभाओं में श्रेय लेने के काम आएगा।5 राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों को यदि छोड़ भी दें तो यह 2024 के लोकसभा चुनाव में भी यह लागू नहीं हो पाएगा।

उनकी मंशा और रणनीति पर बात करने से पहले एक नजर महिला आरक्षण को लेकर इससे पहले हुई कोशिशों पर डाल लेते हैं। संसद के इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि चर्चा भले ही चलती रही हो पर पहली ठोस कोशिश केंद्र में संयुक्त मोर्चा सरकार की अगुवाई कर रहे एच डी देवेगौड़ा ने की थी। करीब 27 साल पहले 12 सितंबर 1996 को तत्कालीन प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किया था।लेकिन उसका सबसे मुखर विरोध उनकी सरकार में शामिल लालू प्रसाद यादव,मुलायम सिंह यादव और शरद यादव ने किया था। इन तीनों नेताओं ने तब इस विधेयक पर क्या कहा था,संसद की कार्यवाही में दर्ज है। तब क्या क्या नहीं बोला गया था इस विधेयक के खिलाफ और तो और खुद बीजेपी भी इसके पक्ष में नही थी।

इसलिए इस विधेयक की अकाल मौत हो गई थी। इसके बाद अटलबिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी।जानकारी के मुताबिक तीन बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले अटल जी ने महिला आरक्षण विधेयक को पास कराने की तीन गंभीर कोशिशें की।चूंकि उनकी सरकार भी बैसाखियों पर टिकी थी इसलिए वे भी अपनी कोशिश में सफल नहीं हो पाए। इसके बाद 2010 में यूपीए सरकार की अगुवाई कर डाक्टर मनमोहन सिंह ने इस दिशा में प्रयास किया। तब यह विधेयक राज्यसभा में पारित हो गया था।लेकिन लोकसभा में पारित नही हो पाया था। मनमोहन सरकार भी सहयोगियों की बैशाखी के सहारे थी। इसलिए वे और उनकी पार्टी कांग्रेस भी कुछ ज्यादा नही कर पाई। महिला आरक्षण को लेकर एक तथ्य यह भी है कि इस दिशा में सबसे पहली कोशिश पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने की थी। उन्होंने 1989 में ग्राम पंचायतों,नगर पालिकाओं और नगर निगमों में महिलाओं को आरक्षण देने की बात की थी।

उनके निधन के बाद 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की सरकार ने इस संबंध में कानून बनाया था।

यह तो था महिलाओं को आरक्षण देने की कोशिशों का इतिहास! अब बात करते हैं वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की।पिछले दस साल में यह साफ हो चुका है कि मोदी को मनमाने फैसले लेने की आदत है जो उनके मन में आ जाए वे कर गुजरते हैं। नोटबंदी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वैसे तो ऐसे फैसलों की सूची बहुत लंबी है। लेकिन अब संघ और बीजेपी सहित सभी समझ चुके हैं कि मोदी जो करना चाहते हैं,वह करते हैं। लोकसभा में संख्या बल उनके पास है। राज्यसभा में उनकी टीम कुशल प्रबंधन के जरिए बहुमत जुटा लेती है। अतः लोकसभा चुनाव के 6 महीने पहले अचानक महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन की संज्ञा के साथ पेश किए जाने पर किसी को भी आश्चर्य नही हुआ। क्योंकि लोकतंत्र में चर्चा की जो जगह रही है उसे फिलहाल उन्होंने हाशिए पर धकेल रखा है। अपनी पार्टी के भीतर तो क्या वे जरूरी मुद्दों पर विपक्ष से भी चर्चा करना जरूरी नहीं समझते हैं। यही उनकी लोकतांत्रिक कार्यशैली है। महिला आरक्षण विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने भगवान की आड़ ली।उन्होंने कहा - यह अधूरा सपना था। ईश्वर ने इसके लिए मुझे चुना! अब ईश्वर से तो यह पूछ नही सकते कि आपने चुना या ये इकतरफा ऐलान आपके नाम पर किया गया है! लेकिन एक बात पूरी तरह साफ है कि मोदी इस विधेयक के जरिए एक बार फिर खुद को चुनवाना चाहते हैं। ईश्वर की आड़ उन्होंने स्थाई रूप से ले रखी है। संसद में जो विधेयक पेश हुआ है उसके पारित होने में कोई संदेह नहीं है।संख्या बल उनके पास है।साथ ही आज जो हालात हैं उन्हें देखते हुए कोई भी राजनीतिक दल इसका विरोध करने की स्थिति में नहीं है। मतलब मैदान साफ है।नारी शक्ति वंदन का श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को ही मिलेगा। समर्थन करने या न करने वालों की कोई गिनती ही नही होगी।

अब यह सवाल कि आखिर महिला आरक्षण कब से लागू हो पाएगा। विधेयक का जो मसौदा संसद के सामने रखा गया है उसके मुताबिक संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित हो जाने के बाद भी इसका लाभ महिलाओं को अगले लोकसभा चुनाव में नही मिलेगा। कानून बनने के बाद जनगणना होने और फिर उसके आधार पर लोकसभा सीटों का परिसीमन हो जाने के बाद ही महिलाओं के लिए आरक्षित होने वाली सीटें तय होंगी। राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों में यह आरक्षण लागू नहीं होगा।

यह स्पष्ट है कि 2026 से पहले महिला आरक्षण कानून बन जाने के बाद भी कागजों तक ही सीमित रहेगा। वर्तमान प्रारूप के मुताबिक अगर सब कुछ ठीक रहा तो 2027 में 8 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में महिला आरक्षण लागू हो पाएगा। मोदी इसका पूरा लाभ लेंगे! लेकिन जिनके नाम पर यह सब होगा उन्हें अभी अपने एक तिहाई हक के लिए इंतजार करना होगा।तब तक उन्हें सिर्फ÷वोट बैंक÷ की भूमिका में रह कर मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के सपने को पूरा करवाना होगा।यह भी संभव है कि चौथी पारी के लिए भी महिलाओं का ही सहारा लिया जाए! अब महिलाओं का अपना हक पाने का अधूरा सपना पूरा हो या न हो ..देश पर 20 साल राज करने का मोदी का सपना तो मजबूत होगा ही।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1621 ब्रिटेन के राजा जेम्स प्रथम ने सर एलेक्जेंडर स्टरलिंग को नोवा स्कॉशिया उपनिपेशीकरण का अधिकार पत्र दिया। 1677 नीदरलैंड के जॉन और निकोल्स वान डर हेडेन ने अग्निशामक यंत्र के लिए पेटेंट हासिल किया। 1745 चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्टडेफ के नेतृत्व में जैकबाइट रिस्सिंग-जैकबाइट की टुकड़ियों ने स्कॉटलैंड के ईस्ट लोथियन के प्रेस्टनोन में हनोवरियों को मार डाला। 1745 प्रेस्टन पैन की लड़ाईः बोनी प्रिंस चार्ल्स ने ब्रिटिश सरकार सेना को हराया। 1746 फ्रांसीसी अभियान सेना लबोरडननानिस और डुप्लेक्स मद्रास को घेरा। 1776 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-न्यूयॉर्क की महान आग ने न्यूयॉर्क शहर पर ब्रिटिश कब्जे के दौरान तोड़ दिया, 1,000 इमारतों को नष्ट कर दिया।

QUIZ TIME

1) हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत केंद्र सरकार ने पहले चरण में कितने रेलवे स्टेशन को शामिल किया है?

2) माही नदी का प्राचीन नाम क्या है?

3) मांसपेशियों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?

4) दर्पण को चमक देने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?

5) किस देश के प्रथम राष्ट्रपति मिर्सिया स्नेगुर का निधन हुआ था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 508 (2) माहीसागर (3) ट्रोपोनिन (4) सिल्वर नाइट्रेट (5) मालदीव

आज का पंचांग (गुरुवार, 21 सितम्बर)

सूर्योदय:06:18, सूर्यास्तः 06:23, चन्द्रोदय:10:44,चन्द्रास्त:21:14, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु:शरद, शक सम्वत:1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष शुक्ल, तिथि षष्ठी, नक्षत्र अनुराधा, योग विष्कुम्भ (03:06 से प्रीति), प्रथम करण बालव (14:16 तक), द्वितीय करण कौलव (02:19 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कन्या, चंद्र वृश्चिक (08:43 से), मंगल कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल 04:55 से 06:34, सर्वार्थसिद्धि योग 14:59 से 06:04, अमृतसिद्धि योग 14:59 से 06:04, रवियोग 14:59 से 06:04,विजय मुहूर्त 14:12 से 15:01, गोधूलि मुहूर्त 18:17 से 18:40,सायाह्न सन्ध्या 18:17 से 19:27, निशिता मुहूर्त 23:47 से 00:34,ब्रह्म मुहूर्त 04:30 से 05:17, राहुवास दक्षिण-पश्चिम, राहुकाल 13:30 से 15:00, यमगण्ड 07:35 से 09:07, होमाहुति बुध, दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पाताल (14:16 से पृथ्वी), चन्द्रवास पश्चिम (उत्तर 08:44 से), शिववास कैलाश पर (14:16 से नन्दी पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज के दिन आपके अंदर विलक्षण प्रतिभा देखने को मिलेगी। सामाजिक क्षेत्र पर आपके विचारों की प्रखरता भीड़ जोड़ने वाली रहेगी।

वृष-आजके दिन का प्रथम भाग मौन रहकर अथवा पूजा पाठ में बिताने से व्यर्थ के वाद विवाद से बच सकते है।

मिथुन-आपको आज दिन के पूर्वार्द्ध में अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है बनते कार्यो में उलझन पड़ने से मन नकारात्मक भाव से ग्रस्त रहेगा।

कर्क-आरम्भ में आप कई योजनाएं बनाएंगे परन्तु आलस्य अथवा लापरवाही के कारण विलम्ब होगा फिर भी आज आप अपनी सोच-समझ से कार्य करते हुए लाभ के हकदार बनेंगे।

सिंह-पूर्वार्ध को छोड़ शेष समय अशांति वाला रहेगा। दिन के आरम्भ में हास-परिहास के मूड में रहेंगे परिवार का वातावरण भी खुशहाल रहेगा।

कन्या-आज दिन के आरम्भ से ही आप धन कमाने के लिये मन ही मन योजना बनाएंगे परन्तु सहयोग कम मिलने से इसे फलीभूत होने में देरी होगी।

तुला-आपके द्वारा किए कार्यो से संतोषी रहेंगे। महिलाये इसके विपरीत जीवन मे कुछ ना कुछ कमी अनुभव करेंगी।

वृश्चिक-आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसे देर-अबेर पूरा करके ही मानेंगे।

धनु-आरम्भ में आपके लापरवाह स्वभाव के चलते किसी महत्त्वपूर्ण कार्य मे।विलम्ब अथवा हानि हो सकती है।

मकर-आज दिन का प्रथम भाग आपको सफलता एवं सम्मान दोनो दिलाएगा। पूर्व आयोजित कार्यो से धन लाभ होगा नए कार्यो में भी निवेश करेंगे।

कुंभ-घरेलू एवं व्यावसायिक कार्य एक साथ आने से थोड़े परेशान होंगे लेकिन किसी का सहयोग मिलने से इससे निजात पा लेंगे।

मीन-आरम्भ में परिस्थिति पूर्ववत बनी रहेगी। सेहत भी साथ ना देने से कार्यो के प्रति उत्साह नही बनेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -192

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 191 का हल

न्यूज गैलरी

रंजिश: पड़ोसी युवक व उसके माता-पिता से मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश पर पड़ोसी परिवार की युवक की लाठी से पिटाई की। मां-पिता बीच बचाने करने आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला किया। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। ग्राम आंकडीह निवासी जगमोहन टंडन खेती किसानी करते हैं। 16 सितंबर की रात करीब 10 बजे परिवार के साथ घर में खाना खाकर टीवी देख रहे थे। उसी समय घर के सामने दरवाजे के पास आकर पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी कुंदन टंडन और रविंदर टंडन गाली.गलौज कर रहे थे। उनके पास जाकर मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे डंडा से मारपीट करने लगे। पिता बीच बचाव करने आए तो दशेलाल टंडन व मां कौशिल्या बाई के साथ भी उन्होंने मारपीट की।

किसान के सूने मकान में50 हजार की चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। किसान के सूने मकान से चोर दिन दहाड़े कैशए जेवर व राशन ले गए। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है। ग्राम छेकराबांधा निवासी भागवत प्रसाद यादव गांव में खेती-किसानी करते हैं। 16 सितंबर की सुबह अपनी पत्नी के साथ काम पर गए थे। घर पर ताला लगा था। दोपहर करीब 2 बजे वापस पहुंचे तो ताला टूटा था। घर से 5 हजारए जेवरए राशन सहित सहित करीब 50 हजार के सामान गायब थे। पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर से खेत जा रहे युवक की पिटाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर से खेत जा रहे एक युवक की गांव के कुछ बदमाशों ने पिटाई कर दी। इससे युवक को गंभीर चोट आई है। उसे सिम्स में भर्ती कराया गया है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। ग्राम बिनैका निवासी भगवानी जागड़े रोजी-मजदूरी करता है। 16 सितंबर की शाम करीब 7ए10 बजे वह खेत जा रहा था। चिरौंजी पेड़ के पास पहुंचा था। यहां पहले से बड़कू पुरेना, जितेन्द्र पुरेना, नागेश पुरैना और अन्य साथी खड़े थे। पुरानी रंजिश के चलते बड़कूए जितेंद्र और नागेश ने भगवानी के साथ गाली.गलौज शुरू कर दी। उसने मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए तीनों ने हाथ मुक्के से मारपीट की। बड़कू ने लाठी से सिर पर वार किया। इससे वह जमीन पर गिर गया।

छात्रों ने बनाए मिट्टी के गणेश संदेश दिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण को महत्व देने के लिए शासकीय हाई मिडिल एवं प्राथमिक विद्यालय लिंगियाडीह में ही वर्षभर विविध आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में व्याख्याता रश्मि गुप्ता के निर्देशन में प्रतिवर्ष विद्यार्थी मिट्टी के गणेश बनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर उनकी पूजा कर गमले में विसर्जन करते हैं। फिर गमले में सुंदर-सुंदर फूल वाले पौधे लगाते हैं। इस वर्ष अपर्णा भोईए आशा बंसलए निम्मी भोईए आशा देवांगनए विशाल सिंह ठाकुरए पिंकी साहू और आशीष ध्रुव ने बनाए। प्राचार्य मंजू सिंहए प्रधान पाठक श्रीपाल सिंहए प्रधान पाठिका वीणा शर्मा ने बच्चों की कला को सराहा।

गौसेवक कर रहे वृंदावन तक पदयात्रा, हुआ स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। गौ प्रतिष्ठा पद यात्रा गौसेवा से हवन पूजन के बाद शुरू हुई। यात्रा वृंदावन जाएगी। गौसेवा धाम से शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पद यात्रा सिम्स चौक पहुंची। जहां हिंदू एकता संगठन के युवाओं ने पुष्प वर्षा कर पद यात्रा में चल रहे गौसेवक विपुल शर्माए रेखा शर्माए रवि ताम्रकारए गोपाल कृष्ण रामानुज दासए शत्रुघन कृष्ण का स्वागत किया। देवकीनंदन चौक पर पार्षद राजेश सिंह के नेतृत्व में व्यापारी संघ ने स्वागत किया। इस अवसर पर रायपुर के मोण् फैज खानए ओमेश बिसेनए राजा पांडेय अन्य मौजूद रहे।

इंडो एशिया लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित हुए संजय

बिलासपुर/नवप्रदेश। जयपुर में लेखकए फिल्म समीक्षक ब्लॉगर व द फिल्म फाउंडेशन ट्रस्ट के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट व शहर के संजय अनंत को वर्ष 2023 का इंडो एशिया लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान एक्ट्रेस भाग्य श्री द्वारा दिया गया। आयोजन जयपुर के आर्या इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मुख्य कैंपस में हुआ। छत्तीसगढ़ फिल्म एसोसिएशन के अध्यक्ष व द फिल्म फाउंडेशन ट्रस्ट के छत्तीसगढ़ प्रमुख योगेश अग्रवाल ने इसे छत्तीसगढ़ की उपलब्धि बताया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सेक्रेट्री डॉ. अविजीत रायजादाए डॉ. भारती भट्टाचार्य, डॉ. मनीष बुधिया, संजय रजकए प्रफुल्ल सिन्हा सहित अन्य ने बधाई दी।

एचपीसीएल ने लगाया शिविर, दवा और चश्मा दिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन व ड्राइवर डे के उपलक्ष्य में ओन ट्रांसपोर्ट एंड ट्रैवलर्स, गुंबर पेट्रोल पंप सिरगिट्टी में एचपीसीएल और पुलिस थाना सिरगिट्टी के सहयोग से मेडिकल कैंप एवं आई चेकअप का आयोजन किया गया। इस कैंप में डॉ. दीपक कुमार देवांगन द्वारा सभी ड्राइवर्स का मेडिकल चेकअप कर जरूरी दवाइयां दी गई। सपना ऑप्टिकल्स के उमेश्वर पांडे की द्वारा ड्राइवर्स के आंखों का चेकअप कर चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर का एचपीसीएल के सेल्स ऑफिसर निखिलेश डिग्सेए ऋषभ झाए अनुराग कुमार, पंप के संचालक सुरेन्द्र गुम्बर, शंकर राव, सुपरमनी, शुभम यादव, प्रेम यादव, दिलीप, नीलेश्वरी साहू, सिरगिट्टी थाने के टीआई नवीन कुमार देवांगन मौजूद रहे।

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर किसान को पीटा

बिलासपुर/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर बाइक सवार ने किसान की लाठी से पिटाई कर दी। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है। ग्राम छतौना निवासी जितेन्द्र कुमार साहू खेती-किसानी करता है। शनिवार की देर शाम वह बाइक क्रमांक सीजी 10 ए एफ 8926 से छतौना से चकरभाठा जाने के लिए निकला था। ओवरब्रिज के पास पहुंचाए तभी उसे चकरभाठा वार्ड क्रमांक 9 निवासी भालू वर्मा व उसके साथियों ने रोक लिया। उन्होंने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। इनकार करने पर मिलकर उसे लाठी से पीटे।

सूने घर का ताला तोड़कर जेवर ले गए चोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला के पुराने मकान का ताला तोड़कर चोर वहां से चांदी के जेवर ले गए। मंगला अरपन विहार कॉलोनी निवासी अशोक तिवारी मीडिया कर्मी है। आजाद चौक पर पुराना मकान है। यहां उनकी मां रोज शाम को दीपक जलाने जाती हैं। 15 सितंबर की शाम दीपक जलाकर वापस चली गई। 16 सितंबर को तो चोरी हो गई थी। मकान का ताला टूटा हुआ था और भीतर से करीब 35 हजार कीमती चांदी के जेवर गायब थे। सिविल लाइन पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।

कुश्ती स्पर्धाः जिले से महिला खिलाड़ियों का चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की बेटियों ने कुश्ती जैसे साहसिक खेल के 23 वें राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में चयनित होकर कमाल कर दिखाया है।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनपुर से उमा केवट कक्षा 10 वीं जानवी विश्वकर्मा कक्षा 9 मीं रुपाली यादव कक्षा 9वीं जेसिका जगत कक्षा 11 वीं व ममता 12वीं का चयन राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

संयुक्त महिला संगठन ने मतदान करने का लिया निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। संयुक्त महिला संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पर एक गोष्ठी उषा शाह के फार्म हाउस में आयोजित की गई। जिसमें संकल्प लिया गया कि आगामी चुनाव में संगठन के सभी सदस्य परिवार एवं परिचित सहित शतप्रतिशत मतदान करेंगे। इसके अलावा अपने स्टाफए घरेलू कर्मचारियों सभी को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। महिलाओं ने यह भी कहा कि शतप्रतिशत मतदान हेतु महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान भी चलाएंगी। गोष्ठी के प्रारंभ में अध्यक्ष विद्या केडिया ने कहा कि सभी मतदान के दिन अपने कर्मचारियों को छुट्टी दें तथा उन्हें समझाएँ की जहाँ जहाँ उनका परिचय है उन्हें भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

तीन गांव की मुख्य सड़कें गड्ढों में तब्दील

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत जलसो, भरारी और सुलौनी की सड़क बीते 3 साल से खस्ताहाल है। बीते दिनों हुई बारिश की वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि 2018 में 30 लाख रुपए की लागत से सड़क बनाई गई थी, जो गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधि से की है, लेकिन स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

सड़क निर्माण के लिए तीनों गांव के ग्रामीण पीडब्ल्यूडी विभाग व पीएमजेवाई के कार्यालय का चक्कर काट रहे है। इसके बाद भी लोगों की समस्या की और विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। बीते दिनों जिले में भारी बारिश हुई, इस

वजह से सड़क के गड्ढों में पानी भर गया है और लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलसो, भरारी और सुलौनी गांव के लोग हादसे के खतरे के बीच आवाजाही कर रहे है। सड़क बीते तीन साल में पूर्ण रूप से गड्ढें में तब्दील हो चुकी है। लेकिन विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के इंजीनियर राम देवांगन में जानकारी देते हुए बताया कि जलसो, भरारी, सुलौनी गांव की ढाई किलोमीटर की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क की योजना के तहत बनाई गई है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे द्वारा बनाई गई सड़क खस्ताहाल नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि बीच-बीच में सड़क की देखरेख और मरम्मत कार्य विभाग द्वारा किया जाता है। जो सड़क खराब स्थिति में है, वह पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनाई गई सड़क है।

इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी तबीयत मासूम की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सर्दी.खांसी से पीड़ित सात माह के मासूम बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों के मुताबिक अस्पताल में बच्चे को नेबुलाइज किया जा रहा था। इस दौरान इंजेक्शन भी लगाया गया जिसके बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ गई। फिर उसे आईसीयू में ले जाया गया और उसकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। कोनी निवासी रजनीकांत गुप्ता ने बताया कि उनके सात महीने के बेटे को सर्दी.खांसी हो गई थी। उसे लेकर इलाज कराने के लिए वेयर हाउस रोड स्थित उदय चिल्ड्रन अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरने जांच के बाद बच्चे को नेबुलाइज करने के लिए कहा। साथ ही अपने स्टाफ को इंजेक्शन लगाने के लिए बोला। इस दौरान परिजन से कहा गया कि कुछ दिनों तक इलाज के बाद वह ठीक हो जाएगा। डॉक्टर के कहने पर रजनीकांत अपने मासूम बच्चे को नेबुलाइजेशन के लिए लेकर गए। मशीन से भाप देने के बाद बच्चे को इंजेक्शन लगाया गया जिसके कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद स्टाफ ने उसे आईसीयू में शिफ्ट किया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर आईसीयू के बाहर परिजन बच्चे का हाल जानने के लिए परेशान थे। इसी दौरान डॉक्टर ने उन्हें बताया कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह खबर सुनकर परिजन हैरान रह गए। उन्होंने अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया और डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई।

जादू-टोने के नाम पर महिला को घसीटा, घर में घुसकर पति और बेटे पर हंसिए से हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला पर जादू.टोना करने का आरोप लगाकर पड़ोस के रहने वाले परिवार वालों ने घर में घुसकर जमकर पिटाई कर दी। फिर बाल पकड़कर घसीटने लगे। इस दौरान बीच.बचाव करने आए परिजनों को हमलावरों ने जिंदा जलाने की धमकी देते हुए धारदार हंसिया से वार कर दिया। इस हमले में महिला का पति व बेटा घायल हो गए। पुलिस ने हमलावरों पर केस दर्ज कर लिया है। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। खैरा में रहने वाली महिला क्ष्मीन पटेल ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते रविवार की शाम वह घर में थी। उसी समय पड़ोसी मुन्ना साहूए संतोष साहू जलेश्वरी साहू और परेश साहू उसके घर के पास आ गए। उन्होंने जादू-टोना करने और अपने परिवार और गांव वालों पर टोटका करने का आरोप लगाते हुए महिला को गाली देने लगे। महिला के विरोध करने पर उन लोगों ने पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। महिला के साथ मारपीट करते देखकर उसका पति बृजमोहन पटेल और बेटा हिरेंद्र पटेल दौड़कर बीच-बचाव करने पहुंचे। तब हमलावरों ने उन्हें जिंदा जलाने की धमकी देते हुए हंसिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे महिला का पति और बेटा घायल हो गया। इस बीच किसी तरह जान बचाकर भागी महिला और उसके परिवार के सदस्यों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद घायलों का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया।

अभियान: रेल अफसर व कर्मियों ने स्टेशन परिसर को किया साफ

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छ स्टेशन थीम पर अभियान चलाया गया। इस दौरान नामित रेल अधिकारी व कर्मचारियों ने स्टेशन की सफाई की। झाडू भी लगाए। इसके अलावा डस्टबीन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। यात्रियों से गुजारिश भी की गई कि स्टेशन या ट्रेन में गंदगी न फैलाएं। उनकी जागरूकता से स्टेशन ट्रेन व सर्कुलेटिंग एरिया को साफ-सुथरा रखा जा सकता है।

यह स्वच्छता पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को स्वच्छ स्टेशन थीम पर मंडल के सभी छोटे स्टेशनों पर स्टेशन परिसरए रेलवे ट्रैक के आस.पासए रेलवे कालोनियों आदि में स्वच्छ वातावरण मुहैया कराने के लिए नामित

अधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा गहन सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ स्टेशन परिसर प्लेटफार्मों कांकोर्स एरियाए सर्कुलेटिंग एरियाए एफओबीए रेलवे ट्रैकए शौचालयों की सफाई सुनिश्चित कराई। इसके अलावा यात्रियों से स्टेशन पर कचरे को निर्धारित डस्टबीन में ही डालनेए प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग बंद करने एवं स्टेशन की स्वच्छता को बनाए रखने में रेल प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। स्वच्छता की निगरानी को सीसीटीवी के माध्यम से सुनिश्चित किया गया। स्टेशन परिसर में उपलब्ध बोटल क्रासिंग मशीन का उपयोग करने के बारे में यात्रियों को जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा श्रमदान भी किया गया।

बारिश न होने से बढ़ा तापमान उमस व गर्मी से लोग हलाकान

बिलासपुर/नवप्रदेश। पिछले कई दिनों से बारिश न होने की वजह से एक बार फिर गर्मी व उमस में बढ़ोतरी हो गई है। जिससे लोग परेशान हैं। हालांकि धूप.छांव का क्रम जरूर चल रहा हैए पर बारिश नहीं हो रही है। मंगलवार को अधिकतम 33.5 और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया। दिन भर धूप.छांव की स्थिति बनी रही पर बारिश नहीं हुई। जिससे दिन भर गर्मी व उमस से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर.पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती परिसंचरण स्थित है। एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल.ओडिशा के तट में बंगाल की खाड़ी के उत्तर.पश्चिम में 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है और ऊंचाई के साथ दक्षिण.पश्चिम की ओर झुका हुआ है। अगले 2 दिन के दौरान उत्तर ओडिशा व दक्षिण झारखंड में पश्चिम.उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

अभियंता राष्ट्र निर्माण में सबसे अग्रणी सिपाही : त्रिवेदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छग डिग्री इंजीनियर एसोसिएशन ने अभियंता दिवस मनाया। समारोह में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या के योगदान को अभियंताओं व अतिथियों ने याद करते हुए उनके जीवन के छोटे-छोटे प्रेरक प्रसंग बताए। मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अभियंताओं को राष्ट्र निर्माण में सबसे अग्रणी सिपाही बताया। एसोसिएशन ने बिलासा ब्लड बैंक के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। समारोह के बाद रात्रि में सुगम संगीत कार्यक्रम, क्विज कंपीटीशन का आयोजन भी किया गया। इंजी यूके सूरज ने गीत की प्रस्तुति दी। छग डिग्री इंजीनियर एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर मनीष राठौर ने अभियंताओं के विषय पर स्वरचित कविता पाठ किया। इंजीनियर आरपी साहू को उत्कृष्टता पुरस्कार भी दिया गया। इंजीनियर सुरेश को बेस्ट इंजीनियर ऑफ द ईयर का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में छग डिग्री इंजीनियर एसोसिएशन से संरक्षक एनआर चौधरी, प्रांताध्यक्ष शांतनु विश्वास, प्रांतीय महासचिव इंजीनियर मनीष राठौर मौजूद रहे।

प्रदेश के चार शहरों में सैनिक स्कूल की मंजूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आधारशिला विद्या मंदिर अब सैनिक स्कूल आधारशिला विद्या मंदिर होगा। केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय से संबद्ध सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर सैनिक स्कूल के लिए आवेदन मंगाए थेए जिसमें देशभर के 23 स्कूलों को चयनित किया गया है। बिलासपुर जिले में आधारशिला विद्या मंदिरए रमतला रोड कोनी का चयन किया गया है।

अब तक राज्य में सिर्फ अंबिकापुर में ही सैनिक स्कूल था। लंबे समय से अन्य शहरों में भी सैनिक स्कूल खोलने की मांग की जा रही थी। बिलासपुर में आधारशिला विद्या मंदिर में सैनिक स्कूल खुलने से शहर व आसपास के जिले के विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी सुविधा। स्कूल रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित होगी। नए सत्र से कक्षा 6वी से प्रवेश दिया जाएगाए जिसमें हॉस्टल और डे बोर्डिंग की सुविधा होगी। आधारशिला विद्या मंदिर का संचालन संदीपनी एजुकेशन सोसायटी द्वारा किया जाता है। एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने सोसायटी के चेयरमैन डॉण् अजय श्रीवास्तवए डायरेक्टर श्री संजीव जनस्वामीए प्राचार्य जीआर मधुलिकाए समन्वयक जोशी जोस के निरंतर प्रयास की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

सैनिक स्कूल की चयन प्रक्रिया में सभी पहलुओं को देखा जाता है। आवेदन करने के बाद सेना के अधिकारियों ने यहां आकर निरीक्षण किया जिसमें क्लास रूम की संख्या वाश रूम, हॉस्टल, प्ले ग्राउंड, विभिन्न अकादमिक, सांस्कृतिक, खेल और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित गतिविधियां और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए आधारशिला विद्या मंदिर का चयन किया गया।

आरपीएफ ने महिला यात्री को पहुंचाया अस्पताल

बिलासपुर। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहती है। एक बार फिर उन्होंने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अस्वस्थ महिला को समय पर इलाज के लिए रेलवे अस्पताल पहुंचाया। महिला यात्री अपने पुत्र के साथ अकेले यात्रा कर रही थी। पुत्र के द्वारा मदद मांगने पर आरपीएफ आगे आई। किसी यात्री का इस तरह सहयोग करने का यह पहला मामला नहीं है। कई बार आरपीएफ इसी तरह मदद कर यात्रियों के बीच संदेश पहुंचाती है कि यात्री महिला हो या पुरुष उनकी मदद करेंगे। इसलिए कभी भी इस तरह की स्थिति आने पर संकोच न करें और तत्काल सूचना दें। इस बार उन्होंने महिला यात्री की मदद कीए जो अस्वस्थ थीं। दरअसल मामला 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस का है। यह ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक तीन पर 16:27 बजे पहुंची।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले अखंड भारत से लेकर स्वतंत्र भारत तक देश धर्म की अस्मिता की लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाली वीर बलिदानियों के सम्मान में रविवार को बिलासपुर में शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने निकाली। गुरुनानक चौक से बाइक और चार पहिया वाहन में रैली निकली। सभी छत्तीसगढ़ स्कूल में एकत्रित हुए। यहां शौर्य जागरण सभा हुई। मुख्य वक्ता बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दानोरिया रहे। राष्ट्रीय संयोजक दानोरिया ने समाज को दिगभ्रमित इतिहास पढ़ाया जाना और हिंदू राजाओं का शौर्य छिपाने की बात कही। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से कहा कि खंड प्रखंड ग्राम इकाई तक जाकर हिंदू राजाओं की बलिदानों का बताना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रवीण झा ने की। उन्होंने कहा कि समाज में पहली विकृतियों को दूर करने जात.पात के बंधनों से उठकर कार्य करने वह हिंदू समाज को एकत्रित होने होगा। प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे ने विश्व हिंदू परिषद का प्रस्तावना रखा और 5 बिन्दुओं में कार्यक्रम का उद्देश्य साझा किया। बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा, सेवा संघ के विभाग सह संघ चालक डॉ विनोद तिवारी विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. ललित माखिजाए विहिप के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता रहे।

खेलो इंडिया : दौड़ में नीता शीतल व सोनिका ने मारी बाजी

बिलासपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया के तहत आयोजित हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिताए 150 महिला खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर बहतराई स्थित स्टेडियम में खेलो इंडिया प्रतियोगिता के तहत महिला एथलेटिक्स का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित दौड़ के अलग.अलग इवेंट में नीता सलाम शीतल व सोनिका राजवाड़े ने बाजी मारी।

प्रतियोगिता में 150 महिला खिलाड़ियों के अलावा 35 आफिसियल्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्टेडियम की उपयोगिता लगातार आयोजनों के लिए हो रही है और छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के सराहनीय प्रयास से राष्ट्रीय व राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं का सफल आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के अध्यक्ष डा. अजय कुमार सिंह ने कहा महिलाओं की जीवटता से उनके प्रदर्शन में सुधार हो रहा है। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ जिलों की एथलेटिक्स में सहभागिता लगातार बढ़ रही है। अतिथियों के उदबोधन के बाद मुकाबला शुरू हुआ। इस दौरान 5000 मीटर में नीता सलम प्रथम

रायपुर की इशारानी सिंह द्वितीय और राजनांदगांव की साक्षी यादव तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बाद 1500 मीटर का मुकाबला हुआ। इसमें दुर्ग की शीतल प्रथमए सरगुजा की सरस्वती सिंह द्वितीय और राजनांदगांव की नीता सलम तीसरे स्थान पर रहीं। 3000 मीटर दौड़ में प्रथम सोनिका राजवाड़े सूरजपुर द्वितीय कुमाली पोयम बस्तर तृतीय सरस्वती सरगुजा 800 मीटर में प्रथम हर्षा बिलासपुर द्वितीय नीलम यादव तृतीय भीमेश्वरी मांडवी कोंडागांव रहीं। इसी तरह 400 मीटर में प्रथम अंकिता यादव द्वितीय शाहीन खातून रायपुर तृतीय प्रियंका कुड़ियान बीजापुर रहीं। 200 मीटर दौड़ में रायपुर की अनन्या पांडेय प्रथम नबोनिता बेरा द्वितीय और बिलासपुर की आयुषी तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह शाटपुट में दुर्ग की मिताली विश्वास प्रथम सूरजपुर की सोनवती द्वितीय और रायपुर की ध्रुवी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान लंबी कूद भाला फेंक का भी आयोजन हुआ। लंबी कूद में कांकेर की तारिका तेता प्रथमए अनन्या पांडेय द्वितीय और नबोनीता बेरा तृतीय रहीं। भाला फेंक में रायपुर की ध्रुवी साहू प्रथम शीतल साहू द्वितीय और बस्तर की बेदमती कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो में मिताली विश्वास प्रथम और ऊंची कूद में सूरजपुर की सोनवती ने बाजी मारी।

नौसिखियें बेधड़क होकर सड़कों पर चला रहे ट्रैक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर व नगर से सटे इलाकों में बेधड़क होकर फर्राटे के साथ नौसिखियें ट्रैक्टर चलाते दिखाई पड़ते है जिससे हर समय एक बड़ी दुर्घटना की सम्भावना बनी होती है। नवसिखिएं ट्रेक्टर ड्रायवरों के चलते क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या में ईजाफा हो रहा हैं। ट्रेक्टर ट्राली में कई बार सवारियों को बैठाकर दुरस्थ क्षेत्र में आने-जाने का कार्य किया जाता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं। प्रशासन भी इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही हैं।

नगर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्य जैसे-जैसे बढ़ रही है वैसे-वैसे मुख्य मालवाहक के रूप में ट्रैक्टरों की संख्या में दिनोदिन नगर व आस-पास के क्षेत्रों में बढ़ोत्तरी हो रही हैं। इन ट्रैक्टरों के संचालक रूपये बनाने के फेर में अपनी ट्रैक्टरों की बागडोर ऐसे नवसिखिएं चालक को थमा देते हैं, जिन्हें चालक का गुण सीखे जुम्मा-जुम्मा चार दिन ही होते हैं। ऐसी परिस्थिति में जहां दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है और कई बेगुनाहों को उनकी गलती का खामियाजा अपनी जान देकर चुकाना पड़ता हैं। ऐसी कई दुर्घटनाएं घट चुकी है, लेकिन आज तक किसी भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी ने ट्रैक्टर चालकों की लायसेंस की जांच करना उचित नहीं समझा। जिनके कारण आज नगर व नगर से सटे इलाकों में बेधड़क होकर फर्राटे के साथ नौसिखियें ट्रैक्टर चलाते दिखाई पड़ते है। ऐसा दृश्य नगर सहित बिलासपुर, पण्डरिया, रायपुर, नवागढ़ रोड सहित अनेक सड़कों पर हर रोज देखा जा सकता हैं। जिससे हर समय एक बड़ी दुर्घटना की सम्भावना बनी होती है। इन मार्गो पर छोटी-मोटी घटनाएं ट्रैक्टर की ठोकर से होती ही रहती है शहर के अंदर आने पर भी इन वाहन चालकों की रफ्तार में कमी नहीं आती और तेज गति बाहर कब किसे मार्ग पर अपनी चपेट में ले ले, किसी को पता नहीं होता। इन मार्गो पर शहर से ईट भट्टे, क्रेशर व नदी होने के कारण दिन भर ट्रेक्टर निर्माण की इन सामग्रियों को ढ़ोते रहते हैं। जिनमें नाबालिग नौसिखिए ट्रैक्टर चालकों की संख्या अधिक होती है और ये नौसिखिये ट्रैक्टर चालक फर्राटे के साथ ट्रैक्टर चलाते देखा जा सकता है। इस कार्य में लगभग कम उम्र के लड़कों को ही रखा जाता है। दिनभर में सैकड़ों ट्रैक्टर इन मार्गो पर आवागमन करती है, इस दौरान शहर में हो या फिर शहर से लगे गांव में हो इनकी रफ्तार में कमी नहीं होती विगत दिनों इन मार्गो में जितने भी ट्रैक्टर चलते हैं, उन्हें चलाने वाले अधिकांश लोगो के पास लाइसेंस नहीं होता ये लोग ट्रैक्टर में काम करते-करते ड्रायविंग सीखने व चालक के नहीं आने पर मौका पाकर ड्रायवर बन जाते है और दो तीन बार सामग्री को यथा पहुंचाने के बाद अपने आप को चालक के रूप में घोषित कर देते हैं। पुलिस व यातायात पुलिस के द्वारा समय-समय पर चैक-चैराहों पर मोटर सायकल, ट्रक, जीप सहित अन्य वाहनों की चेकिंग किया जाता है, कभी-कभी केवल बाइक पर तो कभी चार चक्के वाहनों पर ड्रायविंग लायसेंस का सघन चेकिंग किया जाता है लेकिन एक बार भी ट्रेक्टर चालक की लायसेंस की चेकिंग एक बार भी नहीं किया जाता है। किया जाता है तो सिर्फ गिट्टी, बालू की पीट पास की। ऐसी स्थिति में ट्रैक्टर चालकों के हौसले बुलंद हो जाते है और धड़ल्ले से बेखौफ होकर फर्राटे के साथ ट्रैक्टर चलाते देखे जा सकते हैं ऐसी परिस्थिति में विभाग के मौन रवैया पर अंकुश नहीं लगाने से एक बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। उल्लेखनीय है कि कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर का कागजात तैयार कराकर व्यावसायिक उपयोग खुलेआम किया जा रहा हैं।

38वें चक्रधर समारोह का हुआ गरिमामयी शुभारंभ

■ **त्रि-दिवसीय आयोजन में दिखेगी कला के विभिन्न रूपों की झलक**

रायगढ़/नवप्रदेश। 38 वें चक्रधर समारोह का आज नगर निगम ऑडिटोरियम में शुभारंभ हुआ। विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक व विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया ने दीप प्रज्जवलित कर 38 वें चक्रधर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक रायगढ़ श्री नायक ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह अपने 38 वें बरस में पहुंच गया है। लंबे अंतराल के बाद शहर का गौरव चक्रधर समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इससे कला बिरादरी में उत्साह है। इस आयोजन के माध्यम से कला के विविध रूपों से रूबरू होने का मौका दर्शकों को मिलेगा। उन्होंने सभी कलाकारों को शुभकामनाएं दीं। विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि रायगढ़ सुर ताल की नगरी है और चक्रधर समारोह ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि पाई है। इसके आयोजन से कलाकारों की प्रतिभा से परिचित होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल व महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर कहा राजा चक्रधर सिंह स्वयं एक उम्दा कलाकार थे साथ ही कलाकारों के उदार संरक्षक थे। उन्होंने कुंवर भानुप्रताप सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस बार नवोदित प्रतिभाओं को अधिक से अधिक मौके देने का प्रयास किया है। जिससे उदीयमान कलाकारों को प्रोत्साहन मिले। रायगढ़ कला मर्मग्यों की नगरी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की पहल पर यहां रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया।

डेंगू की रोकथाम को लेकर शहर में टेमिफॉस स्प्रे और फॉगिंग जारी

■ **मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शुरु किया डोर टू डोर जन जागरूकता एवं डेंगू सर्वे अभियान**

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर शहर में डेंगू के मामलों को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा वार्डो में सोर्स रिडक्शन के लिए टेमिफॉस दवा का स्प्रे और फॉगिंग के साथ डोर टू डोर अभियान शुरू कर दिया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जन जागरूकता एवं डेंगू सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया हैं।

नगर पालिक निगम रायगढ़ के डेंगू प्रभावित वार्डो में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन लोगों के घरों तक पहुंच कर स्वयं के बचाव के संबंध में जानकारी देने के साथ ही सर्वे कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही पानी जमा वाले स्थानों, डेंगू के मच्छरों के पनपने के स्थानों की निरीक्षण व जल निकासी का कार्य करते हुए पाम्पलेट प्रदान कर लोगों जागरूक कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देश पर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रुप से शहर के सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में जहां डेंगू के मरीज अधिक पाए गए हैं, उन स्थानों में सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही कर रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों में चल रहे सफाई किए गए स्थानों में ब्लीचिंग पाउडर डाले एवं इलाकों में फॉगिंग मशीन भी चलाई जा रही हैं। जिससे शहर में डेंगू को नियंत्रित किया जा सकें।

स्वास्थ्य विभाग एडवायजरी जारी कर निर्देशों के पालन करने की कर रही अपील डेंगू के बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने एडवायजरी जारी की हैं। जिसमें डेंगू से बचने के उपाय बताया गया हैं, जिसका पालन करने शहर वासियों को अपील की गई हैं। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे भी की जा रही हैं।

नगर निगम की टीम लगी सोर्स रिडक्शन में, वार्डो में टेमिफॉस स्प्रे के साथ की जा रही फॉगिंग शहर में डेंगू के बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने कलेक्टर श्री सिन्हा ने बैठक लेकर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए थे। नगर निगम द्वारा वार्डो में डेंगू के लार्वा के सोर्स रिडक्शन को लेकर हॉट स्पॉट वाली जगहों में टेमिफॉस का स्प्रे करवाया जा रहा है। इसके साथ ही अत्यधिक प्रभावित वार्डो में फॉगिंग करवायी जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि डेंगू नियंत्रण को लेकर लगातार विशेष सोर्स रिडक्शन अभियान जारी रहेगा।

टॉप-30 में जगह हासिल करने मैदान में 88 खिलाड़ियों ने दिखाया क्रिकेट का दम

■ **सीनियर वर्ग व अंडर 23 चयन प्रक्रिया में 65 से अधिक खिलाड़ी हुए सिलेक्शन ट्रायल में शामिल**

कोरबा/नवप्रदेश। क्रिकेट की जिला स्तरीय क्रिकेट टीम में जगह बनाने खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में सीनियर में 65 और अंडर-23 आयु वर्ग में 23 समेत कुल 88 खिलाड़ियों ने मैदान में अपनी क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन किया, ताकि टॉप 30 की लिस्ट में जगह बना सकें। तय मापदंडों का अनुसरण करते हुए अगले लेवल में प्रवेश करने वाले खिलाड़ियों की सूची तैयार की जा रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देश पर कोरबा जिला क्रिकेट संघ द्वारा रविवार को एसईसीएल के सेंट्रल स्टेडियम में अंडर 23 व सीनियर वर्ग टीम के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई।जहां 60 से अधिक खिलाड़ियों हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों की बैटिंग, बॉलिंग व फिल्डिंग के आधार पर सर्वश्रेष्ठ 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देश पर खिलाड़ियों का कैंप आयोजित किया जाएगा जहां उनकी फिजिकल फिटनेस बैटिंग बॉलिंग व प्रैक्टिस मैच के आधार पर अंतिम 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो अंतर जिला प्रतियोगिता में कोरबा जिला क्रिकेट संघ की टीम शामिल होंगे। चयनकर्ता के रूप में करतार सिंह,एमडी वासिम,अजय राय, अनिल प्रजापति उपस्थिति रहें। बतौर पर्यवेक्षक जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी सचिव जीत सिंह, छत लाल यादव भी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में एक ही दिन अंडर-23 व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया आयोजित की गई है।

एक्सिस बैंक डकैती कांड पर भड़के भाजपा नेता

■ **बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर के लिए स्थानीय शासन जिम्मेदार : विकास केडिया**

रायगढ़/नवप्रदेश। बीते कुछ सालों में रायगढ़ जिला मुख्यालय में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया ने स्थानीय शासन और पुलिसिया तंत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पौने पांच साल के कार्यकाल के दौरान पूरे राज्य सहित हमारे रायगढ़ अंचल में दिनदहाड़े हत्या, लूट, चोरी और डकैती जैसी अपराधिक घटनाएं अब सामान्य बात होती जा रही हैं, मानों अपराधियों के मन में पुलिस और कानून को लेकर कोई भय नाम की चीज ही न हो।

स्थानीय शासन , विधायक और पुलिसिया तंत्र को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा नेता श्री केडिया ने कहा कि कल 19 सितंबर की सुबह शहर के सबसे पॉश और व्यस्ततम इलाके ढिमरापुर स्थित एक्सिस बैंक में जिस सनसनीखेज तरीके से पांच करोड़ रूपए की डकैती की घटना को अंजाम दिया गया उसे देखने के बाद उन्हें यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि रायगढ़ में लॉ एंड आर्डर की स्थिति अपने सबसे बदतरीन दौर से गुजर रही है और इसके लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह है स्थानीय शासन और विधायक की निरंकुशता।

आगे भाजपा नेता श्री केडिया ने यह भी कहा कि जिस रफ्तार से प्रदेश सहित हमारे रायगढ़ अंचल में बीते दो तीन सालों में चोरी, लूट, रेप, छेड़खानी , हत्या और डकैती जैसे अपराधिक घटनाओं का ग्राफलगातार बढ़ा है लेकिन उनके स्मरण में नहीं है कि स्थानीय विधायक ने बढ़ते अपराधिक वारदातों को लेकर विधानसभा में कभी कोई सवाल गृह मंत्रालय से पूछा हो, ताकि स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो।

बिजली का झटका जोर से अधिकारी मस्त, उपभोक्ता त्रस्त

कोरबा/नवप्रदेश। विद्युत हब, ऊर्जाधानी जैसे अलंकरणों से विभूषित कोरबा जिला एशिया के नामचीन विद्युत उत्पादक शहर का दर्जा रखता है। दिया तले अंधेरा की कहावत न जाने कब शुरू हुई लेकिन आज भी इसका फलीभूत कोरबा में देखने को मिलता है। यहां एनटीपीसी, सीएसईबी, बालको, लैंको जैसे टॉप के विद्युत उत्पादक संयंत्र स्थापित हैं लेकिन इसे विडंबना ही कहेंगे कि विद्युत की आंख मिचौली का सर्वाधिक शिकार कोरबा जिला होता है।

बिजली का बिल हो या बिजली की आवाजाही सारे मामलों में सर्वाधिक जिले का विद्युत अमला है। ऐसा कोई पल जब यह डर न सताता हो कि बिजली कब चली जाएगी। इससे बड़ी विसंगति और क्या होगी कि इंसानी जीवन के मूल्यों की तरह कब बिजली की सांसें उखड़ जाए इसकी गारंटी विभाग के आर फरमारदार भी नहीं दे सकते। चाहे हवा के साथ बारिश हो या बारिश बंदी में हवाओं का चलना बंद हो जाए बिजली कभी भी 2-4 घंटे के लिए बंद हो जाती है। विभाग को बेशर्मी का आलम यह है कि जैसे ही इस संबंध में जानकारी जुटाई जाती है यह 33 केटी, 11 केटी, शटडाउन, जंपरकट जैसे सदाबहार जुमला बोल दिया जाता है। इस बात की गारंटी कोई नहीं देता कि बिजली कब आएगी। लेकिन इस बात की गारंटी रहता है कि बिजली कभी जा सकती गरीब के झोपड़े क है। ग्रामीण क्षेत्रों को यदि भगवान इसलिए फार दी भरोसे छोड़ दे तो शहरी क्षेत्रों में जिन लाईनमेनों के भरोसे लोग जुड़े है, उसको कोई मियाद नहीं होती।

विडंबना यह भी

विडंबना यह है कि बिजली बिल में जिस मनमाने ढंग का विभाग के कारिंदे परिचय देते है वह असहनीय है। इससे बड़ी दुर्भाग्य और क्या होगी कि एकल बत्ती कनेक्शन का बिल लाखों में आता है।

गरीबो पर सितम और

शहर में ऐसे पूंजीवादी है जो जिले में आधी बिजली का खपत खुद करते हैं उनके पास कोई रिमाइंडर नहीं जाता लेकिन कोई गरीब के झोपड़े की बिजली फौरन इसलिए काट दी जाती है कि वह 3 माह का बिजली बिल पटा नहीं पाता है। आंकड़ों की बात करें तो पूरे जिले में आज तक जितने आंदोलन जिली वितरण विभाग के खिलाफ हुआ है उतना किसी अन्य व्यवस्था के खिलाफनहीं हुआ जिले का ऐसा कोई कोना नहीं जहां बिजली बंद या बिल में अनियमितता को लेकर विभाग का घेराव न हुआ हो मोटी चमड़ी वाले इस विभाग पर किसी आंदोलन का कोई असर नहीं होता है।

फरार चल रहे स्थायी वारंटी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। थाना लालपुर द्वारा 25 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी हरी प्रसाद एवं थाना पथरिया द्वारा 11 वर्षो से फरार स्थायी वारंटी गनपत राजपूत को पकड़कर विधिसम्मत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड बिलासपुर द्वारा थाना लालपुर के धारा 363, 366, 342, 376, 34 भादवि में आरोपी हरी प्रसाद का स्थाई वारंट जारी किया गया था। थाना पथरिया में धारा 294, 506, 323 भादवि में आरोपी गनपत राजपूत का स्थायी वारंट जारी था।

वर्ष 1998 में थाना लालपुर में धारा 363, 366, 342, 376, 34 भादवि का आरोपी हरी प्रसाद पिछले 25 वर्षो से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड बिलासपुर द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसे मुखबिरों की सूचना पर गिरफ्तार कर विधिवत् न्यायालय पेश किया गया। इसी प्रकार थाना पथरिया के धारा 294, 506, 323 भादवि का आरोपी गनपत राजपूत पिछले 11 वर्षो से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुंगेली द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसे मुखबिरो की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर विधिवत् न्यायालय पेश किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सोनिया बोलीं- सबसे पहले ...

करने का प्रयास कर रहा है, उसमें ना फंसें। वहीं एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी बिल में ओबीसी महिलाओं और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सुप्रिया ने कहा कि सरकार बड़ा दिल करके बिल में एसटी, एससी और ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था करे।

एनसीपी के दोनों गुट बोले- ...

आयोग को इस बारे में सूचित कर दिया है। जयंत पाटिल ने बताया कि शरद पवार ने अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए चुनाव आयोग से समय मांगा था, क्योंकि अजित की तरफ से कुछ ई-मेल भेजे गए थे। चुनाव आयोग ने शरद को समय दिए बिना सोच लिया कि पार्टी में विवाद है। शरद गुट के एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- शरद ने अपने जवाब में चुनाव आयोग को बताया था कि पार्टी में कभी उन्हें विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। ना ही पार्टी की ओर से किसी भी सार्वजनिक मंच पर हमारी नीतियों का कोई विरोध हुआ।

एचडीएफसी बैंक की...

हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 11 तेजी पर रही। बीएसई के सभी 18 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.57, ऊर्जा 0.75, एफ एमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 1.39, हेल्थकेयर 0.56, इंडस्ट्रियल्स 0.41, आईटी 0.47, दूरसंचार 0.95, ऑटो 0.51, बैंकिंग 1.05, कैपिटल गुड्स 0.41, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41, धातु 1.25, तेल एवं गैस 0.68, रियल्टी 1.20, टेक 0.47 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत लुढ़क गये। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टीएसई 0.74 और जर्मनी का डैक्स 0.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 517 अंक का गोता लगाकर 67,080.18 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,294.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 66,728.14 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,596.84 के मुकाबले 1.18 प्रतिशत की गिरावट लेकर 66,800.84 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 153 अंक गिरकर 19,980.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,050.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,878.85 अंक के निचले स्तर पर रहा।

रायगढ़ एक्सिस बैंक में ...

स्टाफ को बंधक बनाया। इसके बाद बैंक मैनेजर को एक चाकू व बंदूक की नोंक पर मारते हुए स्ट्रांग रूम की चाबी ली। साथ ही वहां रखे 1 करोड़ 43 लाख रुपए की ज्वेलरी व 4 करोड़ 19 लाख रुपए कैश एक बैग में भरकर फरार हो गए। सभी डकैत बाइक पर सवार होकर अलग-अलग रास्तों से निकल गए। हालांकि यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद बैंक कर्मचारियों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी लगते ही एसपी सदानंद कुमार सहित अन्य पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरु की। पुलिस ने पूरे जिले में नाकेबंदी करते हुए शहर से बाहर जाने वाले मार्गो व रेलवे स्टेशन में जांच अभियान चलाया। पुलिस ने डॉग स्काड की भी मदद ली ताकि जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचा जा सके। इसी बीच रकम व ज्वेलरी लेकर भागते समय 5 आरोपी बलरामपुर जिले के रामानुजगंज पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

फिर पहुंचे बैंक में : इसके बाद अमरजीत, राकेश, निशांत व सुनील पासवान वहीं के एक ढाबे के पास रातभर गाड़ी में रुके रहे। जबकि 3 अन्य आरोपी अमित, पवन और विष्णु सारंगढ़ में स्कॉर्पियो में रुके थे। घटना दिवस 19 सितंबर की सुबह 6 बजे ट्रक ड्राइवर उपेंद्र सिंह, निलेश व राहुल क्रेटा कार लेकर जिंदल के पास पहुंचे। इस दौरान राहुल व सुनील पासवान ने 3 पिस्टल व 4 कट्टा अपने पास रखा था। फिर ये सभी कार से निकले और रास्ते में ही किसी शो-रूप से सेकेंड हैंड 2 बाइक खरीदी। इसके बाद 3 बाइक में सुनील पासवान, राहुल, निलेश, अमरजीत, निशांत उर्फ पंकज साव रायगढ़ के ढिमरपुर मार्ग स्थित एक्सिस बैंक पहुंचे। वहीं राकेश बैंक से 3-4 किमी दूर कार लेकर खड़ा था।

ये हैं एक्सिस बैंक में ...

सिंह 50 वर्ष शामिल हैं। इनमें से राकेश गुप्ता, निशांत कुमार उर्फ पंकज साव, ट्रक ड्राइवर उपेंद्र सिंह, क्रेटा कार मालिक अमरजीत कुमार दास व राहुल को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपी फरार हैं।

ऐसे दिया वारदात को ...

ड्राइवर उपेंद्र सिंह से चारों मिले। आरोपी सुनील पासवान ने यह ट्रक क्रमांक ओडी 09 बी- 3677 खरीदकर उपेंद्र सिंह को पूर्व में दी थी। उसे वह जिंदल से गिरीडीह तक चलाता था। इधर रांची से अन्य आरोपी राहुल व निलेश बस में सवार होकर रायगढ़ पहुंचे। इन दोनों को राकेश ने कार से ट्रक ड्राइवर के पास छोड़ दिया।

कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

संशोधित मैनुअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

Main Portal : https://cgstate.gov.in

क्रमांक/769/लो.नि.वि./न.पा./2023 चारामा, दिनांक 20.09.2023

नगर पंचायत चारामा क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त/अधोसंरचना योजनांतर्गत फुटपाथ एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी अंतर्गत पंजीजन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से PWD Building/Road SOR 01/01/2015 के प्रचलित दर पर मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति से केवल स्पीड पोस्ट/पंजीयन डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक कार्य हेतु आवेदन शुल्क 100/- रुपए के साथ आवश्यक दस्तावेज की सत्यापित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। विवरण निम्नानुसार है -

(01) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 29/09/23 को सायं 5.00 बजे तक।
(02) कोरा निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि - 02/10/23 को सायं 5.00 बजे तक।
(03) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 06/10/23 को सायं 3.00 बजे तक।
(04) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 06/10/23 को 4.00 बजे से।

उपरोक्त कार्यो हेतु निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आकर या विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा
जिला उ.ब. कांकेर

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

0/202307160100013/
अ-21/2022-23 ग्राम- कतियाररास

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार सोनी पिता हरिराम सोनी उम्र 29 वर्ष जाति सोनार मोबाईल नंबर 7587755551 आधारकार्ड नंबर 297739644368 निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा नगरीय क्षेत्र कतियाररास, प.ह.न. 14 में स्थित स्वामित्व भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 261/73 रकबा 0.0200 हे. को क्रेता (1) संवाई सिंह पिता आम्ब सिंह उम्र 33 वर्ष जाति राजपूत मोबाईल नंबर 7000921217 आधार कार्ड नंबर 965801093722 निवासी कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (2) पूनम सिंह पिता भूर सिंह उम्र 29 वर्ष जाति राजपूत आधार कार्ड नंबर 688313181600 निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दंतेवाड़ा को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 13/09/2023 को जारी किया जाता है ।

सील

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-12/2022-23
ग्राम जरहागांव, तह. व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश पिता तिजऊ जाति तेली निवासी ग्राम जरहागांव तहसील जरहागांव जिल मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम जरहागांव स्थित भूमि ख.नं. 938/2 रकबा 0.083 हे. में से रकबा 0.053 हे. का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण किए जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति पत्र ईश्तहार प्रकाशन की तिति से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 20/09/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जावक क्रमांक 20/09/2023

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

नाले में संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम दतान मुख्य मार्ग में बरसाती नाले में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान ग्राम अमेरा निवासी शेखर सोनवानी 37 वर्ष के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक शनिवार को अपनी बाइक से ग्राम कुसमी दतान जाने के लिए घर से निकला था। गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर दतान गांव के पास मुख्य सडक़ किनारे बरसाती नाले में उसका शव पड़ा हुआ मिला। काम करने के लिए अपने खेत जा रहे ग्रामीणों ने उसकी लाश देखी। गांववालों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। शव पानी में औंधे मुंह पड़ा था। उसकी बाइक बबूल के पेड़ के नीचे पड़ी हुई थी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की तलाशी लेने पर उसका आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान शेखर सोनवानी के रूप में हुई। पलारी थाने में पदस्थ एएसआई राजेश कुमार ने कहा कि ऐसी आशंका है कि बाइक अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी है। युवक सिर के बल गिरा है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नाले में 2 से 3 फुट पानी बह रहा है। उन्होंने कहा कि परिजनों ने युवक की पहचान कर ली है। पीएम रिपोर्ट आने पर मौत की असल वजहों का खुलासा हो सकेगा।

अपनी जेब भरने होर्डिंग लगाने नियमों में सेंधमारी

- **नगर निगम में होर्डिंग घोटाला, साकेत में बैठे निरंकुश अफसरों से साठगांठ कर ठेकेदार काट रहे चांदी और शासन को पहुंचाई जा रही हर साल करोड़ों की राजस्व क्षति**

कोरबा/नवप्रदेश। विज्ञापनों के लिए शहर में लगने वाले होर्डिंग्स शासन के खजाने को भरने के बड़े एसेट्स होते हैं। यही राजस्व जनता के हित और जरूरतों को पूरा करने में काम आता है। पर इस व्यवस्था को साकेत भवन में बैठे नगर निगम के निरंकुश अधिकारियों ने अपनी जेबें भरने का माध्यम बनाकर रखा है। वे नौकरी तो सरकारी कर रहे पर शासकीय राजस्व में वृद्धि पर फोकस करने की बजाय इन होर्डिंग का राजस्व लाभ ठेकेदारों को पहुंचाने पर है। इसके लिए वे सीधे तौर पर नियमों में सेंध लगा रहे हैं। बदले में ठेकेदार बड़ी खुशी से अफसरों की हथेलियां गर्म कर शासन को हर साल करोड़ों का नुकसान पहुंचा रहे हैं।

आइए जानते हैं कि आखिर कैसे नगर निगम में होर्डिंग घोटाला फल फूल रहा है। कुल 6 जोन में विभाजित नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में होर्डिंग विज्ञापन प्रदर्शन के लिए टेंडर जारी किया जाता है। इनमें कोरबा टाउन, परिवहन नगर, कोसाबाड़ी-निहारिका, बांकीमोंगरा, बालको और दर्री जमनीपाली जोन शामिल है। प्रत्येक जोन में होर्डिंग लगाने की संख्या टेंडर के प्रारूप पत्र में निर्धारित संख्या में दर्शाया जाता है। जिसमें निगम की निर्धारित नियमावली में हस्ताक्षर करने के बाद बंद लिफाफे में उच्चतम बोली लगाने वाले निविदाकार को प्रस्तावित जोन में निर्धारित संख्या में विज्ञापन होर्डिंग लगाने की अनुमति दी जाती है। टेंडर में प्राप्त दर के अनुसार एकमुश्त वार्षिक शुल्क निगम कोष में जमा करने के बाद निगम प्रशासन प्रदान करता है।

अब खेल कहां होता है, इसे समझते हैं। परिवहन नगर जोन की बात करे, तो नगर निगम द्वारा यहां 8 नग विज्ञापन होर्डिंग लगाने का टेंडर जारी किया जाता है। इसके लिए सभी 8 नग विज्ञापन बोर्ड का वार्षिक शुल्क भी निगम कोष में लिया जाता है। यहीं पर खेल शुरू होता है और निविदा प्राप्त विज्ञापन एजेंसी संबंधित अधिकारी को टेबल के नीचे से खुश करता है और एक आवेदन पत्र देता है। इसमें लिखा जाता है कि परिवहन नगर जोन में 8 नग होर्डिंग लगाने की जगह नहीं है या कुछ लोगों के द्वारा होर्डिंग नहीं लगाने दिया जा रहा या कोई अन्य बहाना बनाया जाता है। इस तरह 8 नग होर्डिंग की संख्या को कम कर 4 नग या उससे भी कम संख्या करा दी जाती है। इस तरह से निर्धारित वार्षिक राशि में जो बचत विज्ञापन एजेंसी को होती है, उसमें से आधा हिस्सा संबंधित अधिकारी को पेश कर दिया जाता है। शेष आधी बचत निविदा प्राप्त विज्ञापन एजेंसी को फायदे के रूप में मिल जाती है। शासन को नुकसान पहुंचाने का यह सिलसिला जारी रहता है और बचत राशि अगले द्वितीय वर्ष की निविदा शुल्क, जो एक वर्ष के बाद विज्ञापन एजेंसी को नवीनीकरण के रूप में देना होता है, उसकी राशि को आगामी 4 वर्षों तक आधा दिए जाने का खेल शुरू हो जाता है।

धूल खा रही शिकायतों की फाइल, फायदे के सौदे में कई साझेदार: होर्डिंग घोटाले के अनवरत चलने वाले इस खेल पर पूर्व में कई बार विज्ञापन एजेंसियों की लिखित शिकायत की गई थी, लेकिन बात लाभ की होने के कारण उन शिकायतों को ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया।

जब सभी निर्धारित स्थलों में होर्डिंग नहीं लगाए जा सकते तो निविदा में भाग क्यों लेते हैं और उच्चतम दर क्यों भरा जाता है? निगम प्रशासन निविदा के बाद निर्धारित होर्डिंग की संख्या को कम करता है। क्या जिस जोन में विज्ञापन एजेंसी के द्वारा होर्डिंग की संख्या कम करने को कहा जाता है उस पूरे जोन में कोई दूसरा विकल्प नहीं दिया जाता ?

क्या कोरबा का निगम का जोन क्षेत्र इतना छोटा छोटा विभाजित किया गया है कि उस पूरे जोन में 8 या 10 नग भी होर्डिंग नहीं लगाया जा सकता या सिर्फ निगम को चुना लगाने और विज्ञापन शुल्क में भ्रष्टाचार कर घोटाला करने के उद्देश्य से ऐसा किया जाता है।

नौकरी सरकारी पर सरकार को ही चपत लगा रहे सरकारी अधिकारी

सवालों के कटघरे में साकेत, क्या बिना सर्वे जारी कर देते हैं टेंडर

सवाल यह है कि जब निगम द्वारा निविदा निकाली जाती है, तब प्रस्तावित जोन, जिसमें होर्डिंग लगाने टेण्डर किया जाना होता है, उस जोन के होर्डिंग विज्ञापन नियमावली 2007 के अनुसार पूरा सर्वे किया जाता है। फिर पर्याप्त जगह होने पर ही होर्डिंग लगाने के लिए निविदा क्यों निकाली जाती है? जब भी कोई विज्ञापन एजेंसी विज्ञापन होर्डिंग लगाने के लिए निविदा में भाग लेता है और निविदा प्रपत्र में लिखित समस्त निगम की नियमावली में अपने सहमति वाला हस्ताक्षर करने के बाद निविदा प्राप्त करता है, तब उनको यह समझ नहीं आता की कहाँ होर्डिंग लगेगा और कहाँ नहीं?

शहर के 8 जोन में होर्डिंग लगाने के लिए 54 स्थल

नगर निगम ने सभी जोन में होर्डिंग लगाने के लिए स्थल भी तय कर किया गया था। कुल 54 स्थलों में 20 बाई 10 साइज के होर्डिंग लगना निर्धारित किया गया था। इसके तहत कोरबा जोन में 10, परिवहन नगर में आठ, कोसाबाड़ी और रविशंकर शुक्ल नगर जोन में 10, बालको जोन में 8, दर्री में 10 और सर्वमंगला,बांकी मोंगरा जोन में आठ होर्डिंग शामिल है। नियमों के हेराफेरी कर शासन और जनता के हक पर डाका डाल रहे ऐसे अफसर-कर्मियों पर कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए, जिससे शासन को हो रहे नुकसान को रोका जा सके।

निजी घरों की छत के होर्डिंग की साइज घटाकर आधा रकम अंदर

यह तो केवल जमीन में लगने वाले विज्ञापन बोर्ड का गड़बड़झाला है। शहर के निजी मकानों की छत में लगने वाले जितने भी विज्ञापन बोर्ड की अनुमति निगम प्रशासन ने जारी कर रखी है, इनमें भी लगभग 80 प्रतिशत होर्डिंग की साइज में घोटाला किया जाता है। यदि कोई विज्ञापन एजेंसी ने किसी निजी मकान मालिक की सहमति से किसी घर की छत पर 40 गुणा 25 = 1000 वर्ग फिट की दो होर्डिंग लगाई और निगम प्रशासन को पत्र में बताया कि उसने केवल एक होर्डिंग लगाई है और वह भी 20 गुणा 20 साइज का, तो बाकी रकम टेबल के नीचे से आधा आधा कर लिया जाता है। निगम प्रशासन का एक चौथाई शुल्क भी विज्ञापन एजेंसी के द्वारा नहीं दिया जाता।

> नगर निगम के 6 जोन में होर्डिंग लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिसमे 5 जोन का काम जैन को मिला और कोरबा जोन का काम राकेश मोदी को मिला है।निगम साल भर के हिसाब से किराए की रकम जमा करा लेता है उसके बाद निगम का ठेकेदारों पर कंट्रोल नही रहता। ठेकेदार अपने मन माफिक होर्डिंग का रेट निर्धारित कर सकता है।
>
> **योगेश राठौर, होर्डिंग प्रभारी नगर निगम कोरबा**

मुख्यमंत्री बघेल ने किया तारामण्डल का लोकार्पण

दुर्ग 19 सितंबर 2023/ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर 2 करोड़ रूपए के लागत से नवनिर्मित तारामण्डल का लोकार्पण किया। यह तारामण्डल शहरवासियों को ब्रम्हांड में होने का अहसास कराएगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नगरवासियों एवं स्कूली बच्चों के साथ तारामण्डल के विहंगम दृश्यों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, विधायक श्री देवेंद्र यादव, महापौर श्री नीरज पाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

सूने मकान से डेढ़ लाख रुपए पार

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू सेल टेक्स कालोनी खम्हारडीह स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीतेन्द्र भूषण 38 वर्ष न्यू सेल टेक्स कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 17 सितंबर की रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया।

नगरी में परिवर्तन यात्रा व आमसभा 22 सितंबर को

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के द्वारा परिवर्तन यात्रा मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा से प्रारंभ हुई है। जो कि सिहावा विधानसभा में 22 सितंबर को प्रवेश करेगी। दोपहर 2:00 बजे कुकरेल में भव्य स्वागत होगा उसके पश्चात राजबाड़ा नगरी में दोपहर 3:00 बजे आमसभा आयोजीत की गई है। जहां पर प्रदेश के दिग्गज नेता आमसभा को संबोधित करेंगे। नगरी में रात्रि विश्राम के पश्चात 23 सितंबर को सुबह 9:00 बजे सिहावा रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता होगा। प्रेस वार्ता के पश्चात परिवर्तन यात्रा सुबह 9:30 बजे घटुला पहुंचेगी। सुबह 10:00 बजे उमरगांव, सुबह 10:30 बजे सांकरा में रोड शो होगा। उसके पश्चात सुबह 11:00 बजे तुमड़ीबहार के लिए रवाना होंगे, जहां पर भव्य स्वागत किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, जिला महामंत्री द्वय प्रकाश बैस, कविंद्र जैन, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, प्रेमलता नागवंशी, महेंद्र नेताम, विकल गुप्ता, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, रामगोपाल साहू, मोहन नाहटा, विजय यदु, अकबर कश्यप, वामन साहू, दिव्येन्द्र परिहार, दिनेश्वरी नेताम, हुमित लिमजा, अराधना शुक्ला, हृदय साहू, राजेश गोसाईं ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समस्त कार्यकर्ता व जनता से अपील किए हैं कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

आईटीआई में छात्रावास अधीक्षक पद के दस्तावेज सत्यापन 22 से 23 तक

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु तृतीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग उपरांत दस्तावेज सत्यापन हेतु 22 सितम्बर 2023 को व्यवसाय कम्प्युटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर एवं 23 सितम्बर 2023 को व्यवसाय फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, विषय-वर्कशॉप कैल्कूलेशन एंड साइंस एंड इजीनियरिंग ड्राइंग के अभ्यर्थियों को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार, रायपुर में प्रातः 09:30 बजे बुलाया गया है। इस हेतु अभ्यर्थियों को एसएमएस पर भी सूचना भेजी जा रही है। सभी अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी हेतु निरंतर संचालनालय की वेबसाइट http://cgiti.cgstate.gov.in/ तथा अपने लॉगिन आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस दोपहर 02:00 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपना दावा आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

नगर के मुख्य मार्ग की हालत जर्जर

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर की सुंदरता उनके सड़क मार्ग से की जाती है। रोड़ जर्जर होने पर नगर के हालत का अंदाज़ा लगाया जाता है। नगर के मुख्य मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है। की पैदल चलने पर भी गड्डो का सामना करना पड़ रहा है नगर के मुख्य मार्ग, थाना चौक से बस स्टैंड होकर बागबहारा मार्ग की स्थिति दर्शकों से जर्जर रही है बीच बीच में रिपेयरिंग कार्य किया जाता रहा है किन्तु स्थाई सामाधान नहीं किया गया जिस कारण खासकर बरसात मे हालत बहुत खराब हो जाती है

वर्तमान मे इस रोड को स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। बारिश में इतने गड्ढे हो गये हैं कि वाहन के साथ पैदल चलना मुश्किल हो गया है स्थानीय लोगों में इसे लेकर आक्रोश है। कोई अप्रिय घटना हो उससे पहले रैली निकाल कर घेराव कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करवाने पर विचार चल रहा है

टोल नाका बचाने उदेश्य से भारी वाहन इस बागबहारा रोड रुख करते रहें है जिससे रोड क की हालत और खराब होती रही है भारी वाहनों की आवाजाही और स्थानीय प्रशासन के द्वारा रोड़ कार्य में लापरवाही जनता को भुगतना पड़ रहा है

पेंगोलिन स्कैल व दो नग हाथी दांत के साथ चार गिरफ्तार

- **मामला एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ वन मंडल का**

मनेन्द्रगढ़ /नवप्रदेश। सरगुजा संभाग अंतर्गत आने वाले जिलों में इन दिनों वन्य प्राणियों की मौत चरचा का विषय बना हुआ है जहा अब वन्य जीव की मौत को अधिकारी तस्करी के रूप में भी होने को लेकर आशंका हैं क्यो की संभाग में पूर्व में भी वन्य जीव के खाल बरामद हो चुके हैं जिस कारण सरगुजा संभाग में लगातार हो रही हाथियों की मौत के कारण आला अधिकारी चिंतित थे और तस्करों को पकड़ने की योजना बना रहे थे।जिस कारण वन सीमाओं में भी उच्च अधिकारियों द्वारा निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है जिस कड़ी में वन की निगरानी के दौरान चार आरोपियों व वाहन को वन सीमा में देखने व संतोष जनक जवाब नही देने पर जाँच के दौरान मनेंद्रगढ़ वन मंडल के द्वारा चार आरोपियों के साथ दो नग हाथी दाँत, पेंगोलिन स्केल, एक बाईक व सोमू गोल्ड वाहन जप्त कर कार्यवाही किया गया वही पकड़े गए चार आरोपियों में दो सोनहत क्षेत्र कोरिया जिला व दो सूरजपुर जिला निवासी है ।

मिली जानकारी अनुसार वन अमले ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों द्वारा कई खुलासे किये गये है। जिसकी बिंदु वार जाच की जा रही जहा

वनमंडलाधिकारी मनेंद्रगढ़ लोकनाथ पटेल के निर्देशानुसार तथा उप वनमंडलाधिकारी केल्हारी के नेतृत्व में स्पेशल फॉरेस्ट टीम द्वारा वन तस्करों को रात में जंगल में विशेष अभियान चलाकर लगभग 25 लाख रुपयों के हांथी दांत और पेंगोलिन की सुखी खोपड़ी, टाटा सूमो वाहन समेत 4 अपराधियों को पकड़ लिया गया । वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ के अन्तर्गत हांथी दांत एवं पेंगोलिन शल्क तस्करी से सम्बधित वन अपराध में लिप्त पाये गये 4 अपराधियों को वनमंडलाधिकारी के आवश्यक दिशा निर्देश और वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 44, 48 (क) 51, 52 के तहत वन अपराध प्रकरण कमांक 19093/02 कायम कर माननीय न्यायालय मनेन्द्रगढ़ में पेश कर, दिनांक 19.09.2023 को चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत की कार्यवाही सम्पन्न कराकर उप जेल मनेन्द्रगढ़ भेजा गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी मनेंद्रगढ़ आर एस कुर्रे, बिहारी लाल शर्मा, जगदेव सिंह,दीपक कोल, अजय सिंह, रामायण तिवारी, , ईश्वर चंद, विजय पैकरा,अभ्यास सिंह, ताम्रध्वज श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा।

दुर्लभ स्तनधारी जीव में होती है गिनती

वही वन अधिकारी का मानना है कि जिले का हिस्सा राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की सीमा से लगा हुआ है साथ ही जिले में गुरुघासीदास उद्यान भी स्तिथ हैं जिस कारण हाथी व पेंगोलिन यहाँ विचरण करते हैं जिस कारण तस्करों की नजर यहाँ है साथ ही

पैंगोलिन स्तनधारी वन्यजीव जिसके शरीर का पृष्ठ भाग खजूर के पेड़ के छिलकों की भाँति कैरोटीन से बने कठोर व मजबूत चौड़े शल्कों से ढका रहता है। दूर से देखने पर यह छोटा डायनासोर जैसा प्रतीत होता है। अचानक इसे देखने पर एक बार कोई भी व्यक्ति अचम्भित व डर सकता है। गहरे भूरे, पीले भूरे अथवा रेतीले रंग का शुण्डाकार यह निशाचर प्राणी लम्बाई में लगभग दो मीटर तथा वजन में लगभग पैंतीस किग्रा तक का होता है। चूँकि इसके शरीर पर शल्क होने से यह 'वज्रशल्क' नाम से भी जाना जाता है तथा कीड़े-मकोड़े खाने से इसको 'चींटीखोर' भी कहते हैं। अस्सी के दशक पूर्व पहाड़, मैदान, खेत-खलिहान, जंगल तथा गाँवों के आस-पास रहने वाला यह शल्की-चींटीखोर रेगिस्तानी इलाकों के अलावा देश के लगभग हर भौगोलिक क्षेत्रों में दिखाई दे पड़ता था किन्तु अब कम ही दिखाई पड़ता है ।

अस्पताल में लगेगा सोलर सिस्टम

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार को पैलोमेटा पहुंचकर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान पंजीयन कक्ष, ओपीडी, पैथोलॉजी, प्रसूता कक्ष, भंडार कक्ष आदि का निरीक्षण कर, स्वच्छता के निर्देश दिए।

हॉस्पिटल में सोलर सिस्टम हेतु प्रस्ताव भेजें और 108 वाहन हेतु पत्राचार करें- कलेक्टर : कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पैलीमेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इस दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के हॉस्पिटल में सोलर सिस्टम हेतु तत्काल प्रस्ताव भेजें और 108 वाहन हेतु पत्राचार करें। जन-स्वास्थ्य जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। इस दिशा में आवश्यक सहयोग किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य उपकरण, मरीज पंजीयन, ओपीडी, पैथोलॉजी, प्रसूता कक्ष, मेडिसिन रूम, एक्सपायरी वेस्ट आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। गांवों में प्राथमिक उपचार के संसाधन तथा दवाईया उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। प्रसूता कक्ष में जाकर नवजात शिशु को देखा और उसकी माता व परिजन से हालचाल पूछा।

कलेक्टर ने इस अस्पताल में जिला खनिज न्यास मद से एक लैब टेक्नीशियन को नियुक्त किया है, उसकी उपस्थिति व कार्य की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर डी एस राजपूत, एसडीएम रेणुका रात्रे, जिला परियोजना प्रबंधक बृजेश ताम्रकार, अमरदीप अंचल, डॉ. मक़सूद, संजय देवांगन और पैलीमेटा अस्पताल के स्टॉफ, इलाज के लिए आये ग्रामीण मरीज और उसके परिजन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने मरीजो से नि:शुल्क इलाज की जानकारी ली

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पैलीमेटा में निरीक्षण के दौरान दैनिक मरीजों की जानकारी ली। चिकित्सा अधिकारी शिवभजन जंघेल ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन 50 से 70 के बीच क्षेत्र के मरीज आकर स्वास्थ्य लाभ लेते है। इलाज हेतु उपस्थित मरीजो से कलेक्टर ने बातचीत की और नि:शुल्क इलाज की जानकारी लेते हुए पूछा कि इलाज का कोई शुल्क लेते है क्या? इस पर मरीजों ने नही में जवाब दिया। कलेक्टर ने मौसमी बीमार के लिए पर्याप्त स्टॉक रखने निर्देश दिए। इसके साथ स्टॉफको अस्पताल परिसर में ठीक से स्वच्छता रखने का निर्देश दिए।

लोनिवि, पीएमजीएसवाई द्वारा बन रही सड़कों का निर्माण 1 से शुरू करें : कलेक्टर

■ जर्जर सड़को की तत्काल मरम्मत के निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा जिले में स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्य 01 अक्टूबर से अनिवार्यतः प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने आज लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खराब सड़कों की मरम्मत तथा नये सड़कों का निर्माण के संबंध में विस्तृत समीक्षा किया तथा सड़कों के निर्माण व मरम्मत में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिये। अति जर्जर सड़कों को तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

कलेक्टर एवं एसपी द्वारा जिले में स्वीकृत नवीन सड़कों तथा मरम्मत कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा किया गया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता महेन्द्र कश्यप ने कांकेर दुधावा मार्ग के मजबूतीकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस मार्ग के 01 से 09 किलोमीटर तक मजबूतीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इसके निर्माण के लिए एजेंसी भी निर्धारित कर दिया गया है,

इसे दिसम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया। बनोली सरहद से तारान्दुल हायर सेकेण्डरी स्कूल तक 03 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर होने की जानकारी दी गई, इसे भी दिसम्बर माह तक पूर्ण किया जायेगा। भानुप्रतापपुर संभाग के अंतर्गत कोरर से संबलपुर मार्ग के मजबूतीकरण की भी समीक्षा किया गया वर्तमान में डब्ल्यू.एम.एम से मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, इसे भी समस सीमा में पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया। भानुप्रतापपुर से अंतागढ़ मार्ग के मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई, यह कार्य सीआरएफयोजना अंतर्गत अनुबंधित है तथा कार्य प्रगति पर है। भानुप्रतापपुर से कच्चे मार्ग का निर्माण कार्य भी प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। अंतागढ़ से आमाबेड़ा मार्ग में पुलियों का निर्माण प्रगतिरत होना बताया गया। कापसी से परलकोट डेम मार्ग और पीव्ही-34 से पीव्ही-01 मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम पेंच मरम्मत कार्य पूर्ण होने तथा अक्टूबर माह से बी.टी पेंच रिपेयर का कार्य किया जाने की जानकारी दिया गया। मासुलपानी-जामगांव से घोटियावाही चौक तक 15.80 किलोमीटर में उन्नयन कार्य के लिए 07 करोड़ 08 लाख 99 हजार रूपये स्वीकृत होने एवं उक्त मार्ग में 5.60 किलोमीटर में डामरीकरण कार्य पूर्ण होने की जानकारी देते हुए बताया गया कि शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जायेगा। कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के किलोमीटर 01 से 7/4 तक पेच मरम्मत कार्य को भी जल्दी पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। माकड़ी-अलबेलापारा मार्ग में आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। एसडीएम कांकेर द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़कों के नवीनकरण कार्य की भी कलेक्टर, एसपी द्वारा विस्तृत समीक्षा किया गया तथा सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सिंगारभाट से ब्यासकोंगेरा मार्ग, पीढ़ापाल-मर्रापी-धनतुलसी मार्ग, अलबेलापारा-सिदेसर मार्ग, धनोरा से डब्बीपानी मार्ग, पिपरौद से बोदेली मार्ग तथा आमाबेड़ा से चंगोड़ी मार्ग का नवीनीकरण की स्वीकृत दी गई है, जिसे 01 अक्टूबर से शुरू करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये हैं।

लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करने बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता से संबंधित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें इस वित्तीय वर्ष के लिए प्राप्त लक्ष्य, संबंधित एजेंसियों द्वारा बैंकों को प्रेषित प्रकरण और उनमें स्वीकृति तथा हितग्राहियों को वितरण की विस्तृत समीक्षा किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत की विस्तृत समीक्षा किया गया तथा लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करने के लिए बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल तथा सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। मोटर साईकल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी राजकुमार चतुर्वेदी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध थाना मुंगेली में धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

ग्राम भटगांव निवासी प्रार्थी किशन कुमार ओगरे ने 18 सितम्बर को थाना मुंगेली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अगस्त की रात्रि को उसके घर के सामने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मोटर साईकल क्रमांक सीजी-10 एसी-2738 प्लेटिना को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना मुंगेली में धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अस्पष्ट नम्बर प्लेट वाला प्लेटिना मोटर साईकल लेकर बायपास रायपुर से मुंगेली की ओर आ रहा है। सूचना पर मुंगेली पुलिस द्वारा रायपुर बायपास में

घेराबंदी करते हुए मुताबिक हुलिया मोटर साईकल को रोककर पूछताछ किया गया। जिसके संबंध में आरोपी राजकुमार चतुर्वेदी द्वारा गोलमोल जवाब देते हुए किसी प्रकार का वाहन संबंधी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त वाहन का चेचिस नम्बर का मिलान किया गया, जो चोरी हुए वाहन से मेल खाने पर आरोपी राजकुमार चतुर्वेदी से सघन पूछताछ किया गया। जिसके द्वारा उक्त वाहन चोरी करना स्वीकार किया है, जिसे गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस की भूमिका रही।

कासौली, चितालूर, बालूद ग्रामों में चलाया गया स्वीप कार्यक्रम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार तथा स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों कासौली, चितालूर, बालूद ग्रामें में सुपोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया है। इसके साथ ही इन ग्रामों के स्कूलों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के लिए रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि विधान सभा निर्वाचन में ज्यादा से ज्यादा मतदान का प्रतिशत वृद्धि करने के उद्देश्य से हर गांव और पारा टोला में स्वीप कार्यक्रम जोर शोर से चलाया जा रहा है।

प्रदेश की जनता चाह रही है परिवर्तन : कौशिक

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश की जनता कांग्रेस को सरकार से बेदखल कर परिवर्तन चाह रही है हमें जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना है। अतःपरिवर्तन यात्रा का जिले में आमसभा एवं स्वागत सभा भव्य हो यह हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। ये बातें पूर्व नेताप्रतिपक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने जिला भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले व भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिले की बैठक में पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश व्यापी परिवर्तन यात्रा मुंगेली जिले में 26 सितंबर को पहुँच रही है। लोरमी एवं मुंगेली में परिवर्तन यात्रा की तैयारी हम सभी कार्यकर्ता तो कर ही रहें हैं साथ ही जिन रास्तों से यात्रा गुजर रही है वहां ऐतिहासिक स्वागत व भीड़ उमड़ रही है,क्योंकि जनता भी भाजपा की परिवर्तन यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रही है। वे स्वयं होकर सभाओं में पहुँच रहे हैं। उन्होंने परिवर्तन यात्रा को सफ्ल बनाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हमारे जिले में परिवर्तन यात्रा 26 तारीख को पहुँच रही है इसकी तैयारी में हम सब कार्यकर्ता लगे हुए हैं। यात्रा के समय लगातार 3 दिन हमें पार्टी के लिए निकालना है। यात्रा 26 की शाम को मुंगेली पहुँच रही है यहां पर भव्य आमसभा आयोजित है जिसमें केंद्रीय मंत्री अथवा पदाधिकारी वक्ता के रूप में पहुँचेंगे। इसके बाद रात्रि विश्राम मुंगेली में ही होगा। 27 सितंबर को प्रातः यह यात्रा तखतपुर व पथरिया के लिए रवाना होगी जिसमें हम सभी की सहभागिता होना आवश्यक है। इसके पश्चात 28 सितंबर को बिलासपुर में संभवतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपस्थिति में यात्रा का समापन होना है जिसमें हम सभी को पहुँचना है। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने स्वागत भाषण करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुंगेली विधानसभा प्रभारी सीताराम साहू ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं से भी यात्रा को सफ्ल बनाने सुझाव लिया गया। बैठक में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य, पूर्व विधायक सहित जिला कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, महामंत्री, यात्रा के प्रभारी, विधानसभा संयोजक, निर्वाचित जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, मीडिया पदाधिकारी, आईटी सेल व सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पाक्सो एक्ट के आरोपी को भेजा जेल

कांकेर/नवप्रदेश। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर बलात्कार कर फरार आरोपी को अंतागढ़ पुलिस ने बिहार के दरभंगा से गिरफ्तार कर पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी को जेल भेजा गया ।

अंतागढ़ पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अमर सिदार के निर्देशन में सायबर सेल के माध्यम से थाना आमाबेड़ा के अपराध क्रमांक 21/2022 धारा 363, 366,376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी दिपक कुमार पिता राजू चौपाल उम्र 23 वर्ष निवासी बड़ी सौरिया, पोस्ट राडी, वार्ड नम्बर 01 रारही दरभंगा बिहार एवं नाबालिक बालिका के संबंध में पता

तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार टीम गठित किया गया था आरोपी की पता तलाश हेतु सायबर सेल कांकेर के माध्यम से लोकेशन के आधार पर आरोपी व गुम/अपहृता बालिका भटिंडा पंजाब में मिला एवं आरोपी के कब्जे से नाबालिक बालिका को बरामद किया गया। 19 सितंबर को आरोपी को पकड़कर माननीय न्यायालय कांकेर के समक्ष पेश किया गया जिसे माननीय न्यायालय के आदेशानुसार रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया।

पुलिस अधिकारी ने ली गणेश उत्सव समितियों की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत सभी थाना चौकी क्षेत्रो में गणेश उत्सव समितियों की बैठक ली गई। निर्धारित समय एवं आवाज में ही साउंड सिस्टम बजाने हेतु निर्देशित किया गया। सीसीटीवी लगवाने एवं रात्रि में आयोजन समिति में से कम से कम एक व्यक्ति को पंडाल में रात्रि में रुकने हेतु समझाईश दी गई।

जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्रों में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा गणेश उत्सव के अवसर पर समितियो की बैठक ली गई। जिसमें गणेश उत्सव में निर्धारित समयावधि एवं आवाज में ही साउंड सिस्टम चलाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पंडाल में एक व्यक्ति को रात्रि में रुकने, अवैध कनेक्शन न लेने, सीसीटीवी लगवाने, रोड के बीचों बीच पंडाल न लगाने, विसर्जन तिथि निर्धारित करने, आगजनी एवं अन्य कानून व्यवस्था की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना/चौकी को अवगत कराने तथा किसी प्रकार की घटना होने पर समिति की जवाबदारी होने के संबंध समझाईश देते हुए समितियों के सभी सदस्यों के नाम एवं मोबाईल नम्बर नोट किये गये।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 07 आरोपियों से 24.6 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वाले 15 आरोपियों के विरूध्द भी वैधानिक कार्यवाही की गई। जुआ खेल रहे 10 आरोपियों के विरूद्ध भी थाना सरगांव द्वारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई।

जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मुंगेली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 07 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना मुंगेली द्वारा बछेरा बाईपास के पास दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी ओमप्रकाश यादव के कब्जे से 3.6 लीटर अवैध देशी शराब, ग्राम रेहूटा में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी रमेश साहू के कब्जे से 4.5 लीटर अवैध देशी शराब, ग्राम खर्राघाट में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी अखिलेश कुमार के कब्जे से 2.8 लीटर अवैध देशी शराब, थाना जरहागांव द्वारा ग्राम भठलीकला में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी अजय कश्यप के कब्जे से 3.2 लीटर अवैध देशी शराब, चौकी साकेत द्वारा ग्राम साकेत में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी विनोद जायसवाल के कब्जे से 3.5 लीटर अवैध देशी शराब, थाना सरगांव द्वारा ग्राम मौहापारा में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी भूपेन्द्र साहू के कब्जे से 2.7 लीटर अवैध देशी शराब एवं ग्राम छिन्हापुर में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी किशनलाल यादव के कब्जे से 4.3 लीटर अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपियों विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने वाले 15 आरोपियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना थाना लालपुर द्वारा 04 आरोपी, थाना पथरिया द्वारा 01 आरोपी, थाना फ्स्टरपुर द्वारा 01 आरोपी, थाना लोरमी द्वारा 04 आरोपी, थाना चिल्फी द्वारा 02 आरोपी, थाना सरगांव द्वारा 01 आरोपी, थाना मुंगेली द्वारा 02 आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार थाना सरगांव अंतर्गत ग्राम किरना में सरगांव पुलिस द्वारा दबिश देकर जुआ खेल रहे 10 आरोपियों के विरूद्ध भी छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। महिला के साथ दुष्कर्म एवं अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी बबलू टंडन को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा। थाना लोरमी में आरोपी के विरूद्ध धारा 376, 377 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

प्रार्थियां ने थाना लोरमी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 सितंबर की रात्रि लगभग 12 बजे वह अपने घर के बरामदे में सो रही थी, उसी समय पड़ोसी बबलू टंडन उसके शरीर के साथ छेड़खानी करने लगा एवं मना करने पर जबरन दुष्कर्म एवं अप्राकृतिक कृत्य किया है तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया है कि रिपोर्ट पर थाना लोरमी में आरोपी के विरूद्ध धारा 376, 377 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी का पता तलाश शुरू किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना पर लोरमी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी बबलू टंडन को 24 घंटे के भीतर ग्राम गोड़खाम्ही, बेड़ापारा, घोरबंधा के खार में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मण्डावी, प्रधान आरक्षक नरेश यादव, दिलीप साहू, आरक्षक अरूण साहू, रवि डाहिरे, नागेश साहू, जितेन्द्र ठाकुर, अश्वनी टंडन की भूमिका रही।

जल जीवन मिशन अंतर्गत सोलर पंप एवं पाईप लाईन विस्तार का अनुमोदन

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम योजना एवं सोलर आधारित योजना के 134 ग्रामों में 13 हजार 619 घरेलू नल कनेक्शन दिये जाने तथा 217 सोलर पंप स्थापना और पाइप लाईन विस्तार के लिए 8669.52 लाख रुपये तथा जल गुणवत्ता की निगरानी एवं सर्पोट मद के अंतर्गत 561.67 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत 374 ग्रामो के लिए निविदा स्वीकृति का भी अनुमोदन किया गया। जिले के गुणवत्ता प्रभावित 45 ग्रामों में रेजिंग बेस्ड फ्लोराइड रिमूवल प्लांट के लिए 5375.65 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी कार्य अप्रारंभ नहीं रहना चाहिए। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण करने के लिए उनके द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एस.एन पांडेय एवं कार्यपालन अभियंता बीएन भोयर सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और क्रिया के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता मौजूद थे।

अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम हेतु होगी निरंतर कार्रवाई

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग से जारी निर्देशानुसार जिले में खनिज रेत सहित समस्त प्रकार के खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जावेगी। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोई भी वाहन या व्यक्ति, खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने में निरंतर संलिप्त रहता है एवं पुनरावृत्ति की दशा में उनके विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा-21 के तहत् प्रकरण सिविल न्यायालय में दर्ज किया जावेगा। जिसमें अधिकतम दण्ड जैसे 05 वर्ष, 2 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड रुपये पांच लाख तथा प्रत्येक दिन के लिए अर्थदण्ड पचास हजार रुपये जुर्माना किया जा सकेगा। कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम एवं निरंतर कार्यवाही किये जाने हेतु टास्क फोर्स दल का गठन किया गया है।

स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष का कार्यक्रम आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शास. अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर के आईक्यूएसी एवं रासेयो प्रभारी द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के मार्गदर्शन में मोटे अनाज की उपयोगिता एवं हिन्दी भाषा दिवस पर सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आयोजित सेमीनार में मुख्य वक्ता डॉ. जीवन सलाम सह प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय कांकेर ने मोटे अनाज के प्रकार फायदे एवं वर्तमान परिवेश में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. सलाम ने बस्तर संभाग में उगाए जाने वाले मोटे अनाज (रागी, कोदो, कुटकी) के

विकसित किस्में पर चर्चा करते हुए, उसके पोषक तत्वों, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम एवं मधुमेह और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों के नियंत्रण में इसके सेवन को लाभकारी बताया। कार्यक्रम के इसी कडी में डॉ. आभा श्रीवास्तव, हिन्दी विभाग ने हिन्दी दिवस पर हिन्दी भाषा के महत्व और इसकी समृध्द विरासत के बारें जागरूक करने पर बात कही। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि हिन्दी भाषा के द्वारा अपनी भावनाओं एवं विचारों का सटीक आदान प्रदान किया जा सकता है। प्राचार्य, डॉ. सरला आत्राम ने इस अवसर पर कहा कि मिलेट में पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा पाई जाती है उनके सेवन अनेक बीमारियो से निजात मिलता है। पहले इनकी खेती होती थी लेकिन अब विलुप्त होने के कगार पर है, इनको संरक्षित करने के लिए लोगों को जागरूक करना चाहिए। डॉ. आत्राम ने मातृभाषा हिन्दी के महत्वता एवं उपयोगिता के बारे में विद्याथियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका जायसवाल सहा प्राध्यापक के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार भारती, खिलेश्वर कोसमा, प्रियंका गवर्ना, दिनेश वर्मा, चित्रसेन राय, सत्यप्रिया जैन सहित अतिथि व्याख्याता एवं महाविद्यालीन स्टॉप एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

चारामा पहुंची कलेक्टर ने बीएलओ के कार्यों को परखा

कांकेर/नवप्रदेश। मतदाता सूची के द्वितीय विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत अथवा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची सें विलोपित करने तथा मतदाता सूची में त्रुटि होने पर उसे संषोधित करने का कार्य सभी बीएलओ द्वारा 11 सितम्बर तक किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज चारामा तहसील के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा मतदाताओं के भरे

गये फॉर्म 06, फॉर्म 07 एवं फॉर्म 08 की जांच किया, साथ ही बीएलओ द्वारा संधारित रजिस्टर का अवलोकन भी किया गया। अच्छा कार्य के लिए बीएलओ को शाबाशी दी गई तथा उन्हें मतदाता परिचय पत्रों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए भी समझाइश दिया।

सत्ता परिवर्तन यात्रा पहुँची कोरिया, बताया घोटालों की सरकार

■ नेता प्रतिपक्ष ने प्रेस वार्ता कर सरकार पर लगाया घोटालों का आरोप

कोरिया/नवप्रदेश। जशपुर से आरंभ भाजपा की परिवर्तन यात्रा मंगलवार को देर रात्रि कोरिया जिला मुख्यालय पहुँचा जहा सूरजपुर जिले की सीमा कुड़ेली से लेकर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर तक परिवर्तन यात्रा का आतिशी स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने नगर पालिका काम्प्लेक्स में आयोजित सभा में कांग्रेस सरकार को घोटालों की सरकार बताते हुए छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि परिवर्तन यात्रा में जनता का स्वस्फूर्त समर्थन इस बात का संकेत है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।देर शाम कोरिया पहुंची यात्रा में शामिल भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार के साथ स्थानीय विधायक के विरुद्ध भी मोर्चा खोला जहा स्थानीय विधायक के ऊपर भी जिले के विकास को लेकर उपेक्षा का आरोप लगाया । कोरिया की सभा में विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि चुनावी घोषणापत्र में झूठे वादे कर प्रदेश की सत्ता में आई कांग्रेस की घोटालेबाज सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने भाजपा ने पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाली है। यह यात्रा लोगों के बीच जाकर कांग्रेस सरकार के घोटालों को उजागर करेगी, ताकि लोग कांग्रेस सरकार की असलियत जान सकें।

वही दूसरे दिन प्रेस वार्ता आयोजित कर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पहली परिवर्तन यात्रा बस्तर से सुरु हुई हैं जो कि 45 विधानसभा में जायेगा वही दूसरी सरगुजा संभाग के जशपुर से सुरु हुई है जो कि 1300 किमी की दूरी तय कर बिलासपुर पहुँचेगा जिसमे 40 विधानसभा में आमजनों तक जाना है। यह परिवर्तन यात्रा 2003 में भी कांग्रेस की सरकार को बदलने सुरु हुई थी अब पुनः सुरु किया गया है । 15 वर्ष तक भाजपा ने यहाँ विकास की उपलब्धि में कई कार्य किये किन्तु वर्तमान सरकार के कार्यकाल में में किसान ज्यादा दुखी हैं क्यो की हर किसान का कर्ज माफ करेंगे जो कहा था माफ नही किया जिन किसानों ने निजी बैंक से कर्जा लिया आज भी वे परेशान हैं , गिरदावरी में भी अन्याय हो रहा ,सरकार अफवाह फैलती हैं कि धान हम लेते हैं किंतु पैसा केंद्र देती हैं केंद्र सरकार से 2100 रुपये दर निर्धारित है फिर भी यह सरकार किसानों को झूठ बोल रही 5 साल में केंद्र से 74 हजार करोड़ धान क्रय के लिए दिया गया राज्य ने केवल 22 करोड़ बोनस के रूप में लगाया है फिर भी पोस्टर व विज्ञापन के माध्यम से झूठ बोल रहे । इस सरकार पर कई घोटाले का आरोप लगा 417 करोड़ का घोटाला महादेव एप में सरेंडर कराया गया जिसका संरक्षण यहां कि सरकार कर रही मुखिया सीडी कांड में बेल में है निज सचिव जेल में हैं ।कानून व्यवस्था बेहद खराब है फिर भी सरकार खामोश है दिन की उजाले में बैंक लूटने की घटना हो जा रहा जिसमे सरकार का ही दोष है । यूपी में घटना होने पर सरकार 50 लाख की घोषणा करती है किंतु राज्य में हो रही घटना में मुख्यमंत्री पीड़ित परिवार से नही मिल पा रहे जब कि राज्य में भूख की पीड़ा से मोत हो रही हैं फिर भी सरकार पीड़ित तक नही पहुँच पा रही नारायण चंदेल ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ बनाया, जहां आज कांग्रेस शोषण, घोटाला और भ्रष्टाचार कर रही है। प्रदेश अपराध का गढ़ बन गया है। दूसरे राज्यों के हिस्ट्रीशीटर यहां आकर अपराध कर रहे हैं।

मनेंद्रगढ़ और भरतपुर विधायक कर रहे अवैध कारोबार

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। इनके 13 मंत्री दिनभर कमीशनखोरी और करप्शन में व्यस्त हैं। इनके विधायक भी अवैध धंधों में लिप्त हैं। जनकपुर में भरतपुर-सोनहत के विधायक रेत खदान का ठेका चला रहे हैं। मनेंद्रगढ़ विधायक अवैध कोयला खदान चला रहे हैं। कांग्रेस का एक विधायक सट्टा ऐप का सरगना है।

आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम पलेवा का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम पलेवा स्थित आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस आश्रम में 100 बालिका शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान बालिकाएं रसोई कक्ष में खाना खा रही थी, कलेक्टर ने उनसे भोजन की गुणवत्ता, सब्जी एवं मीनू के संबंध में पूछताछ किया। पढ़ाई पर विषेष ध्यान देने हेतु बालिकाओं को समझाईष देते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्रम के विभिन्न कक्षों का भी अवलोकन किया तथा साफ-सफाई पर विषेष ध्यान देने के निर्देष भी दिये।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्राथमिक विद्यालय तारसगांव का भी औचक निरीक्षण किया तथा कक्षा तीसरी एवं चौथी के बच्चों से पहाड़ा पूछे, बच्चों द्वारा 13, 17 एवं 19 का पहाड़ा सुनाया गया, जिस पर कलेक्टर बहुत खुष हुई तथा षिक्षकों को बधाई दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चारामा राकेष गोलछा, अतिरिक्त तहसीलदार हर्षलता वर्मा और खण्ड षिक्षा अधिकारी श्री साहू भी मौजूद थे।

शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सुरक्षा योजना से लाभार्थी हो रहे लाभान्वित

■ योजना अंतर्गत अभी तक 8 करोड़ 71 लाख रूपये से अधिक की राशि वितरित

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना लागू की गई है । तेंदूपत्ता संग्रहण में लगे पंजीकृत संग्राहक परिवारों के लिए लागू की गई इस योजना में दुर्घटना और सामान्य मृत्यु के प्रकरणों में शासन द्वारा सहायता राशि दी जाती है। इस योजना से जिले के तेंदूपत्ता संग्राहक भी लाभान्वित हो रहे है। योजना प्रारंभ से अब तक 617 प्रकरणों में 8 करोड़ 71 लाख 85 हजार रूपये वितरित की जा चुकी है। गरियाबंद के 70 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के मुखिया एवं अन्य सदस्यों को तत्परता से लाभ दिलाने के लिए योजना के बारें में ग्रामीणों को लगातार बताया जा रहा है। संग्राहक परिवार के सदस्य में से किसी की मृत्यु होने पर परिजनों से संपर्क कर दावा-प्रकरण सीएससी के माध्यम से प्रस्तुत कराया जा रहा है।

योजना अंतर्गत 18 से 50 वर्ष की आयु के संग्राहक के नामांकित व्यक्ति (उत्तराधिकारी) को 2 लाख रुपए दी जाती है। दुर्घटना से मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये अतिरिक्त रूप से प्रदान की जाती है। दुर्घटना से पूर्ण निःशक्तता की स्थिति में 2 लाख रूपये तथा आंशिक निःशक्तता की स्थिति में 1 लाख रूपये की सहायता अनुदान राशि दुर्घटनाग्रस्त पात्र तेंदूपत्ता संग्राहक को प्रदान की जाती है। इसी प्रकार 50 वर्ष से 59 वर्ष के संग्राहक के नॉमिनी को 30 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान किया गया है । इसी तरह दुर्घटना से मृत्यु व निशक्तता की स्थिति में 75 हजार रूपये, दुर्घटना से पूर्ण निःशक्तता 75 हजार रूपये एवं आंशिक निशक्तता की स्थिति में 37 हजार 500 रूपये की सहायता राशि का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा समूह बीमा योजना 1 अप्रैल 2020 से लागू किया गया है, जिसमे 18 से 60 वर्ष तक तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया को छोड़कर परिवार के अन्य पंजीकृत सदस्य की इस योजना के तहत आकस्मिक मृत्यु होने पर 12 हजार रुपये की दावा राशि प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। योजना अंतर्गत जिले में 443 प्रकरणों में 53 लाख 16 हजार रूपये का सहायता राशि प्रदान किया जा चुका है।

आकांक्षी ब्लॉक फेलो पद की भर्ती के लिए आवेदन 25 तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। मिशन संचालक नीति आयोग अंतर्गत वर्ष 2023-24 में जिले के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और बुनियादी जैसे कार्यो को बढ़ावा दिया जायेगा। इसके लिए आकांक्षी ब्लॉक फेलो के लिए 02 पदों पर भर्ती किया जायेगा। इनमें गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में 1-1 पद शामिल है। इस पद के लिए उम्मीदवारों को छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार 25 सितम्बर शाम 5:30 बजे तक शैक्षणिक योग्यता अनुसार निर्धारित प्रपत्र में जिले के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध लिंक का अवलोकन कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले ऑनलाईन आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह

■ क्षेत्रवासियों के लिए मांगा आशीर्वाद

खैरागढ़/नवप्रदेश। राजमिस्त्री कल्याण संघ परिक्षेत्र खैरागढ़ के विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष व खैरागढ़ विधानसभा भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह शामिल हुए जहाँ सर्वप्रथम विक्रांत सिंह ने विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की एवं समस्त अंचल वासियों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दिए। तत्पश्चात समिति के सदस्यों ने विक्रांत सिंह का पुष्पहार से स्वागत सम्मान किया। विक्रांत सिंह ने समस्त अंचल वासियों को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए केंद्र सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर पीएम मोदी के उत्कृष्ट कार्यों एवं मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास के साथ उनके जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विश्वकर्मा जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजमिस्त्री संघ के द्वारा नगर में भव्य आयोजन कर शोभायात्रा भी निकाला गया। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, विकेश गुप्ता, अजय जैन, विनय देवांगन, कमलेश कोठले, अनुज देवांगन, सूर्यदमन सिंह, गिरवर पटेल, चेतन निषाद, गोरेलाल वर्मा, सीताराम सिन्हा, सहित समस्त राजमिस्त्री संघ के लोग उपस्थित रहे।

पीएम ने दिया महिलाओं को उनका अधिकार : वीरेन्द्र साहू

■ केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में महिला आरक्षण बिल को मिली मंजूरी से महिलाओं में हर्ष

कवर्धा/नवप्रदेश। केन्द्र की सत्ता में आने के बाद से महिलाओं के अधिकार, उनके सम्मान, उनके स्वाभियान और उनकी सुरक्षा के लिए कटीबद्ध देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर महिलाओं के हक में बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बीते सोमवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण से जुड़े बिल को मंजूरी दे दी गई। अब जल्द यह बिल देश की नई संसद में लाया जाएगा और देश की महिलाओं के हक में एक और कानून लागू हो जाएगा। जिसे लेकर पूरे देश की महिलाओं में उत्साह, उमंग और खुशी देखने को मिल रही है। उक्त बातें जनपद पंचायत कवर्धा तथा जिला भाजपा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होने पुरूषों के समान देश की महिलाओं को अधिकार, सम्मान, स्वाभिमान और सुरक्षा देने का काम किया है। उन्होने कहा कि महज नौ सालों के अपने अल्प कार्यकाल में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में महिलाओं के लिए उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर, गांव-गांव जल वाहित पक्का शौचालया निर्माण, घर की मुखिया महिला के नाम प्रधानमंत्री आवास, ट्रिपल तलाक कानून, बालिका शिक्षा, महिला स्व. सहायता समूह जैसी तमाम योजनाओं को लाकर महिला को सशक्त बनाने का काम किया है।

पांच दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी तथा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला की उपस्थिति में आज जिला पंचायत परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा पांच दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किया गया। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम रिसेवाड़ा के भुनेष्वर मरकाम, चारामा विकासखण्ड के ग्राम मयाना निवासी लोमस राम नेवेन्द्र और नरहरपुर विकासखण्ड के देवडोंगर निवासी सुनील कुमार पटेल को बैटरी सायकल तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्राम मनकेसरी के मानसिंह सलाम तथा ग्राम बेवरती के पांचूराम मंडावी को ट्रायसायकल प्रदाय की गई।

खेलों इंडिया वुमेंस लीग प्रतियोगिता में 13 वर्षीय प्रियंका कुड़ियम ने दिखाया अपना जौहर

बीजापुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में 17 सितम्बर को खेलो इंडिया वुमेंस लीग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स एकेड़मी की 13 वर्षीय प्रियंका कुड़ियम ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीजापुर तुमनार की रहने वाली प्रियंका ने 18 साल से ऊपर के खिलाड़ियों को हराकर बीजापुर का नाम रौशन किया जिसे देख द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित श्री जस्वींदर सिंह भाटिया ने प्रियंका कुड़ियम को एक्सीलेंस एथलेटिक्स एकेड़मी बिलासपुर के लिए चयन किया। बिलासपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ी समेत कोच संदीप गुप्ता शामिल थे। खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

आगामी चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर ने किया कार्य विभाजन

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 सफलता पूर्वक सम्पन्न किये जाने हेतु जिला स्तरीय नामजद अधिकारियों को नोडल अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा है, जिसके अंतर्गत फणेश्वर सोम सहायक अधीक्षक सेक्टर/रुट चार्ट हेतु, इसी तरह बलीराम बघेल जिला शिक्षा अधिकारी को मतदान दलों के गठन/ मतदान दलों के रवानगी एवं सकुशल वापसी, निर्वाचन कार्य के विभिन्न गतिविधियों हेतु प्रशिक्षणों, विजयेन्द्र राठौर जिला परियोजना समन्वयक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन को कर्मचारी कल्याण/सुविधा केन्द्र, गीत कुमार सिन्हा उपसंचालक पंचायत को दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु, महावीर प्रसाद टण्डन जिला कोषालय अधिकारी को के EVM/VVPAT सुरक्षा/प्रबंधन हेतु, के.एल. माहौर जिला परिवहन अधिकारी एवं बी.एल. पदमाकर सहायक खाद्य अधिकारी को मतदान दलों के परिवहन हेतु वाहनों/पी.ओ.एल.की व्यवस्था हेतु, के.एस.मसराम सहायक आयुक्त आ. वि. शाखा एवं विजयेन्द्र राठौर जिला परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन को मतदान हेतु उपयोग में लगने वाले फार्म/लिफाफे व अन्य आवश्यक सामग्री (प्राप्ति/ आंकलन/ वितरण), पवन कुमार प्रेमी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं डी.आर.ध्रुव तहसीलदार को कानून एवं व्यवस्था/अनुमति / MODEL CODE OF CONDUCT (आदर्श आचरण संहिता), दिलीप उईके डिप्टी कलेक्टर को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, रंगानाथा रामकृष्णा वाय. वनमण्डलाधिकारी को प्रभारी अधिकारी (प्रेक्षक), उत्तम सिंह पंचारी डिप्टी कलेक्टर एवं लोपेन्द्र महिनाग जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को मतपत्र/डाक मतपत्रों /ETPBS / मतगणना कार्य प्रबंधन, दिनेश नेताम सहायक संचालक को मीडिया प्रमाणन, अनुवीक्षण व पेड न्यूज हेतु, शुभम कुमार जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को (कम्प्यूटरीकरण/ COMMUNICATION PLAN/ PPES /समस्त साफ्टवेयर संबंधी कार्य), यशवंत नाग डिप्टी कलेक्टर को प्रभारी अधिकारी (DEMP), उत्तम सिंह पंचारी डिप्टी कलेक्टर को मतदाता सूची/ मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, रवि कुमार साहू मुख्य कार्यपाल अधिकारी एवं गीत कुमार सिन्हा उपसंचालक पंचायत को स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं के जागरुकता क्रियान्वयन हेतु, चन्द्राकांत गवर्ना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था हेतु, दिलीप उईके डिप्टी कलेक्टर को नाम निर्देशन (नामांकन/ चुनाव चिन्ह/नाम वापसी/संवीक्षा) की जानकारी हेतु, विकास सर्वे डिप्टी कलेक्टर को निर्वाचन के दौरान शिकायतों के निराकरण, प्रितेश अहिरवार सहायक संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी को प्रभारी अधिकारी (नियंत्रण कक्ष), बी.एल.ध्रुव कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं जी.एस.दुर्वासा अनुविभागीय अधिकारी (विद्युत /यांत्रिकी) को लाईट, माईक, शामियाना के प्रबंधन हेतु, गणेश राम कुर्रे जिला खाद्य अधिकारी को मतदान दलों के चौपर (हेलीकाप्टर) से परिवहन हेतु, वेंकटरमन एटला, सहायक परियोजना समन्वयक को प्रभारी अधिकारी (माईक्रोआब्जर्वर), रवि कुमार साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मनीष सोनवानी सहायक परियोजना अधिकारी को प्रभारी अधिकारी (मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग /विडियोग्राफी) एवं पवन कुमार प्रेमी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को मतदान/मतगणना का नोडल अधिकारी /प्रभारी अधिकारी कास दायित्व सौंपा गया है।

महिला बेच रही थी गांजा पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने ग्राम कोदाभाट में गांजा बेचने वाली महिला को डेढ़ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना कांकेर पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कोदाभाट में कमलाबाई नाग नाम की महिला अपने घर के सामने प्लास्टिक बोरी में गांजा रख कर बिक्री कर रही है सूचना की तस्दीक किया गया महिला के घर जाकर दबिश दिया गया महिला की तलाशी में उसके पास से एक बोरी में रखा 1.500 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया आरोपिया कमला बाई नाग पति चिंता नाग उम्र 55 निवासी ग्राम कोदाभाट थाना कांकेर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर कमला बाई नाग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड स्वीकृत करा कर जेल भेजा गया है।

निर्वाचन आयोग के समय-समय पर मिलने वाले निर्देशों का पालन गंभीरता से करें : कलेक्टर

■ विशेष शिविर के माध्यम से 18 वर्ष पूर्ण कर लिए युवाओं का बनाए जायेगा ड्राइविंग लाइसेंस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन का प्रत्येक कार्य अति महत्वपूर्ण होता है। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन कार्य के अपने आप को तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन कार्य को पूरी गंभीरता, सतर्कता और पारदर्शिता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर भेजे जाने वाले दिशा निर्देशों का भी पूरी गंभीरता के साथ अध्ययन कर उनका पालन करें। निर्वाचन संबंधी कार्य को बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न करने के लिए अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है अतः सभी अधिकारी कर्मचारी दी गई जानकारियों को बारीकी से समझे। बैठक में प्रत्येक नोडल अधिकारी को सौंपे गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य में प्रशिक्षण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अतः निर्वाचन कार्य में जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए जिससे उन्हें निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और निर्वाचन कार्य पूर्ण आत्मविश्वास, ईमानदारी एवं पारदर्शी हो सकें। सभी नोडल अधिकारियों की जो जवाबदेही सुनिश्चित की गई है उसका एक्शन प्लान भी निर्धारित प्रारूप में तैयार करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने बैठक में मतदान सामग्री का वितरण एवं प्रबंधन, मतदान के दौरान मतदान कर्मियों सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि के लिए उपयोग में होने वाले वाहनों की व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान के दौरान कानून व्यवस्था, ईवीएम मैनेजमेंट, आदर्श आचरण संहिता का पालन, एमसीएमसी कमेटी का गठन, पेड न्यूज, कम्यूनिकेशन प्लान, इलेक्शन रोल, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतें, मतदाता सूची का पुनरीक्षण, मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, वर्नेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्र पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इसके साथ ही बैठक के दौरान कलेक्टर नंदनवार ने प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास को अतिशीघ्र प्राथमिकता के साथ कराएं और साथ ही कोई हितग्राही प्रधानमंत्री आवास से वंचित ना हो। उन्होंने गिरदावरी, खरीफ विपणन के तहत किसान पंजीयन की प्रगति बारदाने की व्यवस्था, खरीफ विपणन वर्ष के तहत चावल उपार्जन की प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा कर इस दिशा में निर्धारित अवधि तक कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। और जिले के सभी सीएमओ से मौसमी बीमारियों को देखते हुए नगर निकायों की लगातार साफ-सफाई कर मॉनिटरिंग करने को कहा।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु प्रस्तावित विशेष शिविर के माध्यम से 18 वर्ष पूर्ण कर लिए युवाओं का ड्राइविंग लाइसेंस बनाना सुनिश्चित करें।

अंचल में गूंजा जय गणेश जय गणेश देवा

राजिम/नवप्रदेश। मंगलवार 19 सितंबर को विधि विधान के साथ पंडितों के मंत्रोचार एवं लोगों की भीड़ के साथ ही गजानन महाराज आसन पर विराजमान हुए। छोटे-छोटे बच्चों ने भी समितियां बनाकर गणेश पंडाल में मूर्ति स्थापित किए हैं और जय गणेश जय गणेश देवा... के मधुर गीतों के साथ आरतियां की जा रही है वहीं भगवान गणेश को खीरे का प्रसाद बहुत प्रिय है इसलिए मोदक के साथ खीरा भोग लगाया जा रहे हैं। लड्डू का भोग के साथ ही केला इत्यादि फलों की मांग बढ़ गई है जिसके कारण उनकी कीमतों में भी इजफा हुआ है। वर्तमान में केला 60रू. दर्जन, सेब 150रू. किलो बिक रहा है इससे आम उपभोक्ता परेशान हो गए हैं क्योंकि उनको खरीदने में 10 बार सोचना पड़ रहा है। लगातार फलों की कीमतों में भी वृद्धि आम उपभोक्ता के पहुंचे से दूर होते जा रहे हैं। बच्चों के साथ बड़े भी गणेश की भक्ति में लीन है।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

सीतामढ़ी हरचौका में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का सीएम ने किया अनावरण

360 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 सितम्बर को नवगठित मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल सीतामढ़ी हरचौका में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने 156 करोड़ रुपए की लागत से 160 विकास कार्यों का लोकार्पण व 203 करोड़ रुपए की लागत से 165 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। हरचौका में आमनागरिकों और पर्यटकों की सुविधाओं के लिए कैफे़टेरिया का शुभारंभ भी किया। इस दौरान सीएम ने कहा हमने पौने पांच साल में कोरोना जैसे समस्या भी देखे तो अधोसरंचना के कार्य पुल-पुलिया, सड़क, अस्पताल, स्कूल, महाविद्यालय जैसे भवनों का निर्माण भी कराया। बघेल ने कहा एमसीबी जिले में 1240 करोड़ रुपए का विकास कार्य हुआ है, जो कम समय में अपने आप में एक कीर्तिमान है। उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा पिछले कुछ वर्षो से मध्यप्रदेश से बिजली आती थी लेकिन हमारी सरकार आने के बाद मध्यप्रदेश के भरोसे नहीं है। पहुंचविहीन गांवों में बिजली, स्कूल, पीने की पानी, अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़े हैं।

हमने आम जनता का ध्यान रखा। हमने चप्पल, मोबाइल बांटने के बजाय लोगों के जेब में नगद राशि देने पर भरोसा किया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, सुराजी योजना, गोधन न्याय योजना शुरू की ताकि ग्रामीणों, किसानों और आदिवासियों की जिंदगी में बदलाव आए, आर्थिक रूप से सक्षम हो सके। हमने आम लोगो के जेब में 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि डालने का काम किया हैं। हमने शहरी बच्चों की तरह ग्रामीण बच्चे भी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ सके इसके लिए पूरे प्रदेश में करीब 700 स्वामी आत्मानन्द स्कूल खोले हैं ताकि आम लोगो के बच्चे भी अंग्रेजी स्कूल में पढ़-लिख व बोल सके। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने बहुत काम किया है। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना, मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लीनिक, मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना आदि प्रभावी योजनाओं ने प्रदेश को एक खुशहाल प्रदेश के रूप में भी पहचान दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक संस्कृति, परम्परा, आस्था व खानपान, खेलकूद को बढ़ावा दिया है ताकि यहां की रीतिरिवाज और संस्कृति को पहचान मिले और यही वजह ह अब श्रमिक दिवस के दिन छोटे-बड़े अधिकारी भी बोरे बासी खा रहे हैं। आदिवासियों की बेहतरी के लिए अनेक निर्णय लिए। वन अधिकार पट्टा, सामुदायिक वन अधिकार पट्टा बाँटने में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य है। हमने आदिवासी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थान देने का काम किया है। आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया, जिसमे 27 देशों से रायपुर आकर अपनी कला का अदभुत प्रदर्शन किया। दुनिया का एकमात्र कौशल्या मन्दिर का हमने जीर्णोद्धार किया। अभी तक चंदखुरी, शिवरीनारायण, राजिम, रामगढ़, सिहावा, सीतामढ़ी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्रतिमा का अनावरण किया है। बघेल ने कहा कि कोरोना जैसे संकट के समय में भी हमने गांव गांव, घर घर राशन पहुंचाने का काम किया ताकि कोई भूखे पेट न रहे।

सांसद महंत ने सोनिया गांधी से लोस व विस चुनाव को लेकर की चर्चा

पेंड्रा/नवप्रदेश। गणेश चतुर्थी के अवसर पर नये संसद भवन में प्रवेश करते समय कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। इस मुलाकात के अवसर पर दोनों के बीच छत्तीसगढ़ के राजनीतिक हालातों पर बात हुई।

कोरबा लोकसभा में किये जा रहे विकास कार्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत की पत्नि हैं और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने टिकट वितरण के लिए चरणदास महंत को स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। विधानसभा व 2024 लोकसभा के चुनावों में तैयारियों में जुटी भाजपा समेत अन्य दलों की बढ़ती गतिविधियों के बीच ज्योत्सना चरण दास महंत की सोनिया गांधी से मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

साहू महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम की मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ राज्य को मिला था, जिसकी अगुवानी करते हुए छःग प्रदेश साहू संघ के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू व साहू समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं तेलघानी विकास बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्ज़ा) संदीप साहू के नेतृत्व में रायपुर के एयरपोर्ट के समीप स्थित जैनम मानस पैलेस में 16 व 17 सितम्बर को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के देश भर से आए हुए पदाधिकारियों नें बैठक कर समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया वहीं आगामी एजेंडा, कार्य योजनाओं व पांच राज्यों में होने वाले चुनाव को लेकर भी सामाजिक पदाधिकारियों से चर्चा हुई। अधिवेशन में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिरकत की। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह, जेल, लोक निर्माण, कृषि एवं पर्यटन विभाग मंत्री छःग शासन ताम्रध्वज साहू ने की।

भाजपा नेता अगर रामभक्त होते तो कौशल्या मंदिर अवश्य जाते : चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिसवा शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी छत्तीसगढ़ आने वाले बड़े नेता वास्तव में रामभक्त नहीं है। उनकी राम भक्ती सिर्फ वोट तक सीमित है। अगर ये सभी रामभक्त और सनातनी होते तो छत्तीसगढ़ आने पर इन्हें पूरे देश में एकमात्र कौशिल्या मंदिर जिसमें माता कौशल्या नन्हे भगवान राम को गोद में लेकर बैठी है। उनके दर्शन करने जरूर जाते। हमारी सरकार ने राम के वनगमन के चौदह वर्षों के संस्कृति को जिस तरह सहेजा है वैसा काम कहीं नहीं हुआ है और सभी राम भक्तों को यह प्रेरित भी करता है। उक्त बातें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे ने पत्रकारों द्वारा उनके निवास पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहीं।



यदि वे वास्तव में रामभक्त होते तो उन्हें इस बात का ज्ञान होना चाहिए था कि छत्तीसगढ़ का संबंध किस तरह राम से जुड़ा हुआ है और छत्तीसगढ़ की सरकार रामवनगमन के नाम से किस तरह अपनी विरासत को संजो रही है। उन्होंने प्रियंका गांधी और गृहमंत्री की एक ही दिन होने वाली सभा पर तंज करते हुए कहा कि कल पता चल जाएगा कि किस की सभा में कितनी भीड़ थी और उसी से तय हो जाएगा कि कौन ज्यादा लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के अपने पिछले दौरे में भाजपा कार्यालय की कुर्सी पूरी तरह नहीं भर पाई थी। इसलिए प्रियंका गांधी और अमित शाह की सभाओं की तुलना करना गैर जरूरी है। महिला आरक्षण विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी नेता सोनिया गांधी ने जो इस बाबत कहा। हम सारे कांग्रेसी उनके पीछे है।

चुनावी सनसनी के लिए महिला आरक्षण बिल लाया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार के द्वारा पेश महिला आरक्षण बिल एक चुनावी जुमला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस इस बिल की पक्षधर है यह हमारा अपना बिल है। महिला आरक्षण 2024 के चुनाव में लागू हो जाना चाहिये। यह देश की करोड़ों महिलाओं और लड़कियों की उम्मीदों के साथ बड़ा विश्वासघात है। बिल पास होने के बाद भी आरक्षण के लिये इंतजार करना पड़ेगा। मोदी सरकार द्वारा पेश विधेयक में कहा गया है कि महिला आरक्षण अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद की परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा। इस प्रावधान के बाद सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि क्या 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले जनगणना और परिसीमन हो पायेगा? मोदी सरकार ने 2011

के बाद 2021 में होने वाली जनगणना को अभी तक नहीं करवाया है। ऐसे में 2024 के चुनाव के पहले जनगणना होने पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। यह विधेयक मोदी सरकार द्वारा सिर्फ चुनावी सनसनी के लिये लाया गया है। श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार देने की पक्षधर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लाने के लिये प्रधानमंत्री मोदी से बात किया था। कांग्रेस की सरकारों ने समय-समय पर इस हेतु प्रभावी कदम भी उठाया है। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फि र से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए।

सीजी पीएससी भर्ती पर कोर्ट का आदेश 'राज्य सरकार' के गाल पर तमाचा : अरूण साव

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पीएससी परीक्षा परिणाम को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा, जब बीजेपी पीएससी घोटाले को लेकर आंदोलन कर रही थी। तब राज्य सरकार ने नहीं सुनी। पीएससी घोटाले पर न्यायालय के निर्णय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, यह राज्य सरकार के गाल पर एक जोरदार तमाचा है। प्रदेश के युवा और भारतीय जनता पार्टी लगातार इस घोटाले को लेकर आवाज उठा रही थी लेकिन राज्य की भ्रष्टाचारी सरकार ने इस पर जांच के आदेश नहीं दिए। अब न्यायालय के निर्णय के बाद यह सरकार सत्ता में बने रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी है वैसे भी प्रदेश के युवाओं ने इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ने का संकल्प ले रखा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा की संस्था को ही ऐतिहासिक रूप से

पूरे देश में बदनाम कर दिया है। मुख्यमंत्री दलील दे रहे थे, कि इतने बड़े पैमाने पर अधिकारियों और नेताओं के बेटों-बेटियों के डिप्टी कलेक्टर क्या नहीं बन सकते। कहा, यह अनूठा रिजल्ट अभी तक किसी राज्य में नहीं आया है। लेकिन छत्तीगढ़ सरकार ने एक-एक पोस्ट को करोड़ों रुपए में नीलाम कर दिया है। इससे प्रतिभाशाली छात्रों के साथ सबसे बड़ा धोखा हुआ है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के बदले नौकरी के पद बेच रही है। इसका जवाब अब प्रदेश की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में देगी।

केंद्रीय नेताओं का स्वागत करने में खींचतान

रायपुर/नवप्रदेश। चुनावी माहौल गर्म हुआ है और भारतीय जनता पार्टी के भीतर गुटबाजी का बवाल भी । दरअसल केंद्रीय नेता लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं । उनका स्वागत करने की जिम्मेदारी कुछ नेताओं की होती है। अब खींचतान इसे लेकर शुरू हो गई है जिन्हें नेताओं की स्वागत करने की जिम्मेदारी है उन्हें बिना बताए कुछ नेता खुद स्वागत करने पहुंच रहे हैं तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री पवन साय के पास शिकायत पहुंची है । स्वागत समिति के ही नेताओं ने यह शिकायत की है । इस मामले में सबसे अधिक नाराजगी भाजपा कार्यालय के प्रमुख पदाधिकारी के खिलाफ सामने आई है। साय से शिकायत में नेताओं ने कहा है की बड़े नेताओं के आने की जानकारी समय पर नहीं दी जाती , कौन नेता आ रहा है ये नहीं बताया जाता, अचानक कुछ समय पहले कह दिया जाता है एयरपोर्ट चले जाओ। बिना किसी तैयारी के बड़े नेताओं का स्वागत करने जाना पड़ता है । शिकायत करने वालों में स्वागत समिति के नेता शामिल थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक ऐसा पिछले कई दिनों से होता चला रहा है । इस वजह से प्रदेश कार्यालय के नेताओं को लेकर संगठन के दूसरे नेताओं में नाराजगी है और दो गुटों में बड़े नेताओं के स्वागत करने को लेकर खींचतान बढ़ रही है।

कांग्रेस-भाजपा की टिकट की टिकटिकी अटकी, दावेदारों की बढ़ी बेचैनी!

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा की टिकट की टिकटिक अटक गई है। दोनों दलों के नेताओं ने दावा किया था कि सितंबर के पहले सप्ताह तक कांग्रेस की पहली और भाजपा की दूसरी सूची आ जाएगी। लेकिन कांग्रेस में अब तक मंथन का दौर चल रहा है। हर संभाग की सीट के लिए एक बार फिर चुनाव समिति में चर्चा का दौर शुरू होगा। वहीं, भाजपा की सूची में केंद्रीय संगठन का पेंच फं स गया है। प्रदेश संगठन की तरफ से भेजी गई सूची को लेकर केंद्रीय संगठन ने एक बार फि र खोजबीन शुरू की है। बताया जा रहा है कि जी-20, संसद सत्र

और अन्य राजनीतिक गतिविधियों ने टिकट की घोषणा को अटका दिया है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची को लेकर कहा कि टिकट घोषणा में जल्दबाजी नहीं है, जिन्होंने जल्दी सूची निकाली, वहां बगावत के सुर हैं। कांग्रेस कोई जल्दीबाजी नहीं कर रही है। अभी प्रदेश चुनाव समिति के 90 विधानसभा सीट की स्पष्ट राय जब स्क्रीनिंग कमेटी के सामने आएगी, तब स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। अभी तो प्रदेश चुनाव समिति की ही बैठक चल रही है। वहां से स्क्रीनिंग कमेटी में जाएगा, फि र स्क्रीनिंग कमेटी केंद्रीय चुनाव समिति को सूची भेजेगी। उसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति सूची जारी करेगी। जल्दी क्या है, जिन्होंने जल्दी सूची निकाली, वहां बगावत के सुर दिख रहे हैं। इसके बाद उनकी भी सूची नहीं आई।

भाजपा की केंद्रीय टीम ले रही टोह

भाजपा ने पहली सूची में 21 प्रत्याशी की घोषणा की है। इसके बाद की सूची को लेकर भाजपा की केंद्रीय टीम टोह ले रही है। पिछले सप्ताह एक-एक सीट को लेकर स्थानीय स्तर पर पूछताछ की गई। केंद्रीय टीम का फोकस राजधानी सहित बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग की सीट को लेकर है। बताया जा रहा है कि बस्तर की बची सीट की स्क्रीनिंग पूरी हो गई है। अगली सूची में बस्तर के उम्मीदवारों की घोषणा हो जाएगी।

अश्विन का खेलना तय ये धाकड़ खिलाड़ी होगा टीम से बाहर

भारत की सरजमीं पर खेले जाने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का आगाज होने में अब करीब दो सप् ताह का समय शेष है। वर्ल् ड कप के लिए भारतीय टीम स् क वॉड का ऐलान किया जा चुका है। अब खबर आ रही है कि टीम इंडिया वर्ल्ड कप स्क्वॉड में एक बड़ा बदलाव किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया सीरीज के साथ ही रविचंद्रन अश्विन को वर्ल्ड कप टीम में भी शामिल किया जाएगा। पहले ये माना जा रहा था कि अश्विन चोटिल अक्षर पटेल के रिप् लेसमेंट होंगेए लेकिन टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार अक्षर पटेल के फिट होने पर भी अश्विन को टीम में शामिल किया जाएगा। इस स्थिति में कौन टीम से बाहर होगा आइये जानते हैं

दरअसल आईसीसी के नियमानुसार क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में हिस् सा लेने वाले सभी देश 28 सितंबर तक अपनी-अपनी टीम में बदलाव कर सकते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बीसीसीआई इससे पहले भारतीय स् क वॉड में एक बड़ा फेरबदल करने जा रहा है। ऑस् ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल अश्विन और सुंदर में से किसी एक को वर्ल् ड की टीम में शामिल करने को लेकर कंफ्यूजन है। वनडे सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर वर्ल्ड कप स्क्वॉड में बदलाव किया जाएगा। वॉशिंगटन सुंदर की जगह आर अश्विन को दावा अधिक मजबूत नजर आ रहा है। क्योंकि वह टेस् ट क्रिकेट में भारत के नंबर.1 गेंदबाज हैं और टी20 में भी बेहद कसी हुई गेंदबाजी करते हैं। अश्विन जहां अहम मौकों पर विकेट निकालने की क्षमता रखते हैं तो रनों पर लगाम भी लगाते हैं। इतना ही नहीं वह जरूरत के समय बल् लेबाजी भी करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अश्विन का वर्ल्ड कप 2023 में खेलना लगभग पक का है। अगर चोटिल अक्षर पटेल वापसी करने में कामयाब भी रहते हैं तो भी अश्विन को टीम स्क्वॉड में शामिल किया जाएगा। इस स्थिति में तेज गेंदबाज ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर का पत्ता कटना तय है। एशिया कप के बाद खुद कप्तान रोहित शर्मा ने भी अश्विन की एंट्री के संकेत दिए। रोहित ने कहा था कि अश्विन का अनुभव टीम इंडिया के काफी काम आएगा। अश्विन वर्ल्ड कप के लिए टीम प्लान का हिस्सा हैं।

वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

एशियाड में भारत की जीत से शुरुआत

हांगझोउ। भारत ने 19वें एशियन गेम्स में जीत से शुरुआत की है। यहां चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे इन गेम्स में मंगलवार को भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने लीग मुकाबले में कंबोडिया 3-0 से हराया, जबकि ग्रुप-ए के फुटबॉल मुकाबले में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को चीन ने 5-1 से हरा दिया।

वॉलीबॉल- अमित ने दिलाए सबसे ज्यादा अंक- भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने ग्रुप-सी के तीसरे मुकाबले में एकतरफा जीत हासिल की। टीम ने कंबोडिया को पहले गेम में 25-14 के अंतर से हराया। टीम ने पहला गेम 22 मिनट में जीता। इसी प्रकार दूसरा गेम 19 मिनट में 25-13 और तीसरा 19 मिनट में 25-19 से हराया। भारतीय टीम को सबसे ज्यादा अंक जर्सी नंबर-11 अश्वराज ने दिलाए। उन्होंने 17 अंक अर्जित किए, वहीं कंबोडिया से जर्सी नंबर-15 मॉर्गन ने सबसे ज्यादा 9 अंक बटोरे।

फुटबॉल- टीम इंडिया ने पहले हाफ में अच्छी टक्कर दी, दूसरे हाफ में खाए 4 गोल

पुरुष फुटबॉल के ग्रुप-ए के पहले मुकाबले में भारतीय फुटबॉल टीम को करारी हार झेलनी प?ी। भारतीय टीम को मेजबान चीन ने 5-1 के अंतर से हराया। वर्तमान में भारत वर्ल्ड रैंकिंग में 101वें पायदान पर है, जबकि चीन 81वीं रैंक टीम है। लेकिन भारतीय टीम अपने इस मोमेंटम को दूसरे हाफ में बरकरार नहीं रख सकी और मेजबान टीम ने एक के बाद एक चार गोल और ठोंक दिए।

राहुल केपी ने 9 साल बाद एशियाड में गोल दागा

फुटबॉल पहले लीग मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार शुरुआत की। मेजबान टीम को गाओ ताई ने 17वें मिनट में गोलकर 1-0 की ब?त दिलाई, हालांकि भारतीय स्टार राहुल केपी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। यहां हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 की बराबरी पर था। राहुल केपी ने 9 साल बाद एशियन गेम्स में भारत की ओर से गोल दागा, हालांकि दूसरे हाफ में चीन के दाई विजून ने 51वें, ताओ कियांगलोंग ने 72वें और 75वें और फेंग हाओ ने मैच के इंजरी टाइम में गोल दागे।

निशानेबाज निश्चल को रियो विश्व कप में रजत पदक

नयी दिल्ली,। भारत की युवा निशानेबाज निश्चल ने रियो डी जेनेरियो में आईएसएसएफ विश्वकप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में रजत पदक जीता। उन्होंने सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत को उसका दूसरा पदक दिलाया। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका सीनियर स्तर पर पहला विश्वकप था। निश्चल ने फाइनल में 458.0 अंक बनाए और वह नार्वे की स्टार निशानेबाज जेनेट हेग डुएस्टेड के बाद दूसरे स्थान पर रही। डुएस्टेड एयर राइफल में मौजूदा यूरोपीय चैंपियन है तथा उनके नाम पर पांच स्वर्ण पदक सहित आईएसएसएफ विश्वकप में कुल 12 पदक दर्ज हैं। वह तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी। निश्चल ने पूरे दिन भर शानदार प्रदर्शन किया तथा इस बीच महिला 3 पोजीशन के क्वालिफिकेशन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा,'' यह विश्व कप में मेरा पहला फाइनल था और मैं पदक जीतने में सफल रही, इसलिए इस प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं।''

निश्चल ने एलिमिनेशन राउंड में 587 अंक बनाकर क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाई। उनके अलावा पिछला क्वालिफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अंजुम मोदगिल और आयुषी पोदार भी क्वालिफिकेशन राउंड में जगह बनाने में सफल रही। क्वालिफिकेशन में निश्चल ने 542 अंक बनाए, जिनमें प्रोन पोजीशन में बनाए गए 'परफेक्ट' 200 अंक भी शामिल हैं। इस तरह से उन्होंने अंजुम का पिछले साल काहिरा में प्रेसिडेंट कप में बनाए गए।

रोहित, विराट, हार्दिक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो वनडे मैचों से आराम

मुंबई। चयनकर्ताओं ने कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और प्रमुख ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों के लिए आराम दिया, जबकि ऑफ स्पिनर आर. अश्विन को अक्षर पटेल के चोट से उबरने में नाकाम रहने की स्थिति में विश्व कप फ्रेमवर्क में शामिल किया गया है। अश्विन और साथी स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए यह आखिरी सीरीज है। रोहित, विराट और

हार्दिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टीम में वापसी करेंगे। पहले दो वनडे के लिए उनके स्थान पर रुतुराज गायकवाड़, रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया है। केएल राहुल को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया है। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने सोमवार को एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि चयनकर्ताओं ने घायल स्पिनर अक्षर पटेल को अधिक समय देने का भी फैसला किया है, जिन्हें 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। अश्विन और वाशिंगटन सुंदर भी तीसरे मैच की टीम में होंगे।

ओलंपियन पहलवान अंशु मलिक ने फर्जी आपत्तिजनक वीडियो का किया विरोध, एफआईआर दर्ज कराई

नई दिल्ली। सोशल मीडिया का काला पक्ष एक बार फिर सामने आया है। एशियाई चैंपियन होने के अलावा विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली ओलंपियन पहलवान अंशु मलिक को एक फर्जी वीडियो के कारण संकटपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। एक बेहद परेशान करने वाली घटना तब सामने आई, जब अंशु की मॉर्फ्ड तस्वीर का उपयोग करते हुए 30 सेकंड का एक आपत्तिजनक वीडियो नेटिज़न्स के बीच प्रसारित किया गया। इसकी जानकारी होने पर अंशु के पिता धर्मवीर ने तुरंत हरियाणा के जींद के सदर थाने में एफआईआर दर्ज

कराई। अंशु के चाचा संदीप मलिक ने आरोप लगाया कि 22 वर्षीय पहलवान की तस्वीर इंटरनेट से ली गई और उसे मॉर्फ्ड किया गया। उन्होंने कहा, वीडियो एक अलग लड़की और लड़के का है और यह लगभग दो साल पुराना है। वीडियो में दिखाए गए जोड़े अब पति-पत्नी हैं। लड़की हिमाचल प्रदेश की है और लड़का हरियाणा का है। वे स्थानीय स्तर के पहलवान भी हैं। संदीप ने कहा, अंशु की तस्वीर को वीडियो में एक टेम्पलेट के रूप में इस्तेमाल किया गया था। हमने उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, जिसने ऐसा किया है। यह अस्वीकार्य है...अंशु विश्वस्तरीय पहलवान है, फिर भी कोई नकली और बदसूरत तरीकों का उपयोग करके उसका नाम खराब कर रहा है। मुझे यकीन है कि पुलिस जल्द ही मामले को सुलझा लेगी। हमारा पूरा परिवार इस समय सदमे में है।

अंशु इस समय कहां हैं, यह पूछे जाने पर उनके चाचा ने कहा, वह एशियाड ट्रायल के दौरान घायल हो गई और पुनर्वास के लिए चेन्नई चली गई।

जवान ने तोड़ा पठान और गदर 2 का रिकॉर्ड सबसे तेजी से 400 करोड़ का आंकड़ा किया पार

शाहरुख खान स्टारर फिल्म श्जवान्य बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनी हुई है फिल्म अपने ओपनिंग डे से ही शानदार कारोबार कर रही है और अपने नाम कई रिकॉर्ड भी कर रही हैण् जहां फिल्म ने सबसे बड़ी ओपनर का रिकॉर्ड बनाया तो वहीं अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले संडे को फिल्म ने सिंगल डे पर 80 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थीण् हालांकि वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई बावजूद इसके श्जवान्य बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है। रिलीज के 9वें दिन तो फिल्म ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जवान जब से सिनेमाघरों में पहुंची है तब से इसका नशा लोगों के सिर चढ़ा हुआ हैण् शाहरुख खान स्टारर इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में लंबी.लंबी कतारें लगी हुई हैंण् यहां तक की वीकडेज में भी फिल्म ने बंपर कमाई कर इतिहास रच दिया है।

श्वेता तिवारी ने बॉसी लुक में लगाया इंटेंस का तड़का

श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने लगी हैं। अक्सर उनके इंस्टाग्राम पर उनके नए.नए लुक्स देखने को मिल जाते हैं ऐसे में एक्ट्रेस के फॉलोअर्स की लिस्ट भी लगातार लंबी होती जा रही है वहीं श्वेता की भी हर अदा को देखकर ऐसा लगने लगा है कि एक्ट्रेस की उम्र जैसे.जैसे बढ़ती जा रही है वह और ज्यादा जवां होने लगी हैं श्वेता का हर लुक फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा देता है अब फिर से एक्ट्रेस ने अदाएं दिखाते हुए इंस्टाग्राम पर अपने नए लुक की झलक दिखाई है। लेटेस्ट फोटोशूट के लिए श्वेता ने बॉसी लुक में पोज दिए हैंण् इन फोटोज में एक्ट्रेस डार्क ग्रे शेट का ट्राउजर और क्रॉप शर्ट पहने हुए नजर आ रही हैंण् अपने इस लुक को उन्होंने सटल शाइनी बेसए न्यूड ग्लॉसी लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने बालों को ओपन रखकर ही सिंपल हेयर स्टाइल बनाया हैण् वहींए एक्सेसरीज के तौर पर श्वेता कानों में हूप ईयररिंग्स कैरी किए हैं। श्वेता इस लुक में काफी हॉट और अट्रैक्टिव दिख रही हैंण् उन्होंने अपने इस स्टाइलिस बॉसी लुक को भी कैमरे के सामने बहुत खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया हैण् उन्होंने इंटेंस लुक में कई पोज दिए हैंण् अब श्वेता के चाहने वालों के बीच उनका ये स्टाइलिश लुक भी काफी वायरल होने लगा है।

बिजनेस

क्रिप्टो में निवेश के बाद गूगल टेकी को लगा 67 लाख रुपये का जोर का झटका

सैन फ्रांसिस्को। 22 वर्षीय एक गूगल सॉफ्टवेयर इंजीनियर, जिसने किशोरावस्था से पहले अपने माता-पिता की मदद से शेयर बाजार में निवेश करना शुरू किया, ने खुलासा किया है कि क्रिप्टो में निवेश कर उसे लगभग 67 लाख रुपये का चूना लगा है। उसने उधार के पैसे से क्रिप्टोकरेंसी खरीदी थी।

कैलिफ़ोर्निया के एथन न्गुओनली ने कहा कि यह उसकी सबसे बड़ी वित्तीय गलती थी। न्गुओनली ने कहा कि उसे नवंबर 2021 और जून 2022 के बीच क्रिप्टो में 67 लाख रुपये (लगभग 80,000 डॉलर) का नुकसान हुआ। इतना पैसा उसने कैसे खो दिया, टेकी ने कहा कि उसने पहले ही बिटकॉइन और एथेरियम में लगभग 33 लाख रुपये (40,000 डॉलर) का निवेश किया था। इसके अलावा शीबा इनु और डॉगकॉइन में कुछ सौ डॉलर

का निवेश किया था। हालांकि, जैसे ही बिटकॉइन की कीमत गिरी, टेकी ने 12 लाख रुपये (15,000 डॉलर) उधार के पैसे से और खरीदने का फैसला किया। बिटकॉइन की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के कारण कुछ समय के लिए उसकी कीमत लगभग 42 लाख (50,000 डॉलर) हो गई। हालांकि, 2021 के अंत तक क्रिप्टो बाजार में गिरावट आ गई और 2022 की गर्मियों तक, बिटकॉइन की कीमत 70 प्रतिशत से अधिक गिर गई।

न्गुओनली ने कहा, मैं कुछ पैसे के साथ निवेश कर रहा था जो मेरे पास जरूरी नहीं था। एक बार जब क्रिप्टो बाजार उलट गया, तो मेरा घाटा बढ़ गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि 22 वर्षीय टेकी अभी भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करता है, वह अब बिटकॉइन और एथेरियम से जुड़ा हुआ है और कम भरोसेमंद विकल्पों से बचता है। अपनी गलती से उसने जो सबसे बड़ा सबक सीखा वह यह कि केवल अपने पास मौजूद पैसे का ही निवेश करें और बहुत अधिक सट्टेबाजी वाले निवेशों में इसका इस्तेमाल न करें।

एक अक्टूबर से 3प्रतिशत महंगे मिलेंगे टाटा के कमर्शियल व्हीकल

मुंबई। टाटा मोटर्स ने सोमवार (18 सितंबर) को अपने कमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों मे इजाफा करने का ऐलान किया है। बढ़ी हुई कीमतें एक अक्टूबर से लागू होंगी। अगर आप टाटा की कमर्शियल गाड़ी खरीदना चाहते हैं तो आपके पास कम दाम में इन्हें खरीदने का मौका 30 सितंबर तक यानी 12 दिन तक का है। इसके बाद कंपनी की ये गाड़ियां महंगी मिलेंगी। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि कमर्शियल व्हीकल के अलग-अलग मॉडल्स और वैरिएंट्स की कीमतों में एवरेज 3त्न की ब?ोतरी करने का फैसला किया है।

टाटा मोटर्स ने फाइलिंग में कीमतों में बढोतरी करने की वजह भी बताई है। कंपनी ने बताया है कि ओवरऑल इनपुट कॉस्ट यानी कार की मेकिंग कॉस्ट बढने की वजह से कंपनी ने अपने पैसेंजर व्हीकल्स के दाम बढ़ाने का यह फैसला किया है। कंपनी ने अपनी गाड़ियों की कीमतों में इस साल चौथी बार बढ़ोतरी की है।

टियागो-ईवी की कीमत लगभग 20,000 रुपए बढाई

वहीं 10 फरवरी 2023 से टाटा मोटर्स ने अपनी टियागो-श्वङ्क की कीमत लगभग 20,000 रुपए बढा दी थी। 1 अप्रैल से देश में क्चस्6 का दूसरा फेज लागू हो गया है और इसकी वजह से कंपनी की कार की मेकिंग कॉस्ट भी बढ़ गई है। यही वजह है कि कंपनियां अपने व्हीकल्स के दाम बढ़ा रही हैं।

एक लाख एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों को सरकार ने दी सौगात

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंटों और कर्मचारियों के लाभ के लिए कल्याणकारी उपायों की एक श्रृंखला को मंजूरी दे दी है। ये कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और परिवार पेंशन की एक समान दर में संशोधनों से संबंधित हैं।

एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी गई हैं जिसमें एलआईसी एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गयी है। इससे एलआईसी एजेंटों की कामकाज स्थिति और लाभ में पर्याप्त सुधार आएगा। पुन- नियुक्त एजेंटों को नवीकरण कमीशन के लिए पात्र होने में सक्षम बनाया गया है जिससे उन्हें बढ़ी हुई वित्तीय स्थिरता प्रदान की जा सकेगी। वर्तमान में, एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी

के तहत किए गए किसी भी बिजनेस पर नवीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं। एजेंटों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवर को 3,000-10,000 रुपये की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 25,000-1,50,000 रुपये कर दिया गया है। टर्म इंश्योरेंस में यह वृद्धि मृतक एजेंटों के परिवारों के लिए काफी लाभदायक होगी।

जिससे उन्हें अधिक कल्याणकारी लाभ प्राप्त होगा। एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए परिवार पेंशन की 30 प्रतिशत की एक समान दर लागू होगी। इन कल्याणकारी उपायों से उन 13 लाख से अधिक एजेंटों और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी को लाभ होगा।

सभी एक्स यूजर्स को जल्द ही करना होगा भुगतान- मस्क

नई दिल्ली। जल्द ही एक्स यूजर्स को इस सेवा के लिए मासिक भुगतान करना होगा। यह बात एक्स के मालिक एलन मस्क ने कही है। इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ की गई बातचीत में, एक्स के मालिक ने यह विचार रखा कि प्लेटफ़ॉर्म पर बॉट्स की समस्या से निपटने के लिए सोशल नेटवर्क अब एक मुफ़्त साइट नहीं रह सकता है। मस्क ने बीती देर रात कहा, यही एकमात्र तरीका है, जिससे मैं बॉट्स का मुकाबला कर सकता हूं। अरबपति ने कहा, क्योंकि एक बॉट की लागत एक पैसे का एक अंश होती है, इसे एक पैसे का दसवां हिस्सा कहें, लेकिन भले ही इसके लिए कुछ डॉलर या कुछ और भुगतान करना पड़े, बॉट की प्रभावी लागत बहुत अधिक है। गौरतलब है कि एक्स पर सभी से शुल्क वसूलने का विचार नया नहीं है, पिछले साल भी मस्क ने ऐसा कहा था। कंपनी वर्तमान में अपने एक्स प्रीमियम उपयोगकर्ताओं से प्रति माह 8 डॉलर का शुल्क लेती है।

जियो फाइनेंशियल एक विघटनकारी शक्ति के रूप में उभरेगी

नई दिल्ली। एलारा कैपिटल ने एक शोध में कहा कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज वित्तीय क्षेत्र में एक विघटनकारी शक्ति के रूप में उभरेगी, लेकिन बड़े पैमाने पर निर्माण में समय लगेगा।

गौरतलब है कि जियो फाइनेंशियल फिनटेक और नए जमाने के व्यवसाय के निर्माण, संचालन में एक वित्तीय पावरहाउस है। जियो फाइनेंशियल एनबीएफसी-सीआईसी में तब्दील हो जाएगा और, यह एक होल्डिंग कंपनी होगी, जो अपनी उपभोक्ता-सामना वाली सहायक कंपनियों के माध्यम से वित्तीय सेवा व्यवसाय संचालित करती है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हम इसे फिनटेक और नए युग की तरह काम करते हुए देखते हैं। यह अधिग्रहण, जुड़ाव और मुद्रीकरण के सिद्धांत पर काम करेगा। विशाल डेटा और व्यापक वितरण इस क्षमता को बढ़ाते हैं। गो-टू-मार्केट बिजनेस मॉडल की सफलता फ्लाईव्हील प्रभाव पर निर्भर है। और, जियो फाइनेंशियल समूह की ताकत 18,000 से अधिक खुदरा स्टोर, 50 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता, और इसके दूरसंचार व्यवसाय के 400 मिलियन से अधिक ग्राहक का लाभ उठा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, एक मजबूत पूंजी आधार, मजबूत प्रमोटर (क्रेडिट रेटिंग में फीडिंग), फुर्तीला तकनीकी वास्तुकला और एक अनुभवी टीम के साथ एक दूरदर्शी नेता (गठन चल रहा है) जियो फाइनेंशियल को एक अच्छा लॉन्चपैड प्रदान करता है। जबकि जियो फाइनेंशियल में एक शक्तिशाली विघटनकारी होने की क्षमता है। हमारे विचार में, मनी इन बनाम मनी आउट व्यवसाय की कार्यप्रणाली अलग है। उधार देने (लीवरेज) व्यवसाय का अपना सीखने का चरण होता है, और फर्म भी इससे अलग नहीं होगी।

महिला समृद्धि सम्मेलन

21 सितम्बर, 2023 | जयंती स्टेडियम, भिलाई

बराबरी और भागीदारी
महिला सशक्तीकरण की निभाई जिम्मेदारी

- महिला स्व-सहायता समूहों का 12.77 करोड़ रु का ऋण माफ
- महिला उद्यमियों को व्यापार/उद्यम हेतु 10-50 लाख रु तक की आर्थिक सहायता व अन्य विशेष अनुदान
- राज्य महिला आयोग मद में 5 गुना वृद्धि
- जिला खनिज न्यास मद (DMF) के नीति निर्माण में महिलाओं को ग्राम सभाओं में 50% आरक्षण
- बिहान के अंतर्गत 20 लाख आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 1.85 लाख महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया

लैंगिक समानता में देश का अग्रणी राज्य
(एसडीजी सूचकांक 2020-21, नीति आयोग)

देश में महिला-पुरुष लिंगानुपात में अव्वल

संवाद – 38565



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in